01:Page 4.qxd 5/16/2025 9:10 PM Page 1

संस्करण ▸ नई दिल्ली ▸ पानीपत (हरियाणा) ▸ चण्डीगढ़ ▸ लखनऊ (उत्तर प्रदेश) ▸ भोपाल (मध्य प्रदेश) ▸ हल्द्वानी नैनीताल ▸ देहरादून (उत्तराखण्ड) से एक साथ प्रकाशित ... www.publicasia.in

वर्ष : 12
अंक : 282
पृष्ठ : 12
लखनऊ (उत्तर प्रदेश), शनिवार
17 मई 2025,
मूल्य : 3 रूपये

पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें...

# पब्लिक एशिया

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia @publicasialive RNI No. : UPHIN/2013/52076



**मुख्य अपडेट**

9-10 मई के पाकिस्तानी हमले को आकाशतीर ने नाकाम किया, स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम है, तीनों सेनाओं के पास मौजूद...

ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को ब्रीफ करेंगे भारतीय सांसद, अमेरिका, UK, दक्षिण अफ्रीका, कतर और UAE जाएंगे...

हरियाणा सरकार पुंडरी में 53 एकड़ सरकारी भूमि पर प्राकृतिक खेती के पायलट प्रोजेक्ट की करेगी शुरुआत...

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं, यह सिर्फ ट्रेलर : राजनाथ

**समय आने पर दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर; भुज में जवानों का बढ़ाया हौसला**





(एजेंसी)।

**अहमदाबाद।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आएगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे।

जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा- ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया।

इससे पहले गुरुवार को राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था।

### भुज ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी...

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आपका अभिनंदन करने आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में आपने करिश्माई काम किया है। भारत का मस्तक आपने ऊंचा किया है। हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। आप सबके बीच आकर मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है।

भुज 65 और 71 की जंग में हमारी जीत का साक्षी रहा है और आज भी यह ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी है।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के माथे पर खतरे की लाल लकीर...

राजनाथ ने कहा- आपके पराक्रम ने दिखा दिया है कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं शौर्य का प्रतीक है। यह वह सिंदूर है जो सौंदर्य नहीं, संकल्प का प्रतीक है। यह सिंदूर खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। इस लड़ाई में सरकार और सभी नागरिक एकजुट थे। भारत का हर नागरिक इसमें सिपाही की तरह भागीदार रहा।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, अब नेशनल डिफेंस का हिस्सा..

राजनाथ ने कहा- अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मसला नहीं, बल्कि ये नेशनल डिफेंस का हिस्सा बन चुकी है। हम इसे जड़ से खत्म करेंगे। अब भारत पहले का भारत नहीं है, नए भारत का जन्म हो चुका है।

### भारतीय सेना के लिए 23 मिनट काफी थे...

राजनाथ ने कहा- इस ऑपरेशन में आपने जो किया है, सभी हिंदुस्तानी उससे गौरवान्वित हैं। भारतीय सेना के लिए 23 मिनट काफी थे पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकवाद के अजगर को कुचलने के लिए। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी करते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया।

### पाकिस्तान में गिरी मिसाइलों की गूंज पूरी दुनिया ने सुनी...

राजनाथ ने कहा- आपने पाकिस्तान के भीतर मिसाइलें गिराई हैं, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। वह गूंज आपके शौर्य की, जवानों के पराक्रम की। भारतीय वायुसेना ने प्रभावी भूमिका निभाई, जिसकी सराहना दुनिया के दूसरे देशों में भी हो रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर अब एमपी के डिप्टी-सीएम का विवादित बयान

**बोले-सेना प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक, कांग्रेस ने कहा- ये सेना के शौर्य का अपमान**

(एजेंसी)।

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बाद अब डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित बयान दिया है। देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में कहा, प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है।

वे यहां सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया। वहीं, बीजेपी ने कहा है कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है।

विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम ने सफाई दी। कहा, 'मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है।' इससे पहले मंत्री शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान दिया था। एमपी हाईकोर्ट ने पुलिस को FIR दर्ज का आदेश दिया। मंत्री इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। इस पर सुनवाई सोमवार को होगी।

### डिप्टी सीएम देवड़ा का पूरा बयान पढ़ लीजिए...

डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा, 'मन में बहुत क्रोध था। लोग पर्यटक के रूप में घूमने गए थे। वहां धर्म पूछ-पूछकर और महिलाओं को एक तरफ खड़ा करके उनके सामने पति को गोली मारी। बच्चों के सामने गोली मारी। उस दिन से दिमाग में बहुत तनाव था।



जब तक इसका बदला नहीं लिया जाएगा और जिन माताओं के सिंदूर को मिटाने का काम जिन आतंकवादियों ने किया और आतंकवादियों को जिन्होंने पाला, जो पाल रहे हैं उनको नेस्तनाबूद नहीं कर देंगे, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे।

प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे।...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। उनके चरणों में पूरा देश नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, जितना कहा जाए, एक बार उनके लिए जोरदार तालियां बजाकर स्वागत करिए।

### सफाई- मेरा बयान तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे...

जगदीश देवड़ा ने सफाई देते हुए कहा कि कांग्रेस मेरे बयान को बिल्कुल गलत तरीके से प्रस्तुत कर रही है। मीडिया में मेरा बयान तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। मैंने ये कहा कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो काम किया है, उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। देश की जनता भारत की सेना के चरणों में नतमस्तक है। उनका प्रणाम करते हैं, उनका सम्मान करते हैं। जितना कहा जाए उतना कम है सेना के बारे में। ये शब्द मैंने कहे हैं। उसे तोड़ मरोड़ कर गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं। जो लोग ऐसा षड़यंत्र कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### प्रियंका ने कहा, ये सेना का अपमान...

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है, 'भाजपा के नेताओं की ओर से लगातार हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है।'

# सरकार ने तुर्किये की कंपनी की सुरक्षा मंजूरी कैंसिल की, सेलेबी ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई

(एजेंसी)।

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद 'बायकॉट तुर्किये' की मांग के बीच भारत सरकार ने सेलेबी (Celebi) एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है।

ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) के आदेश के मुताबिक यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। तुर्किये की यह कंपनी अब भारतीय एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग के काम नहीं कर पाएगी। हालांकि फैसले के खिलाफ सेलेबी ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया, तुर्किये की सेलेबी ग्रुप का हिस्सा है। यह मुंबई, दिल्ली, कोच्चि, कन्नूर,



बेंगलुरु, हैदराबाद, गोवा, अहमदाबाद व चेन्नई जैसे 9 प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर सेवाएं देती थी।

इधर, अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने चीनी कंपनी ड्रैगनपास के साथ करार समाप्त कर दिया है। इस प्लेटफॉर्म पर एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस सेवाएं दी जाती थीं।

कंपनी के प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि ड्रैगनपास के ग्राहकों को अब अडाणी की ओर से प्रबंधित एयरपोर्ट पर लाउंज तक पहुंच नहीं मिलेगी।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की मदद करने को लेकर भारत में इस समय अजरबैजान, चीन और तुर्किये की कंपनी ओर सामानों का विरोध हो रहा है।

### Celebi ने कहा- हम भारत में 10 हजार लोगों को रोजगार देते हैं...

Celebi भारत में 15 साल से भी ज्यादा समय से एक्टिव है। कंपनी का कहना है कि वे प्राइवेट ग्राउंड हैंडलिंग क्षेत्र में टॉप लीडर हैं। हम 10,000 से अधिक भारतीयों को सीधे तौर पर रोजगार देते हैं। हमने 220 मिलियन अमेरीकी डॉलर से ज्यादा निवेश किया है। सेलेबी की स्थापना 1958 में हुई थी। ये कंपनी विमानन सेवाओं में टॉप लीडर है। जो ग्राउंड हैंडलिंग, कार्गो और वेयरहाउस मैनेज करती है।

# डिजिटल और वित्तीय रूप से सशक्त होंगी बेटियां, योगी सरकार बनाएगी आत्मनिर्भर

**बेटियों को डिजिटल युग के अनुरूप तैयार करेगी योगी सरकार**

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।



**लखनऊ।** योगी सरकार ने एक बार फिर बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की 80 हजार छात्राओं को अब वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कुशलता का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण यूनिसेफ के सहयोग से ऑनलाइन 'पासपोर्ट टू अर्निंग (P2E) प्लेटफॉर्म पर निःशुल्क उपलब्ध होगा, जहाँ छात्राएं प्रमाण-पत्र अर्जित कर सकेंगी।

नई शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप यह पहल न केवल बेटियों को व्यवहारिक शिक्षा से जोड़ेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाएगी। बेटियां अब 21वीं सदी के अनिवार्य कौशल जैसे डिजिटल साक्षरता और वित्तीय निर्णय क्षमता में दक्ष होंगी।

### प्रशिक्षण से बेटियां होंगी इन क्षेत्रों में दक्ष...

वित्तीय निर्णय लेना, बचत और निवेश की समझ

ऋण प्रबंधन व वित्तीय अनियमितताओं की पहचान

एक्सेल व पावरपॉइंट जैसे डिजिटल उपकरणों का प्रयोग

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रमाण-पत्र अर्जन की प्रक्रिया

### 746 केजीबीवी में चरणबद्ध रूप से होगा कार्यक्रम लागू...

इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को चरणबद्ध ढंग से लागू किया जाएगा। सर्वप्रथम 20 मई तक प्रत्येक विद्यालय से एक नोडल शिक्षक/शिक्षिका का चयन किया जाएगा, जिसके बाद 24-25 मई के मध्य उनका ऑनलाइन उन्मुखीकरण आयोजित किया जाएगा। 25 जून तक नोडल शिक्षक स्वयं प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षण पूरा करेंगे और 25 जुलाई तक सभी बालिकाओं का लॉगिन तैयार किया जाएगा। इसके उपरांत छात्राएँ 10 सितम्बर तक वित्तीय साक्षरता कोर्स पूर्ण कर प्रमाण-पत्र प्राप्त करेंगी और 15 सितम्बर तक उसकी समेकित रिपोर्ट तैयार की जाएगी। फिर 30 अक्टूबर तक डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण पूर्ण किया जाएगा तथा 10 नवम्बर 2025 तक इसकी समेकित रिपोर्ट तैयार कर समीक्षा की जाएगी। प्रत्येक चरण में यूनिसेफ एवं समग्र शिक्षा की तकनीकी सहायता प्राप्त होगी और जिला समन्वयक तथा वार्डेन कार्यक्रम की नियमित निगरानी करेंगे।

# रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ बढ़ाने का प्रस्ताव, आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस

**पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम**

(एजेंसी)।

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपए बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलमेंट पर भी खर्च किया जाएगा।




बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया था।

इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5% ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपए दिए थे। PM मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे।

बॉर्डर पार किए बिना भारत ने पाकिस्तान में 9 आतंकी कैंप्स नष्ट किए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। इस बीच रक्षा बजट में बढ़ोतरी को लेकर रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को अहम माना जा रहा है। पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) में हमला किया था।

इस दौरान भारत ने अपने एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम की बदौलत बॉर्डर पार किए बिना पाकिस्तान के भीतर जाकर नौ आतंकवादी कैंपों को नष्ट कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान ने भी हमला किया, लेकिन भारत की मल्टी लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम ने लगभग हर पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन को बेअसर कर दिया।

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रूस की एस-400, बराक-8 मीडियम रेंज SAM सिस्टम और स्वदेशी आकाशतीर सिस्टम को तैनात किया था। इसके अलावा पिकोरा, OSAAK और LLAD गन (लो-लेवल एयर डिफेंस गन) के जरिए भी पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन हमले नाकाम किए। भारत का सैन्य खर्च पाकिस्तान से 9 गुना ज्यादा स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में दुनिया के पांचवे सबसे बड़े देश भारत का सैन्य खर्च 1.6% बढ़कर 86.1 बिलियन डॉलर (7.19 लाख करोड़) हो गया है। वहीं, पहलगाम हमले के बाद से न्यूक्लियर मिसाइल दागने की धमकी दे रहे पाकिस्तान का सैन्य खर्च 10.2 बिलियन डॉलर यानी करीब 85,170 करोड़ रहा।

## विजय शाह केस-सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 19 मई को, प्रियंका गांधी बोलीं-अपने नेताओं को बचा रही बीजेपी

**भोपाल/दिल्ली।** मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 19 मई तक स्थगित कर दी है। शाह ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया था।

वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने X पर लिखा- पहले मध्यप्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। बीजेपी अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। वह ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है?

उधर, मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्यपाल से मिला। ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इसके बाद कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए। बाद में उन्हें पुलिस ने जबरन उठाया और गिरफ्तार करके ले गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।


# अफगानिस्तान के साथ भारत के नए कूटनीतिक संबंधों का आगाज

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की। इस दौरान जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए अफगानिस्तान के प्रति आभार व्यक्त किया। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अफगानिस्तान के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर विचार साझा किए।

अफगानिस्तान ने हाल ही में पाकिस्तान के उन आरोपों को





खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान को टारगेट किया। जयशंकर ने इस बात के लिए भी अफगान सरकार का शुक्रिया किया।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कार्यवाहक अफगान विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी के साथ अच्छी बातचीत हुई। पहलगाम आतंकी हमले की उनकी निंदा की मैं तहे दिल से सराहना करता हूं। झूठी और निराधार रिपोर्टों के ज़रिए भारत और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास पैदा करने के हाल के प्रयासों को उनकी दृढ़ अस्वीकृति का स्वागत किया। अफगान लोगों के साथ हमारी पारंपरिक मित्रता और उनकी विकास आवश्यकताओं के लिए निरंतर समर्थन को रेखांकित किया। सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की।

भारत ने पहली बार तालिबान सरकार से मंत्री स्तर पर संपर्क किया है, जिसे अफगानिस्तान के साथ भारत के नए कूटनीतिक संबंधों के आगाज के तौर पर देखा जा रहा है। तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करने के बाद भारत और तालिबान सरकार के बीच बातचीत की शुरुआत जनवरी 2025 में हुई थी, जब विदेश सचिव विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बैठक हुई थी। तब अफगान विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के लोगों से जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की थी।

इसके बाद विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने 28 अप्रैल को तालिबान के कार्यवाहक विदेश मंत्री से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने एवं व्यापार और पारगमन सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। तब भारतीय राजनयिक ने अफगानिस्तान को विभिन्न क्षेत्रों में सहायता जारी रखने की भारत की मंशा दोहराई और पहले से रुकी हुई पहलों को फिर से शुरू करने समेत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करने में भारत की रुचि से अवगत कराया था।

संपादकीय

## भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अफगानिस्तान का रुख

भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव और संघर्षों ने न केवल दक्षिण एशिया की स्थिरता को प्रभावित किया है, बल्कि पड़ोसी देशों की विदेश नीति और कूटनीतिक रणनीतियों पर भी गहरा प्रभाव डाला है। अफगानिस्तान, जो कि भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंध रखता है, इस संघर्ष में एक दिलचस्प और संतुलित रुख अपनाने की कोशिश करता रहा है।



स्वाति वर्मा
संपादक, लखनऊ

**अफगानिस्तान का ऐतिहासिक दृष्टिकोण**

अफगानिस्तान का भारत के साथ ऐतिहासिक संबंध सकारात्मक और सहयोगात्मक रहे हैं। भारत ने अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण में बड़ा योगदान दिया है, विशेषकर 2001 के बाद। शिक्षा, अवसंरचना, स्वास्थ्य और प्रशासनिक विकास में भारत की सहायता ने अफगान जनता के बीच भारत के प्रति एक सकारात्मक छवि बनाई है।वहीं पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक रूप से जटिल और तनावपूर्ण रहे हैं। विशेष रूप से, अफगानिस्तान ने डूरंड रेखा को कभी आधिकारिक सीमा के रूप में स्वीकार नहीं किया है, जो पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच लंबे समय से विवाद का विषय रहा है। इसके अलावा, अफगान नेतृत्व अक्सर पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाता रहा है।

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अफगान रुख

**तटस्थता और संतुलन**

अफगानिस्तान आम तौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी संघर्ष में तटस्थता बनाए रखने की कोशिश करता है। अफगान सरकार यह स्पष्ट करती रही है कि वह किसी भी क्षेत्रीय तनाव का हिस्सा नहीं बनना चाहती, लेकिन क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के पक्ष में है।

**आतंकवाद का विरोध**

अफगानिस्तान हमेशा आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाता रहा है। जब भी भारत में आतंकी हमले होते हैं, जिनके पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी समूहों का नाम आता है, तो अफगान नेताओं ने अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के स्रोतों की निंदा की है, जिससे भारत को नैतिक समर्थन मिलता है।

**भारत-अफगान सहयोग**

भारत और अफगानिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंध गहरे हैं, खासकर आर्थिक और सुरक्षा सहयोग के क्षेत्र में। इससे यह साफ होता है कि अफगानिस्तान भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता देता है, विशेषकर तब जब उसे अपने पुनर्निर्माण और स्थायित्व के लिए बाहरी सहयोग की जरूरत होती है।

**तालिबान शासन के बाद परिवर्तन**

अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान की विदेश नीति में कुछ हद तक बदलाव देखा गया है। तालिबान ने भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिश की है, लेकिन वह पाकिस्तान के प्रभाव से पूरी तरह अलग नहीं हो पाया है। फिर भी, तालिबान ने सार्वजनिक रूप से भारत के खिलाफ कोई कठोर बयानबाजी नहीं की है, जिससे यह संकेत मिलता है कि वे भारत-पाक संघर्ष से दूर रहना चाहते हैं।

### भारत-अफगानिस्तान के व्यापारिक रिश्ते

भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापारिक संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक आधारों पर आधारित हैं। दोनों देशों के रिश्ते न केवल सरकारों के बीच हैं, बल्कि जनता से जनता तक गहरी मित्रता और सहयोग की भावना भी इनमें शामिल है। अफगानिस्तान भारत के लिए मध्य एशिया और ईरान के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करता है, जबकि भारत अफगानिस्तान के लिए एक विश्वसनीय साझेदार और निवेशक रहा है।भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापार का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा है, जब सिल्क रूट (रेशम मार्ग) के माध्यम से वस्त्र, मसाले, सूखे मेवे और अन्य सामानों का आदान-प्रदान होता था। आधुनिक समय में, विशेष रूप से 2001 के बाद तालिबान शासन के पतन के बाद, भारत ने अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण और आर्थिक विकास में बड़ी भूमिका निभाई है। भारत और अफगानिस्तान के व्यापारिक रिश्ते केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय आधारों पर टिके हुए हैं। यह संबंध भविष्य में और अधिक प्रगाढ़ हो सकते हैं, बशर्ते क्षेत्रीय स्थिरता और कूटनीतिक सहयोग को प्राथमिकता दी जाए।

**व्यापारिक चुनौतियाँ**

1. **भौगोलिक अवरोध**
भारत और अफगानिस्तान की सीमाएँ सीधे नहीं जुड़ी हैं, क्योंकि पाकिस्तान बीच में है। पाकिस्तान के कारण व्यापार मार्गों में बाधा आती है, जिससे अफगान वस्तुएँ भारत तक सुगमता से नहीं पहुँच पातीं।
2. **चाबहार पोर्ट का विकल्प**
पाकिस्तान द्वारा भूमि मार्ग अवरुद्ध करने की स्थिति में भारत ने ईरान के चाबहार बंदरगाह का विकास किया है, जो अफगानिस्तान तक पहुँचने का वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है।
3. **राजनीतिक अस्थिरता**
तालिबान शासन के बाद भारत-अफगान व्यापार में अनिश्चितता आई है। हालांकि भारत ने हाल ही में मानवीय सहायता फिर से शुरू की है, लेकिन व्यापारिक स्तर पर पुराना विश्वास और ढाँचा फिर से बनना अभी बाकी है।

### दिल्ली को तालिबान को क्यों साधना पड़ा?

अफगानिस्तान में भारत की 3 अरब डॉलर से ज्यादा की परियोजनाओं को सुरक्षित रखना।

सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए - जैसे अफगानिस्तान से संचालित हो सकने वाले आतंकी समूहों का खतरा।

क्षेत्र में अपनी रणनीतिक उपस्थिति बनाए रखना, विशेषकर चीन और पाकिस्तान के बढ़ते प्रभाव के बीच।

अफगान जनता के साथ अपने ऐतिहासिक संबंध बनाए रखना।

**वर्तमान स्थिति और भविष्य**

तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत और अफगानिस्तान के व्यापारिक संबंधों में अस्थायी ठहराव आया, लेकिन मानवीय सहायता और सीमित व्यापारिक आदान-प्रदान जारी है।

भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अफगानिस्तान का रुख ऐतिहासिक अनुभवों, कूटनीतिक संतुलन और राष्ट्रीय हितों के आधार पर निर्धारित होता है। अफगानिस्तान यह समझता है कि क्षेत्रीय शांति उसके विकास और स्थिरता के लिए आवश्यक है, इसलिए वह किसी भी संघर्ष से दूरी बनाकर, शांति और सहयोग की नीति अपनाने की कोशिश करता है।वहीं दिल्ली ने तालिबान को सीधे मान्यता दिए बिना, संवाद और मानवीय सहायता के माध्यम से एक संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनाई है। भारत ने यह समझदारी दिखाई कि बदलते भू-राजनीतिक हालात में संवाद और कूटनीति से ही दीर्घकालीन हित साधे जा सकते हैं। तालिबान को साधना आसान नहीं था, लेकिन दिल्ली ने अपनी 'स्मार्ट डिप्लोमेसी' से यह दिखा दिया कि वह हर परिस्थिति में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

# अहसान फरामोश तुर्की का हर भारतीय करेगा बायकाट!



मनोज कुमार अग्रवाल

भारत और तुर्की के बीच वर्षों से चल रहे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अब खात्मे की ओर चल पड़े हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद केंद्र सरकार ने तुर्की की कंपनियों से जुड़े सभी समझौते और परियोजनाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। भारत में निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग, एविएशन, मेट्रो रेल और आईटी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय तुर्की की कंपनियों की भूमिका को दोबारा परखा जा रहा है। यह कदम तुर्की के कश्मीर मुद्दे पर बार-बार टिप्पणी और पाकिस्तान के साथ उसकी बढ़ती निकटता के मद्देनजर उठाया गया है।

हाल ही में भारत सरकार के आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और तुर्की ने किस तरह पाकिस्तान का साथ दिया, इससे समूचा भारतीय समाज उद्वेलित हुआ है क्योंकि 14 वीं शताब्दी से भारत और तुर्की के बीच दोस्ताना ताल्लुकात रहे हैं तुर्की में भूकंप की आपदा के समय भारत ने सबसे आगे बढ़ कर तुर्की की सहायता की लेकिन तुर्की हद दर्जे का बेईमान और अहसान फरामोश निकला। आपरेशन सिंदूर के जबाव में तुर्की और चीन निर्मित ड्रोनों का भरपूर इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए किया लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन सभी ड्रोनों और मिसाइलों की हवा निकाल दी। अभी भी पाकिस्तान द्वारा दागी गई चीनी और तुर्की के मिसाइलों और ड्रोनों के नष्ट टुकड़े भारत में मौजूद हैं।दावा यह भी है कि तुर्की के प्रशिक्षित लोगों ने पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए भारत पर हमला किया और दो तुर्की भारत की कार्रवाई मे मारे भी गए। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया है लेकिन चीन और तुर्की के अलावा एक और देश अजरबैजान का चेहरा बेनकाब हो गया है, जिसने मजहबी भाईजान बनकर पाकिस्तान का समर्थन किया था।इन देशों की अर्थव्यवस्था में भारत का बड़ा योगदान है। चीन जहां भारत में अपने सस्ते माल बेचकर बड़ी कमाई करता है, वहीं तुर्की और अजरबैजान भारतीय पर्यटकों से गाढ़ी कमाई करता है। यानी ये देश कमाई भारत से करते हैं लेकिन उसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ कर रहे हैं। ऐसे में भारतीयों ने अब इनका विरोध करना शुरू कर दिया है।

व्यापारियों के संगठन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स(कैट) ने भी भारतीय व्यापारियों और नागरिकों से मौजूदा शत्रुता के बीच पाकिस्तान का खुला समर्थन करने के जवाब में तुर्की और अजरबैजान की यात्रा का पूरी तरह से बहिष्कार करने का आह्वान किया है। पाकिस्तान का साथ देना तुर्की को भारी पड़ता नजर आ रहा है. भारत में बायकॉट तुर्किए की मुहिम तेज हो गई है और इसका असर भी दिखने लगा है. एक ओर जहां व्यापारियों ने तुर्की सेव का बहिष्कार शुरू किया है, तो ट्रैवल प्लेटफॉर्मों ने तुर्की, अजरबैजान की यात्रा न करने की अपील की है.वहीं भारत की प्रतिष्ठित जेएनयू विवि ने भी तुर्की के साथ शैक्षिक सहयोग बंद करने का फैसला किया है।

2024 में 300000 पर्यटक अकेले भारत से 2024 तुर्की



में करीब 62.2 मिलियन विदेशी पर्यटक आए, जिनमें से करीब 300,000 पर्यटक अकेले भारत से आए। यह 2023 की तुलना में भारतीय पर्यटकों में 20.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। व्यापारिक निकाय ने कहा कि तुर्की का कुल पर्यटन राजस्व 61.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें प्रत्येक भारतीय पर्यटक औसतन 972 अमेरिकी डॉलर खर्च करता है, जो कुल अनुमानित भारतीय व्यय 291.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।

अगर भारतीय पर्यटक तुर्की का बहिष्कार करते हैं, तो देश को लगभग 291.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष नुकसान हो सकता है। इसके अलावा, भारतीय शादियों, कॉर्पोरेट कार्यक्रमों और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रद्द होने से अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक नुकसान और भी अधिक होगा। तुर्की ने भारत के खिलाफ अपना रंग तब दिखाया है, जब दो साल पहले ही वहां विनाशकारी भूकंप के दौरान भारत ने दिल खोलकर उसकी मदद की थी। तुर्की की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 12 फीसदी है।

अज़रबैजान के बारे में भी आंकड़े बता रहे हैं कि 2024 में देश में लगभग 2.6 मिलियन विदेशी पर्यटक आए, जिनमें से लगभग 250,000 भारतीय थे। एक भारतीय पर्यटक द्वारा औसत खर्च लगभग 1,276 अमेरिकी डॉलर है, जिससे कुल भारतीय योगदान लगभग 308.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। उन्होंने कहा कि इसलिए भारतीय पर्यटकों द्वारा बहिष्कार से इस परिमाण का सीधा नुकसान हो सकता है।चूंकि भारतीय यात्री मुख्य रूप से छुट्टियों, शादियों, मनोरंजन और साहसिक गतिविधियों के लिए अज़रबैजान जाते हैं, इसलिए बड़े पैमाने पर गिरावट इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय आर्थिक मंदी का कारण बन सकती है। यह आर्थिक दबाव तुर्की और अज़रबैजान दोनों को भारत के प्रति अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप सांस्कृतिक आदान-प्रदान में कमी आएगी और दोनों देशों में स्थानीय व्यवसायों जैसे होटल, रेस्तरां, टूर ऑपरेटर और अन्य पर्यटन-संबंधी सेवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अज़रबैजान की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 10 फीसदी है।

भारत में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा है और बायकॉट तुर्किए मुहिम तेज हो गई है. इसका असर भी दिखा है, जहां व्यापारियों ने तुर्की से सेब खरीदना बंद कर दिया है, तो काफी हद तक पर्यटन पर निर्भर तुर्की के लिए कई ट्रैवल एजेंसियों ने भी ट्रैवल पैकेज रद्द कर दिए हैं. ट्रैवल प्लेटफॉर्म ईजमायट्रिप ने देश पहले व्यापार बाद में का नारा बुलंद किया है और यात्रियों को पाकिस्तान का समर्थन करने वाले देशों की यात्रा न करने की सलाह दी है।

आपको बता दें कि भारतीय मार्केट में मौजूद तुर्किए के बड़े-बड़े ब्रांड्स की लिस्ट लंबी है. फर्नीचर से लेकर पर्सनल केयर तक, होम अप्लायंस से लेकर सेब तक बेचे जा रहे हैं. तुर्की कालीन, तुर्किए फर्नीचर, टर्किश चीनी मिट्टी की चीजें, बुना हुआ कपड़ा, सिरेमिक टाइल्स, चेरी, ड्राय फ्रूट्स, ऑलिव ऑयल के लिए भारत एक बड़ा बाजार है। जिस पर बेहद बुरा असर पड़ने की उम्मीद है। भारत और तुर्की के बीच वर्षों से चल रहे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अब खात्मे की ओर चल पड़े हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद केंद्र सरकार ने तुर्की की कंपनियों से जुड़े सभी समझौते और परियोजनाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। भारत में निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग, एविएशन, मेट्रो रेल और आईटी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय तुर्की की कंपनियों की भूमिका को दोबारा परखा जा रहा है। यह कदम तुर्की के कश्मीर मुद्दे पर बार-बार टिप्पणी और पाकिस्तान के साथ उसकी बढ़ती निकटता के मद्देनजर उठाया गया है। जाहिर है आगामी दिनों मे तुर्की और अजरबैजान के बहिष्कार से उन्हें बेहद आर्थिक नुकसान होगा और यही एक अहसान फरामोश मुल्क को सजा देने की शुरुआत है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# राष्ट्र के सम्मान को आहत करता विजय शाह का बयान

मध्यप्रदेश सरकार के जनजातीय कार्य विभाग मंत्री विजय शाह का बयान देश की राष्ट्रीय अस्मिता को कलंकित करने वाला है, राष्ट्र के सम्मान को आहत करने वाला है, जिस भारतीय सेना की कर्नल



नरेंद्र तिवारी

सौफ़िया कुरैशी ने आपरेशन सिंदूर के दौरान राष्ट्र का मस्तक ऊँचा उठाया हो, ऐसे सैन्य अधिकारी के खिलाफ सार्वजनिक मंच से अपने बयान मे उन्हें आंतकवादियों की बहन बताने का जो घृणित पाप किया है, वह पुरे देश को आहत कर गया। जब राष्ट्र आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान मे जाकर आंतकवादियों की पनाहगाहों को नेस्तनाबूत करने का जश्न मना रहा था, राष्ट्र की बेटी कर्नल सौफ़िया कुरैशी ने जब दुनियाँ को भारत के सधे क़दमों से आंतकवाद के खिलाफ सैन्य कार्यवाही से अवगत कराया तब सारे भारत का मस्तक गर्व से ऊँचा उठ गया था, सौफ़िया व्योमिका की जुगलबंदी आपरेशन सिंदूर के घटनाक्रमों से देश दुनियाँ को अवगत करा रहे थे, भारत इस दौरान अपनी राष्ट्रीय एकता के दर्शन से भी दुनियाँ को वाकिफ करा रहा था। भारत की इस बेटी कर्नल सौफ़िया के विरुद्ध एमपी सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री, 8 बार के विधायक विजय शाह का बयान शर्मसार करने वाला है, इस मंत्री ने अपने भाषण मे कर्नल सौफ़िया कुरैशी पर जो टिप्पणी की है वह देश को नागवार गुजरी सोशल मिडिया पर मंत्री के इस बयान की कढ़ी आलोचना देखने को मिली। एमपी की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने इस पर अपनी सख्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा विजय शाह की मंत्री पद से बर्खास्तगी एवं एफआईआर तुरंत होना चाहिए क्योंकि उन्होंने पुरे देश को लज्जित किया है। प्रदेश मे कांग्रेस संगठन ने भी मुखर विरोध दर्ज कराया तथा एफआईआर और बर्खास्तगी की मांग करते हुए शाह के बयान को राष्ट्र विरोधी बताया।

मप्र हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर मंत्री विजय शाह के विरुद्ध सख्त टिप्पणी करते हुए एफआईआर दर्ज कराने को लेकर डीजीपी को निर्देशित किया, बुधवार रात एमपी के मानपुर थाने मे विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गयी। एफआईआर के बाद प्रदेश ही नहीं सम्पूर्ण देश से एक स्वर मे मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग की जा रही है,





बदजुबान मंत्री सुप्रीम कोर्ट की कठोर टिप्पणीयों के उपरांत भी मंत्री अपने पद पर बने हुए है। प्रदेश सरकार भी सख्त रुख नहीं अपना पा रही है।

अपनी बदजुबानी के लिये कुख्यात मंत्री विजय शाह ने सावजनिक मंच से जो कहा वह एक संवैधानिक पद पर बैठे प्रदेश के मंत्री को शोभा नहीं देता। उनकी टिप्पणी सेना और राष्ट्र के मनोबल को कमजोर करने वाली है, ऐसे समय ज़ब भारत देश आंतकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ रहा हो तब प्रदेश के किसी मंत्री का उक्त बयान असहनीय, पीड़ादायी और राष्ट्रविरोधी माना जाना चाहिए। होना तो यह चाहिए था की मंत्री के बयान के तुरंत बाद प्रदेश की सरकार के मुखिया ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराना चाहिए थी, उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए था। किंतु प्रदेश की सरकार ने रिपोर्ट दर्ज कराने का साहस नहीं दिखाकर जनभावना का अपमान किया है। जनभावना को समझकर राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक प्रावधानों की रक्षार्थ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने स्वतः सज्ञान लेकर प्रदेश के डीजीपी को तुरंत प्राथमिकी दर्ज कराने का सख्त निर्देश दिया। देश के सुप्रीम कोर्ट ने भी एमपी के उच्च न्यायालय के आदेश को उचित मानते हुए मंत्री को फटकार लगाई। मप्र उच्च न्यायालय के निर्देश के पालन मे मानपुर थाने मे एफआईआर दर्ज की गयी। एमपी हाई कोर्ट का उक्त आदेश सम्पूर्ण भारतवासियों के मन मे न्यायपालिका के प्रति विश्वास बढ़ाने वाला प्रतीत हो रहा है। आपरेशन सिंदूर के दौरान मध्यप्रदेश के नागरिक इसलिए भी गौरव से भरे हुए थे, जब उन्हें यह सूचना मिली की आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा आंतकवादियों की शरणस्थली पाकिस्तान मे जाकर आंतक के ठिकानों को बर्बाद कर दिया गया है। भारत की सैन्य कार्यवाहीयों को दुनियाँ के समक्ष रखने की जवाबदेही निभाने वाली कर्नल सौफ़िया की प्रारम्भिक शिक्षा एमपी के छतरपुर के नौगाँव मे अपने चाचा के यहां हुई है। प्रदेश की जनता की इस गौरव पूर्ण अनुभूति को जमीन पर आने से पूर्व विजय शाह के राष्ट्र विरोधी और असंवैधानिक बयान ने जैसे काफूर कर दिया हो, राष्ट्रीय स्तर पर विजय शाह ने एमपी को बदनाम कर दिया है। उनका यह कृत्य कतई माफ़ी योग्य नहीं है, उन्होंने मंत्री पद पर बने रहने का अधिकार भी खो दिया है, राज्य की मोहन सरकार को चाहिए ऐसे बदजुबान मंत्री को अपने पद से तत्काल बर्खास्त करें। इस संबंध मे देरी करना जनभावनाओं का अनादार होगा।

देश के नेताओं, आमजनों को यह याद रखना चाहिए की देश की सेना जब आंतकवाद के खिलाफ निर्यायक लड़ाई लड़ रही हो, तब राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने वाले बयानों से बचना चाहिए। संवैधानिक पदों पर काबिज नेताओं की जवाबदेही ऐसे समय अधिक बढ़ जाती है, कर्नल सौफ़िया कुरैशी आपरेशन सिंदूर के दरमियान राष्ट्रीय चेहरा बनकर राष्ट्र का गौरव बन गयी, देश की जनता के मन मे भारत की सेना, राष्ट्रीय प्रतिक और राष्ट्रीय गौरव के लिये सम्मान है, अपनी अनर्गल टिप्पणीयों से इसे आहत करने का अधिकार किसी को भी नहीं है। मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह ने अपने बयान से मध्य प्रदेश को लज्जित किया है, जिससे जनभावनाओं आहत हुई है। राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर राजनीति नहीं होना चाहिए। देश के बाहरी दुश्मन से निपटने मे तो देश की सेना समक्ष है। भारत की मजबूती और महाशक्ति बनने के लिये आंतरिक मजबूती की बहुत आवश्यकता है। भारत की महानता उसकी राष्ट्रीय एकता है। आपरेशन सिंदूर के समय भारत की राष्ट्रीय एकता को विश्व ने देखा। एमपी के मंत्री विजय शाह की टिप्पणी हमारी राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने वाली है। राष्ट्र की राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने का हक़ किसी को भी नहीं है।

# आईएएस-आईपीएस अधिकारी और सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव

आज के डिजिटल युग में आईएएस और आईपीएस अधिकारी सिर्फ सरकारी दफ्तरों तक सीमित नहीं रह गए हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स (पूर्व में ट्विटर) जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर उनकी उपस्थिति न केवल लोकप्रियता का एक नया पैमाना बन गई है, बल्कि जनता से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम भी बन गई है। दीपक रावत, अभिषेक पल्लव, सृष्टि देशमुख, टीना डाबी और सोनल गोयल जैसे अधिकारी इस बदलते परिदृश्य के जीवंत उदाहरण हैं। ये अधिकारी न केवल अपने प्रशासनिक कार्यों के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि लाखों की संख्या में फॉलोअर्स से भी जुड़े हुए हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह लोकप्रियता उनकी सरकारी जिम्मेदारियों के साथ तालमेल बैठा पाती है?



प्रियंका सौरभ

**डिजिटल युग में सरकारी अधिकारी सोशल मीडिया पर तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। यह मंच जनता से सीधे जुड़ने, नीतियों की जानकारी देने और जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम है। हालांकि, व्यक्तिगत ब्रांडिंग और निजता के उल्लंघन की चुनौती भी है। वर्तमान में स्पष्ट दिशा-निर्देशों की कमी से पारदर्शिता और जिम्मेदारी का संतुलन प्रभावित हो रहा है। जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार और स्पष्ट गाइडलाइंस की जरूरत है, ताकि अधिकारियों की पहचान व्यक्तिगत लोकप्रियता से अधिक उनके प्रशासनिक कर्तव्यों से बनी रहे।**

### सोशल मीडिया की शक्ति और जोखिम

सोशल मीडिया का प्रमुख आकर्षण उसकी व्यापक पहुंच और त्वरित संवाद क्षमता है। अधिकारियों के लिए यह जनता तक सीधे पहुँचने, नीतियों की जानकारी देने और जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम हो सकता है। उदाहरण के लिए, दीपक रावत अपने छापामार अभियानों और निरीक्षणों के वीडियो के जरिए जनता में प्रशासनिक पारदर्शिता का संदेश देते हैं। उनका यूट्यूब चैनल 'दीपक रावत आईएएस' पर लाखों फॉलोअर्स हैं, जहाँ वे स्कूल बस चेकिंग, पॉलिथीन गोदामों पर छापेमारी और सफाई निरीक्षण जैसे अभियानों की वीडियो साझा करते हैं। इससे जनता में प्रशासन की छवि मजबूत होती है, लेकिन इससे जुड़े कई नैतिक और कानूनी प्रश्न भी हैं।

**लोकप्रियता के चक्कर में निजता का हनन** : अक्सर देखा जाता है कि इन अभियानों के वीडियो में आम नागरिकों की पहचान और निजी जानकारी भी अनजाने में सार्वजनिक हो जाती है। उदाहरण के तौर पर, अभिषेक पल्लव जैसे अधिकारी जब सड़क पर किसी वाहन चालक को फटकार लगाते हैं, तो उस व्यक्ति की निजता का हनन हो सकता है। यह सिर्फ नैतिक सवाल नहीं है, बल्कि कानूनी चुनौतियाँ भी खड़ी कर सकता है। यह मुद्दा और गंभीर हो जाता है जब आम नागरिकों के निजी क्षण कैमरे में कैद होकर लाखों लोगों तक पहुँचते हैं। क्या यह अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं है कि वे इस तरह के वीडियो पोस्ट करने से पहले सावधानी बरतें?

**ब्यूरोक्रेसी का मूल सिद्धांत और सोशल मीडिया** : दिल्ली विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर विजेंद्र चौहान के अनुसार, 'ब्यूरोक्रेसी का सबसे प्रमुख सिद्धांत एनोनिमिटी यानी गुमनामी है। अधिकारी पद से जुड़े होते हैं, न कि व्यक्तिगत ब्रांड से।' इस सिद्धांत के अनुसार, सरकारी अधिकारी का काम व्यक्तिगत प्रचार से अधिक उसके पद की जिम्मेदारियों को निभाना है। लेकिन सोशल मीडिया पर बढ़ती उनकी सक्रियता इसे चुनौती देती है। हाल के वर्षों में, खासकर कोरोना काल के बाद, अधिकारियों की लोकप्रियता बढ़ी है। एक ओर जहाँ वे जनता के साथ सीधे संवाद कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके व्यक्तिगत ब्रांड का निर्माण भी हो रहा है।

**नियमों की कमी और विवाद** : फिलहाल, भारत में सरकारी अधिकारियों के सोशल मीडिया उपयोग के लिए कोई स्पष्ट और कठोर दिशा-निर्देश नहीं हैं। केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली इसे सामान्य रूप से नियंत्रित करती है, लेकिन इसका अनुपालन अक्सर कमजोर रहता है। हाल ही में, मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी ने प्रशिक्षु अधिकारियों के सोशल मीडिया उपयोग पर दिशा-निर्देश जारी किए, लेकिन ये केवल प्रशिक्षण अवधि तक सीमित हैं। इसी तरह, उत्तर प्रदेश पुलिस ने भी अपने कर्मियों के लिए सोशल मीडिया गाइडलाइंस जारी की हैं, जिनमें वर्दी पहनकर वीडियो न बनाने और ड्यूटी के समय सोशल मीडिया का उपयोग न करने की सख्त हिदायतें दी गई हैं।

**सकारात्मक उपयोग की संभावनाएँ** : आईएएस अधिकारी इरा सिंघल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल मुख्य रूप से सामाजिक संदेश देने, महिलाओं को प्रेरित करने और छात्रों की काउंसलिंग के लिए किया है। वे कहती हैं, 'अगर आप सोशल मीडिया को अच्छे काम के लिए इस्तेमाल करते हैं, तो इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।' वे अपने फॉलोअर्स के साथ परीक्षा तैयारी, करियर मार्गदर्शन और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर चर्चा करती हैं। यह दिखाता है कि सोशल मीडिया केवल व्यक्तिगत लोकप्रियता का साधन नहीं है, बल्कि एक सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम भी हो सकता है। सोशल मीडिया का प्रभाव निस्संदेह बढ़ता जा रहा है, लेकिन इसके उपयोग में संतुलन और संयम भी आवश्यक है। सरकारी अधिकारियों को अपनी पहचान व्यक्तिगत लोकप्रियता से अधिक उनके प्रशासनिक कर्तव्यों से बनानी चाहिए। वरना, यह डिजिटल चमक कई बार वास्तविक कर्तव्यों की छाया में दबकर रह सकती है। उन्हें यह याद रखना चाहिए कि जनता का विश्वास और सम्मान केवल लोकप्रियता से नहीं, बल्कि उनकी पारदर्शिता, निष्ठा और निष्पक्षता से जुड़ा होता है। यदि इस शक्ति का जिम्मेदारी से उपयोग किया जाए, तो यह न केवल उनकी प्रशासनिक क्षमता को मजबूत करेगा, बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव का भी मार्ग प्रशस्त करेगा। कुल मिलाकर, डिजिटल युग में, यह संतुलन ही उनकी सच्ची पहचान और जिम्मेदारी का प्रमाण बनेगा।

### आगे का रास्ता

अधिकारियों को यह समझने की जरूरत है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल एक साधन है, न कि स्वयं एक लक्ष्य। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी डिजिटल गतिविधियाँ उनकी सरकारी जिम्मेदारियों और आचार संहिता के अनुरूप हों। इसके लिए, सरकार को भी स्पष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने चाहिए ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। सोशल मीडिया का प्रभाव निस्संदेह बढ़ता जा रहा है, लेकिन इसके उपयोग में संतुलन और संयम भी आवश्यक है। सरकारी अधिकारियों को अपनी पहचान व्यक्तिगत लोकप्रियता से अधिक उनके प्रशासनिक कर्तव्यों से बनानी चाहिए। वरना, यह डिजिटल चमक कई बार वास्तविक कर्तव्यों की छाया में दबकर रह सकती है। कुल मिलाकर, सोशल मीडिया पर सक्रियता के इस नए युग में, सरकारी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों और व्यक्तिगत छवि के बीच एक संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता है, ताकि वे न केवल लोकप्रिय हों, बल्कि प्रभावी और जिम्मेदार प्रशासक भी बने रहें।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्याः UPHIN/2013/52076, स्वामी मुकेश वत्स के लिए मुद्रक, प्रकाशक, शालिनी श्रीवास्तव ने पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 226008 (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित व प्रकाशित कराया है। स्वाति वर्मा (संपादक), संपादकीय कार्यालयः पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 08 (उत्तर प्रदेश), Mob. 9891945513, 8588891302, Website-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasiaup@gmail.com, इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होगें। वैधानिक सूचना-पाठकों को सलाह दी जाती है की किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच- पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापन के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# योगी सरकार की न्यू हेल्थ पॉलिसी से डेवलप होगा वर्ल्ड क्लास हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में निजी निवेश को बताया स्वास्थ्य सेवा सुधार का नया मॉडल

- अगले पांच वर्षों के लिए लागू होगी नई स्वास्थ्य नीति, निजी निवेशकों को मिलेगी कई सुविधाएं
- योगी सरकार निवेशकों को स्टांप में छूट, रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध कराने समेत देगी अन्य सुविधाएं
- तीन मॉडल ए, बी और सी पर आधारित होगी नई स्वास्थ्य पॉलिसी
- नगर निगम और 57 जिला मुख्यालय में स्थापित किये जाएंगे 200-200 बेड के सुपर-स्पेशियलिटी हास्पिटल
- प्रदेश के सभी 75 जिलों के ग्रामीण इलाकों और पिछड़ों क्षेत्रों में स्थापित किए जाएंगे 100-100 बेड के अस्पताल



(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए नई स्वास्थ्य नीति तैयार कर रही है। इसके जरिये यूपी में स्वास्थ्य क्षेत्र में निजी निवेशकों को आकर्षित कर शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण इलाकों में उन्नत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के ढ़ाचे को विकसित करना है तााकि ग्रामीण और छोटे शहरों के मरीजों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। यह नीति अगले पांच वर्षों के लिए लागू होगी। योगी सरकार जल्द ही नई स्वास्थ्य नीति पर कैबिनेट में मोहर लगा सकती है।

### नई नीति से सुपर स्पेशियलिटी, न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी समेत अन्य सुविधाओं का होगा विस्तार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में सीएम योगी ने प्रदेश के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को वर्ल्ड क्लास बनाने के निर्देश दिये थे। इस पर अधिकारियों ने बताया था कि वह नई हेल्थ पॉलिसी पर विचार कर रहे हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को प्रदेश के शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए नई हेल्थ पॉलिसी तैयार करने पर मुहर लगा दी ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र में निजी निवेशकों को आकर्षित किया जा सके। सीएम योगी ने बैठक में कहा था कि हमारा उद्देश्य केवल इलाज नहीं बल्कि बेहतर जीवन देना है। हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवा मिले, यह सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए हम निजी क्षेत्र को भागीदार बना रहे हैं, ताकि स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार, निवेश और समावेशन को बढ़ावा दिया जा सके।

योगी सरकार नई स्वास्थ्य नीति के माध्यम से प्रदेश में सुपर-स्पेशियलिटी सुविधाओं, न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी जैसी उच्चस्तरीय उपचार हर जिले में उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही निजी अस्पतालों को सरकारी योजनाओं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल आदि से जोड़ा जाएगा।

### निवेशकों को स्टांप ड्यूटी और जमीन खरीद में छूट समेत अन्य सुविधाएं दी जाएंगी

नई नीति में निवेशकों को निजी क्षेत्र को भूमि खरीद में स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत तक की छूट, बिजली कनेक्शन में प्राथमिकता, अस्पतालों को जल्द अनुमोदन (एनओसी) की सुविधा दी जाएगी। वहीं अस्पतालों की स्थापना के लिए भूमि विकास प्राधिकरण या सरकारी एजेंसियों द्वारा रियायती दर पर दी जाएगी। नीति के तहत नए अस्पतालों में नर्सिंग, पैरामेडिकल और डॉक्टरों की नियुक्ति में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। योगी सरकार का यह कदम न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाएगा बल्कि युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराएगा। मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों से निकले छात्रों को इन संस्थानों से जोड़ने की व्यवस्था की जाएगी। सीएम योगी ने बैठक में कहा कि नई स्वास्थ्य नीति को जल्द से जल्द तैयार करके उपलब्ध कराएं ताकि कैबिनेट में प्रस्ताव रखकर इस पर मुहर लगायी जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि नई नीति की स्वीकृति मिलते ही अगले तीन माह में कम से कम 20 जिलों में अस्पतालों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगा।

### मॉडल ए, बी और सी पर आधारित होगी नई नीति...

नई स्वास्थ्य नीति तीन मॉडल क्रमशः ए, बी और सी मॉडल पर आधारित होगी। इसमें ए मॉडल में 17 नगर निगम क्षेत्र शामिल होंगे, जिसमें नोएडा और ग्रेटर नोएडा भी होगा। इन क्षेत्रों में कम से कम 200 बेड वाले कम से कम तीन सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की स्थापना के लिए निजी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा। यहां पर कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, रेडिएशन संबंधित सुविधाओं के साथ आंकोलॉजी और प्रसूति एवं स्त्री रोग समेत अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। वहीं मॉडल बी के तहत 57 जिला मुख्यालय में 200 बेड के अस्पतालों की स्थापना की जाएगा। यहां पर भी मॉडल ए की सभी सुविधाएं मरीजों को मिलेंगी। इसके अलावा मॉडल सी के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों के ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में 100 बेड वाले अस्पतालों की स्थापना की जाएगी। यहां पर मरीजों को सामान्य चिकित्सा, सामान्य शल्य चिकित्सा और प्रसूति एवं स्त्री रोग आदि की सुविधा मिलेगी।

# प्रदेश में समावेशी शिक्षा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही योगी सरकार

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**लखनऊ।** शारीरिक रूप से अक्षम व आंशिक मंदबुद्धि बच्चों को शिक्षा आमतौर पर अलग विद्यालय व अलग पद्धति से दी जाती है। अभिभावक अपने ऐसे बच्चे को प्रतिष्ठित स्कूल में सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाने का सपना नहीं देख सकते। मगर, अब वे सपना ही नहीं देख सकते, बल्कि उसे पूरा भी कर सकते हैं। योगी सरकार की यही कोशिश है, समावेशी शिक्षा, जिसमें बच्चे पूर्णतः स्वस्थ हों या शारीरिक अथवा मानसिक विकलांगता से पीड़ित, एक ही छत के नीचे उन्हें एक साथ शिक्षा देना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के दिव्यांग छात्रों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें समान अवसर प्रदान करने के लिए समावेशी शिक्षा प्रणाली को नए आयाम दे रही है।

योगी सरकार प्रदेश में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के सात जनपदों—औरैया, लखनऊ, कन्नौज, प्रयागराज, आजमगढ़, बलिया और महराजगंज में समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय संचालित कर रही है। जहां दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, अस्थिबाधित और सामान्य छात्र एक ही परिसर में समान रूप से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इन विद्यालयों में कुल 325 विद्यार्थियों का पंजीकरण हो चुका है और ये सभी छात्र एक समावेशी, प्रेरणादायी और संवेदनशील शैक्षणिक वातावरण में पढ़ाई कर रहे हैं। योगी सरकार का स्पष्ट मानना है कि केवल अलग से स्कूल खोलने से नहीं, बल्कि समान मंच पर शिक्षा देकर ही दिव्यांग छात्रों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है।

### आधुनिक सुविधाओं से लैश किए जा रहे समेतिक विद्यालय...

इन विद्यालयों में विशेष शिक्षक, स्पेशल एजुकेशन उपकरण, ब्रेल लिपि की सामग्री, श्रवण यंत्र, रैम्प, व्हीलचेयर और अन्य सहायक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही सामान्य छात्रों के साथ संवाद, सहयोग और साझा गतिविधियों के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि बच्चों के बीच भेदभाव की दीवार पूरी तरह समाप्त हो। योगी सरकार का यह प्रयास केवल संचालन तक सीमित नहीं है।

गाजियाबाद में एक नया समेकित विशेष विद्यालय प्रक्रियाधीन है, जबकि मीरजापुर, एटा, प्रतापगढ़, वाराणसी और बुलन्दशहर में निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसका उद्देश्य है कि प्रदेश के हर क्षेत्र में दिव्यांगजनों के लिए गुणवत्तापूर्ण माध्यमिक शिक्षा सुलभ हो और वे अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को केवल सहानुभूति नहीं, बल्कि सम्मान और समान अवसर देना है। समेकित विद्यालयों के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे।

# यूपी को जल्द ही 152 जीआई टैग उत्पादों वाला राज्य बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ज्योग्राफिकल इंडीकेशंस (जीआई) टैग उत्पादों की वृद्धि के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। देश में 77 जीआई टैग वाले उत्पादों के साथ उत्तर प्रदेश अव्वल है, मगर अब यूपी अपनी इस बढ़त को नए आयाम पर पहुंचाने जा रहा है। दरअसल, सीएम योगी के निर्देश पर एक कार्ययोजना को तैयार किया गया है जिसके जरिए प्रदेश में जीआई टैग वाले उत्पादों की संख्या में रिकॉर्ड स्तर के इजाफे की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025-26 में 75 अतिरिक्त जीआई उत्पादों को घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से 25 उत्पादों का आवेदन जीआई रजिस्ट्री (चेन्नई) में फाइल किया जा रहा है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इस प्रकार, उत्तर प्रदेश जल्द ही देश में 152 जीआई टैग प्राप्त उत्पादों वाला पहला राज्य बन जाएगा। इसके साथ ही, प्रदेश के जीआई उत्पादों को लोकप्रिय बनाने, जागरूकता फैलाने तथा इसके यूजरबेस को बढ़ाने के लिए कई बड़े कदम उठाए जाएंगे।

### प्रदेश में जीआई ऑथोराइज्ड यूजर बेस बढ़ाने पर फोकस ...

एमएसएमई विभाग द्वारा तैयार की जा रही कार्ययोजना में जीआई टैग वाले उत्पादों की संख्या बढ़ाने के साथ उनकी लोकप्रियता, जागरूकता और ऑथोराइज्ड यूजर बेस बनाने के लिए एक विस्तृत फ्रेमवर्क पर काम चल रहा है।

इसके अंतर्गत प्रदेश में जीआई टैग उत्पादों का ऑथोराइज्ड यूजर बेस बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक उद्यमियों को जोड़ने की तैयारी है। इन्हें बाकायदा ऑथोराइज्ड यूजर्स के तौर पर पहचान दी जाएगी। ये जीआई उत्पादों के उत्पादन के साथ ही उनको लोकप्रिय बनाने और अन्य उद्यमियों में जागरूकता प्रसार करने का माध्यम बनेंग। उल्लेखनीय है कि देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक जीआई टैग प्राप्त उत्पादों वाला राज्य है। उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और महाराष्ट्र सबसे ज्यादा जीआई उत्पादों वाले राज्यों में शामिल हैं

एमएसएमई विभाग द्वारा प्रदेश में जीआई ऑथोराइज्ड यूजर्स का बेस बढ़ाने के जिस कार्य योजना पर कार्य जारी है उसमें जीआई एक्सपर्ट संस्था के साथ एमओयू अहम कड़ी साबित होगी। विभाग द्वारा इस दिशा में एक विशिष्ट जीआई एक्सपर्ट संस्था ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एमओयू साइन करने की प्रक्रिया पर काम चल रहा है जिसे जल्द ही पूरा करने की तैयारी है।

# आधे पानी में हो जाएगी सिंचाई, बढ़ जाएगा खेत का रकबा

- बेहतर होगा जमता एक साथ ही पकेगी फसल, उपज भी बढ़ जाएगी
- शर्त ये है कि आप लेजर लैंड लेवलर से खेत को लेवल कराएं
- योगी सरकार लेजर लेवलर पर दे रही 50 फीसद या अधिकतम दो लाख रुपए तक अनुदान
- खेत को लेवल करने की आधुनिक मशीन जीपीएस से है लैश



(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**लखनऊ।** "खेत का पानी खेत में", इसकी महत्ता से हर किसान वाकिफ है। दरअसल खेत में लंबे समय तक नमी बनी रहे। तेज बारिश के दौरान खेत के उपजाऊं मिट्टी की परत का अपरदन (इरोजन) न हो। खेती की जरूरत के बाद अवशेष पानी भूगर्भ में जाकर आसपास के ताल, पोखरों और कुओं के जलस्तर को बनाए रखे। मोटी मोटा खेत का पानी खेत में रखने की यही महत्ता है।

खेत का पानी खेत में ही रहे इसके लिए इसी सीजन में नियमित अंतराल पर कुछ जरूरी कृषि कार्य करने होते हैं। मसलन खेत की मजबूत और ऊंची मेडबंदी, गर्मी में गहरी जोताई। गहरी जोताई पर खेतीबाड़ी के संबंध सटीक पूर्वानुमान और सलाह देने वाले महाकवि घाघ ने कहा है, "जेतना गहिरा जोते खेत, बीज परे फल अच्छा देत।" मेडबंदी एवं गहरी जोताई के बाद तीसरी महत्वपूर्ण चीज है, खेत की लेवलिंग (समतलीकरण)। अमूमन किसान इस काम की अनदेखी करते हैं। जबकि कई वजहों से यह सबसे महत्वपूर्ण कृषि कार्यों में से एक है। 'लेजर लैंड लेवलर' (खेत को समतल कराने वाली आधुनिक मशीन) ने इसे आसान और प्रभावी कर दिया है।

योगी सरकार इस मशीन पर 50% या अधिकतम दो लाख रुपए तक का अनुदान भी दे रही है। साथ ही रबी और खरीफ के सीजन में होने वाली मंडलीय गोष्ठियों और खेतीबाड़ी से जुड़े अन्य कार्यक्रमों में विभाग के एक्सपर्ट्स इस बारे में किसानों को जागरूक भी कर रहे हैं।

इस आधुनिक मशीन से लेवल्ड खेत फुटबाल के एक अच्छे मैदान जैसा बराबर होगा। बराबर हुए आपके खेत की सिंचाई में सिर्फ आधा पानी लगेगा। मेड़ों एवं नालियों की संख्या कम होने से खेत का रकबा करीब 3-6 फीसद तक बढ़ जाएगा। आधुनिक कृषि यंत्रों (सीड ड्रिल, रेज्ड बेड आदि) का प्रयोग आसान एवं प्रभावी होने से घटी लागत में भी विभिन्न फसलों की उपज अच्छी खासी बढ़ जाएगी। मसलन धान की फसल की उपज करीब 61 फीसद और गन्ने एवं गेहूं की उपज क्रमशः 40 फीसद तक बढ़ सकती है।

### जीपीएस सिस्टम से लैश होती है यह मशीन...

दरअसल खेत को लेवल करने की ये आधुनिक मशीन जीपीएस (ग्लोबल पोजिसनिंग सिस्टम) से लैश है। इससे निकलने वाली लेजर बीम को ट्रैक्टर में लगा संयंत्र प्राप्त करता है। इसी से चालक को खेत का लेवल पता चलता है। ट्रैक्टर के पीछे लगे बकेट सबसे ऊंची जगह से मिट्टी उठाता है और निचली जगहों को भरता जाता है।

प्रगतिशील किसान राममणि पांडेय के अनुसार, सारी दक्षता मशीन को सेट करने की है। एक बार मशीन सेट हो गई और चालक ने ट्रैक्टर के साथ पूरा खेत घूम लिया तो उसे पता चल जाएगा कि जमीन कहां कितनी ऊंची-नीची है। इसके बाद उसे सिर्फ इतना करना होगा कि सबसे ऊंची जगह से मिट्टी काटकर नीची जगह पर भरना होगा। समतल होने के बाद खेत खेल के किसी मैदान की तरह दिखेगा।

### लाभ...

सिंचाई करने पर समतल खेत कम समय और पानी में समान रूप से संतृप्त होता है। खेत में बराबर नमी के नाते बीज का जमता एक साथ और अच्छा होता है। लिहाजा फसल भी एक साथ पकती (मैच्योर) है।

-जीरो सीड ड्रिल, रेज्ड बेड विधा से लाइन में बोआई आसान हो जाती है। फसल लाइन में होने से कीटों, रोगों और खरपतवारों का नियंत्रण आसान होता है।

-धान एवं गेहूं वाले फसलचक्र में 20 लाख हेक्टेयर खेत को अगर उक्त विधा से बराबर करें तो तीन वर्ष में 15 मिलियन हेक्टेयर पानी, 20000 लाख लीटर डीजल, और 500 किग्रा ग्रीन हाउस गैस की बचत।

### बढ़ जाती यूरिया की क्षमता...

सस्ता होने के नाते अपने यहां किसानों की सबसे पसंदीदा खाद यूरिया है। सिंचाई के पहले या सिंचाई के बाद नमी की स्थिति में किसान इसका छिड़काव करते हैं। प्रवृत्ति के अनुसार जिधर की जमीन नीची रहती है, यूरिया उधर की ओर रिसती है। ऐसे में पूरे खेत के पौधों को समान रूप से यूरिया नहीं मिलती। लिहाजा पौधों का विकास भी बराबर नहीं होता। पूरी तरह बराबर खेत में यूरिया ही नहीं हर खाद एवं पोषक तत्व पौधों को समान रूप से मिलता है।

### गंगा के मैदानी क्षेत्रों के लिए बेहद उपयोगी है यह तकनीक...

गंगा का सर्वाधिक बहाव क्षेत्र (बिजनौर से बलिया) उत्तर प्रदेश में ही आता है। गंगा के मैदानी क्षेत्रों के लिए नियमित अंतराल पर खेत की लेवलिंग और जरूरी है। उल्लेखनीय है कि धान-गेहूं इस क्षेत्र की मुख्य फसल है। उर्वर जमीन, भरपूर पानी और श्रम के नाते इस क्षेत्र में अब भी उपज बढ़ाने की भरपूर संभावना है। केंद्र सरकार भी मानती है कि दूसरी हरित क्रांति की शुरुआत इसी क्षेत्र से होगी। इसके मद्देनजर कई योजनाएं भी शुरू की गई हैं। संयोग से जलवायु के बदलाव का सर्वाधिक असर भी इसी क्षेत्र पर पड़ना है।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के समन्वयक प्रोफेसर रहे डॉक्टर डीके सिंह के मुताबिक पानी की कमी से वर्ष 2050 तक भारत में खाद्यान्न की उपज करीब 28 फीसद तक घट सकती है। स्वाभाविक है कि इसका सर्वाधिक असर गंगा के मैदानी इलाकों पर ही पड़ेगा। जिस गति से ग्लैशियर पिघल रहे हैं उसके नाते हिमालय से निकलकर इस क्षेत्र को उर्वर बनाने वाली तमाम प्रमुख नदियों में साल भर भरपूर पानी नहीं रहेगा। कुछ तो सूख भी सकती हैं ऐसे में कम पानी एवं जमीन में उपज बढ़ाना जरूरी होगी और चुनौती भी। इस चुनौती का समाधान आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग, संसाधनों के बेहतर प्रयोग और किसानों को आधुनिक तकनीक के बारे में प्रशिक्षित करने से ही होगा। योगी सरकार ये सारे काम कर भी रही है। विश्व बैंक की मदद से संचालित यूपी एग्रीज योजना, सिंचन क्षमता में लगातार विस्तार, खेती बाड़ी में ड्रोन का प्रयोग, सिंचाई के अपेक्षाकृत दक्ष विधाओं (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर) को प्रोत्साहन एवं अनुदान इसका प्रमाण है।

## श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक, श्रम कानून हो प्रो-इंडस्ट्री एवं प्रो-श्रमिक : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# उद्योगों का विस्तार ही हर हाथ को काम देने का वास्तविक माध्यम : मुख्यमंत्री

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है जब श्रम कानूनों को प्रो-इंडस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "हर हाथ को काम" देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे।

### बाल श्रमिकों के पुनर्वास को दें गति...

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। यह न केवल सामाजिक दायित्व है बल्कि भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है।

### मॉडल के तौर श्रमिक अड्डों को करें विकसित...

मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों।

उन्होंने कहा कि कैंटीन में श्रमिकों को 5-10 रुपये में चाय, नाश्ता और भोजन मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कराकर न्यूनतम मानदेय की गारंटी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह असंगठित कार्यबल को संगठित श्रम शक्ति में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

### विदेश में रोजगार के लिए भाषायी प्रशिक्षण अनिवार्य...

मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश में रोजगार हेतु जाने वाले निर्माण श्रमिकों को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए, बल्कि गंतव्य देश की भाषा का भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए। यह उनकी कार्यक्षमता और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है।

### निजी अस्पतालों को भी स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ें...

मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर निजी अस्पतालों को सीएसआईसी और ईएसआईएस से जोड़ा जाए। इससे संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

### अटल आवासीय विद्यालय बनें गुणवत्ता का प्रतीक...

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अटल आवासीय विद्यालय को देशभर में मॉडल के रूप में उभरे हैं। उन्होंने अधिकारियों को इनकी निरंतर मॉनिटरिंग के माध्यम से गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### निवेश मित्र पोर्टल पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें...

मुख्यमंत्री ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त 5,97,625 आवेदनों में से 5,90,881 को एनओसी दी जा चुकी है। शेष शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

### श्रम विभाग की उपलब्धियां सराहनीय की...

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आजादी के बाद से 2016 तक प्रदेश में 13,809 कारखाने पंजीकृत थे, जबकि पिछले 9 वर्षों में 13,644 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है। यह 99त्न की वृद्धि है। अधिकारियों ने आगे बताया कि भारत सरकार के बीआरएपी रिकमेंडेशन के क्रियान्वयन में श्रम विभाग को अचीवर स्टेट का दर्जा प्राप्त हुआ है। इन उपलब्धियों की मुख्यमंत्री ने सराहना करते हुए इसे अभूतपूर्व बताया।

## मुख्य समाचार

# पत्नी ने पति सहित सास ससुर जेठ जेठानी के विरुद्ध कराई रिपोर्ट दर्ज

प्रदीप पण्डित पब्लिक एशिया

**बुलंदशहर »** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खुशरुपुर निवासी सुंदर पुत्र भीमसेन की पत्नी ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप मुकदमा कराया दर्ज। प्राप्त जानकारी के अनुसार पायल पवार पुत्री शिवपाल सिंह निवासी गांव सदल्लापुर थाना इकोटेक 3 तहसील दादरी जिला गौतम बुद्ध नगर ने अपनी पुत्री की शादी सुंदर निवासी खुशरूपुर से हिंदू रीति-रिवाज से की थी। जिसमें बताया गया है कि शादी में लगभग नगद सात लाख रुपए, 14 तोले सोना, डेढ़ किलो चांदी एवं सारा इलेक्ट्रॉनिक और फर्नीचर का सामान शादी में दिया था। लेकिन शादी के कुछ दिन बाद से ही अतिरिक्त दहेज को लेकर घर में क्लेश चल रहा था। उधर पायल ने बताया कि मेरा पति पुलिस में कार्यरत है जो कि मैं अपने पति के साथ रहना चाहती हूं, लेकिन मेरे सुसरालीजन उनके साथ रहने नहीं देते। इसी बात को लेकर मेरे सास ससुर जेठ जेठानी पति द्वारा मारपीट कर उत्पीड़न करते हैं, और मुझे घर से निकाल दिया गया। अब मैंने एसएसपी को लिखित शिकायत देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर थाना प्रभारी निरीक्षक अहमदगढ़ प्रेमचंद शर्मा ने बताया है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर महिला की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उक्त मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# एसएसपी ने परेड की सलामी के बाद किया लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण



पब्लिक एशिया संवाददाता

**बुलंदशहर »** सिविल लाइन में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली, वहीं परेड का निरीक्षण कर कर्मचारियों का टर्न आउट चैक किया गया। एसएसपी ने थाना पुलिस का दंगा नियंत्रण यंत्रों के साथ तैयार होने का रेस्पास टाइम चैक किया गया एवं शस्त्रों को खोलना, अग्निशामक यंत्र प्रयोग करना, येलो टेप से घटनास्थल को संरक्षित करने आदि कवायद कराई गई। परेड में सम्मिलित थानों की गाड़ियों एवं पीआरवी, डायल-112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर नाइट चैकिंग रजिस्टर चेक किया गया। और पीआरवी गाड़ी पर मेडिकल किट, घटनास्थल को सुरक्षित करने हेतु येलो टेप, रेस्पांस टाइम को कम करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया, तथा आदेश कक्ष में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक को पुलिस लाइन परिसर में हमेशा स्वच्छता रखने, सरकारी संपत्ति की देखभाल करने व अभिलेखों को अध्यावधिक कर संभालकर रखने सहित सरकारी वाहनों की समय-समय पर मेंटेनेंस, चैकिंग करने आदि आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर ऋजुल, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पृथ्वीराज चौहान की जयंती के मौके पर विचार गोष्ठी व शोभायात्रा का आयोजन

**गजरौला »** सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती के अवसर पर क्षत्रिय सभा के तत्वाधान में एक विचार गोष्ठी व शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की झांकियों के साथ साथ अनेकों की




संख्या में ट्रैक्टर ट्राली, निजी वाहनों में चौहान समाज के लोग सम्मिलित रहे। नगर के बस्ती स्थित (अवंतिका पार्क) में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि नौगावां सादात की पूर्व विधायक संगीता चेतन चौहान ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आंतकी ठिकानों को नष्ट करने का काम किया है, जिसकी जितनी सराहना की जाए वह कम ही कम है। कहा कि आज चौहान समाज देश के हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रहा है। हमें एकजुट होकर इसी लय में काम करते हुए समाज को मजबूत करते हुए देश को आगे बढ़ाना है। विचार गोष्ठी में पूर्व मंत्री मदन चौहान, महेंद्र सिंह ठेकेदार, जगतपाल चौहान, सुनील चौहान, वीर सिंह भगत, नितिन चौहान, सोमपाल सिंह, बंटी चौहान, विक्रांत चौहान, पवन चौहान, कलवा चौहान, अशोक चौहान, जितेन्द्र चौहान, गजेंद्र सिंह, कमल सिंह, ध्रुव चौहान, चमन चौहान, राजकुमार अग्रवाल, आलोक चौहान, राजीव राजपूत आदि मौजूद रहे। गोष्ठी के बाद एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सम्राट पृथ्वीराज चौहान की झांकी के साथ साथ अन्य झांकिया भी सम्मिलित रहीं। शोभायात्रा पार्क से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो पर घूमते हुए चौहानपुरी पहुंचकर समाप्त हो गई। सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस बल मौजूद रहा।

# सांसद-विधायक ने निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजा भारत माता की जय







पब्लिक एशिया ब्यूरो

**गजरौला »** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर शुक्रवार की सुबह को शहर में भाजपा के द्वारा एक तिरंगा यात्रा भारतीय शौर्य के नाम से यात्रा निकाली गई। जिसमें सांसद कंवर सिंह तंवर, विधायक राजीव तरारा व जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी व अन्य भाजपाई शामिल रहे। नगर के शिव इंटर कालेज से शुरू हुई यात्रा पूरे शहर में घूमी। एक बड़े तिरंगे को लेकर जनप्रतिनिधि चल रहे थे और अन्य लोगों के हाथ में तिरंगे व ऑपरेशन सिंदूर की तख्तियां थीं। यात्रा के दौरान भारत माता की जय का नारे भी गूंजते रहे। यहां पर ब्लाक प्रमुख पति वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र उर्फ लालू, ऋषिपाल नागर, रामरतन सिंह, पूरन सिंह सैनी, चंद्रपाल भाटी, दीपाली गंगवार, दीपक गंगवार, डॉ राजीव शुक्ला, विचित्र भाटी तेजपाल सिंह,आयुष चौधरी, निहार त्यागी, विपिन सागर, राजीव चौहान, सत्यपाल सिंह पाल, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन शंकर का बिजली को लेकर प्रदर्शन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**गजरौला »** डिडौली थाने के गांव सिवौरा में बिजली की समस्या को लेकर बिजली घर पर संदीप पंवार के आवाहन पर धरने का आयोजन किया गया जिसमें धरने का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने किया। सिवौरा बिजली घर पर एक घंटे बिजली आती है और दो घंटे के भाग जाती हैं उस एक घंटे के बीच में भी कई बार भागती है जिससे किसानों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है किसानों की खेती सूख रही है लेकिन अधिकारियों पर कोई भी फर्क नहीं पड़ रहा है।

किसानों को परेशान होकर आज धरना प्रदर्शन करना पड़ा जिसमें मौके पर पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने किसानों की समस्याओं के बारे में उच्च अधिकारियों से बातचीत करके जल्द समस्याओं का निस्तारण करने आ आश्वासन लिया चौधरी दिवाकर सिंह ने अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार से फोन पर बात करके साफ साफ कह दिया कि सिहोरा बिजली घर पर डबल ग्रुप सप्लाई करते हुए कटौती मुक्त किया जाए जिससे सभी किसानों की सिंचाई हो सके ,अगर किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।अधीक्षण अभियंता ने जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया जिसके बाद धरने के समापन की घोषणा की गई। धरने नरेश भगत , मदन सिंह प्रधान ,महीपाल, नन्हे सिंह ,राममनोहर





सिंह अतुल कुमार प्रधान महीपाल कुलदीप सिंह मोनू सिंह प्रदीप सिंह वसीम राकेश रतनपुर चमन सिंह चरण सिंह सहसपाल चौधरी धर्मवीर सिंह नेमपाल अखक्तब,अशोक रानी जरीना बेगम रामपाल सिंह,संदीप पंवार, ,जयवीर सिंह गुर्जर ,विक्रम सिंह पंवार,अंकित पंवार,सचिन मौर्य,राजवीर सिंह,जितेंद्र पंवार,पप्पू सिंह,हेमपाल सिंह,नरेंद्र सिंह, अरविन्द पंवार आदि सैकड़ों किसानों मौजूद रहे।

### अपहरण नहीं, प्यार का फैसला है

# नेम ने छोड़ा घर, पत्नी मंतशा के साथ रहने का लिया निर्णय

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बुलंदशहर »**भमरा, गुलावठी निवासी नईम पुत्र मौज खान ने समाज और परिवार की बंदिशों को तोड़ते हुए अपनी पत्नी मंतशा के साथ जीवन गुजारने का बड़ा फैसला लिया है। जानकारी के अनुसार नईम की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार थाना मसूरी क्षेत्र की ताज कॉलोनी, गाजियाबाद निवासी शमशाद अली की पुत्री मंतशा से दहेज के साथ संपन्न हुई थी।

शादी के बाद मंतशा करीब पांच महीने तक ससुराल में रही। लेकिन इस बीच ससुरालियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई, और उसे मायके वापस भेज दिया गया। इसके बाद नईम को अपनी पत्नी से मिलने तक नहीं दिया गया, और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। जब भी नईम मिलने की कोशिश करता, तो उसके साथ मारपीट की जाती। मंतशा के परिजनों ने इसकी शिकायत थाना मसूरी में की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।काफी समय तक संघर्ष करने के बाद अब नईम ने अपने अधिकार का उपयोग करते हुए स्वयं का फैसला लिया, और अपने ससुराल पहुंचकर पत्नी मंतशा के साथ रहने लगा है। उसका कहना है कि अब वह अपने माता-पिता और



परिवार से अलग होकर अपनी पत्नी के साथ ही जीवन बिताना चाहता है। वह किराए के मकान में मंतशा के साथ रह रहा है। वह अपनी जिंदगी शांतिपूर्वक जीना चाहता है।

इधर नईम के परिवार ने थाना गुलावठी में शिकायत दर्ज कराई कि नईम का अपहरण हो गया है। इस पर नईम ने एक वीडियो जारी कर ट्वीट के माध्यम से यूपी पुलिस और बुलंदशहर पुलिस को स्पष्ट कर दिया है कि उसका कोई अपहरण नहीं हुआ है। वह अपनी मर्जी से अपनी पत्नी के पास आया है, और अपने माता-पिता से अपील की है कि वे उस पर अत्याचार न करें और उसके जीवन में दखल न दें।नईम ने कानून और समाज से भी अपील की है कि उसे स्वतंत्र रूप से अपनी जिंदगी जीने का अधिकार दिया जाए, और अनावश्यक हस्तक्षेप न किया जाए। यह मामला प्रेम, अधिकार और सामाजिक हस्तक्षेप के बीच टकराव का उदाहरण बनता जा रहा है।

# पुलिस ने 167 गम व खोए हुए मोबाइल को उनके स्वामियों को किया वापस

पब्लिक एशिया संवाददाता

**बुलंदशहर »** सर्विलांस टीम द्वारा गुम, खोए हुए कुल 167 मोबाइल फोन जिनकी कीमत करीब 35 लाख रुपये है को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किये गये। पुलिस की इस कार्रवाई की लोगों ने की भूरि भूरि प्रसंशा।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन में सर्विलांस सैल द्वारा गुम, खोए हुए मोबाइल की रिकवरी हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया था। जिसमें क्यूआर कोड व लिंक के माध्यम से जनपद बुलन्दशहर में गुम/खोए हुए मोबाइलों के सम्बंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। सर्विलांस टीम द्वारा ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 167 मोबाइल बरामद किए गए हैं। बरामद मोबाइलों को आज शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामियों द्वारा बुलन्दशहर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। तथा आम जनमानस द्वारा इस सराहनीय कार्य हेतु बुलन्दशहर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

# चलती कार में गैंग रेप के आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

प्रदीप पण्डित, पब्लिक एशिया

**खुर्जा »** एक नाबालिग लड़की के साथ बीते 6 मई को चलती कार में गैंग रेप करने का मामला सामने आया था, जिसके बाद थाना खुर्जा नगर कोतवाली पुलिस ने बीते 7 मई को गैंग रेप के मामले में मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद पुलिस दरिंदों की तलाश में जुट गई, फिर मुखबिर खाश की सूचना पर बीते 10 मई को दरिंदों का पुलिस से आमना-सामना हुआ है। गोलीबारी के बाद दो आरोपी घायल हालत में गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि तीसरे को घेराबंदी कर पुलिस ने दबोच लिया। घटना ने न सिर्फ बुलंदशहर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद निवासी गौरव और सूरजपुर निवासी संदीप नाम के दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गोली लगी थी। वहीं तीसरा आरोपी अमित को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया



था। आज पुलिस ने उन दरिंदो की मदद के आरोप में उनके चौथे साथी रिंकू निवासी खुर्जा नगर को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि बीते 10 मई को जेल गए तीनों दरिंदों द्वारा मिलकर ग्रेटर नोएडा से एक नाबालिग लड़की और उसकी सहेली को नौकरी का झांसा देकर बुलाया गया था। दोनों को कार में बैठाकर मेरठ की ओर ले जाया गया। इसी दौरान, आरोपियों ने चलती कार में नाबालिग के साथ दरिंदगी की, और यहीं नहीं रुके दरिंदे...उन्होंने नाबालिग की सहेली को विरोध करने पर चलती कार से मेरठ के पास धक्का देकर बाहर फेंक दिया। हादसे में लड़की की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दरिंदगी से किसी तरह बच निकली पीड़िता ने खुर्जा पहुंचकर थाने में पूरी आपबीती पुलिस को बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वही आज पूरे मामले में जानकारी देते हुए बुलंदशहर के एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह ने बताया कि आज थाना खुर्जा नगर कोतवाली पुलिस ने उक्त प्रकरण में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर आरोपियों को संरक्षण देने और मदद करने का भी आरोप है। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# मां गंगा जन्मोत्सव सफलता से संपन्न होने पर आभार जताया, मां गंगा का वैदिक रीति रिवाज से किया गया दुग्ध अभिषेक

### मानव कल्याण विश्व शांति और देश में खुशी की कामना हुई

### » जन्मोत्सव समिति के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ शामिल रही

कुलदीप शर्मा , पब्लिक एशिया

**बृजघाट »** मां गंगा जन्म उत्सव समिति ने मां गंगा मैया का दुग्ध अभिषेक करते हुए देश में खुशहाली विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की मुक्तिधाम ब्रजघाट में शनिवार को गंगा जन्मोत्सव समिति ने मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच दुग्धाभिषेक और पूजा अर्चना की। अध्यक्ष देवेश शर्मा सोनू ने मंत्री टोनू सिंह, कोषाध्यक्ष महेश गोयल, सभासद अरुण गौड़, संचालक कपिल शर्मा, समेत विभिन्न



अनुष्ठानों को आई श्रद्धालुओं के साथ मिलकर हर हर गंगे के जयकारों के बीच मंत्रोच्चारण के साथ मां गंगा का पूजन और दुग्ध अभिषेक किया। ईसके बाद समिति द्वारा भंडारे का आयोजन कर स्थानीय लोगों समेत हजारों गंगा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।ऋषभ राठौर, बृजलाल गिरि, उमेश भारती, राजू भंडारी, दीपक कुमार, रविंद्र गोयल, पूर्व सभासद ओमप्रकाश पहलवान, ओमी चाचा, विकास यादव समेत कमेटी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी समेत सैकड़ो गंगा भक्त मौजूद रहे।

# तीर्थनगरी ब्रजघाट में अतिक्रमण का फैला जाल,श्रद्धालु बेहाल, अधिकारी अनजान

### » लाखो खर्च होने के बाद भी नहीं मिली अतिक्रमण से मुक्ति, सड़क तक दुकान सजाकर रखते हैं दुकानदार, आवाजाही में होती है परेशानी

कुलदीप शर्मा , पब्लिक एशिया

**बृजघाट »** तीर्थ नगरी में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान आदि के लिए आते हैं। इसके अतिरिक्त पूर्णिमा, अमावस्या अथवा अन्य किसी पर्व पर यह संख्या लाखों में तब्दील हो जाती है। धार्मिक नगरी के रूप में अपनी पहचान रखने वाली इस तीर्थ नगरी में अतिक्रमण के कारण यहां आने वाले श्रद्धालुओं एवं लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हाईवे से लेकर मुख्य बाजार में अतिक्रमण के कारण यहां से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार तो सामने से वाहन आने पर यहां जाम के हालात तक बन जाते हैं। इससे लोगों को चंद कदमों की दूरी तय करने में काफी समय लगता है इसके अतिरिक्त पूर्णिमा हरिद्वार के उत्तराखंड में जाने के बाद तीर्थ नगरी ब्रजघाट को मिनी हरिद्वर की तर्ज पर विकसित




किया जा रहा है। यहां हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली प्रदेश सहित मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, मुरादाबाद, तक श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए एवं अमावस्या, पूर्णिमा ,अन्य किसी पर्व पर यह संख्या लाखों में बदल जाती है। तीर्थ नगरी के विकास में सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। इसमें पक्का घाट, आरती स्थात, पार्किंग, रंगीन लाइट, लेजर शो आदि का निर्माण कराया गया है। लेकिन अतिक्रमण के कारण तीर्थ नगरी में आने वाले लोगों को गंगा पुल के पास हाईवे किनारे खड़े ठेले पटरी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। दुकानों के आगे कई फिट तक सामान को रख दिया जाता है। इसके अतिरिक्त ठेली पटरी वाले लोग मनचाही जगह खड़े हो जाते हैं। कई बार तो वह बीच सड़क पर ही सामान बेचना शुरू कर देते हैं। वहां से गुजरने वाले वाहन चालक उनको हार्न के माध्यम से ठेला आदि हटाने का संकेत देते हैं, लेकिन वह किसी की भी सुनने को तैयार नहीं होते। कई मार्ग पर तो अतिक्रमण के कारण यह हालात हो गए हैं कि यदि सामने से कोई दूसरा वाहन आ जाएं तो वहां जाम लगना तब है। मुख्य बाजार फौहारा चौक,होली चौक, शिव चौक,में अतिक्रमण के साथ ओवरब्रिज पर ठेली पटरी वालों ने अपना कब्जा जमाया हुआ है। यह ठेलों के साथ ही सड़क पर कुर्सी एवं मेज तक लगा देते हैं।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार ---



गढ़ पालिका अधिशासी अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी ने बताया पहले अतिक्रमणकर्ता को नोटिस भेजकर सूचित किया जाएगा की वह अपने प्रतिष्ठानो से स्वमं अतिक्रमण हटा लें इसके बाद भी अगर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो उसके बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा जिसका आने वाला खर्चा भी स्वमं अतिक्रमण धारक का होगा।

## मुख्य समाचार

### 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**मऊ ।** के थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रामनगर मोड़ के पास से मु0अ0सं0 206/25 धारा 69, 351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त रितुराज सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी बारा सिकटिया थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी के आदेशक्रम मे स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है इस समय जो मच्छर जनित रोगों का प्रकोप चल रहा है उससे निस्तारण पाने के लिए जिले में सभी जगह साफ-सफाई किया जा रहा है आज दिनांक 16 मई 2025 को जिला पंचायत राज अधिकारी जी के आदेश क्रम में छतवारा बाजार से बेलचा मंडी तक बवाली मोड़ तक करतालपुर चौराहे तक और भवरनाथ मंदिर तक हाफिजपुर चौराहे तक जुनैद गंज चौराहे तक रोड के दोनों पटरी पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी कचरा हटाते हुए झाड़ू लगाते हुए पॉलिथीन एकत्रित करते हुए इसी तरह सभी जगह साफ सफाई किया जा रहा है आज के साफ सफाई में जिला अध्यक्ष सीपी यादव वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया सेक्टर प्रभारी अभय चौहान राजबहादुर चौधरी वीरेंद्र कुमार बृजेश यादव रामाश्रय कुमार सुनील यादव रामबचन मनोरमा जागृति प्रसाद कमलेश कुमार रामसामऊज लीलावती मोहम्मद असलम श्री कृष्णा यादव आदि लोग मौजूद रहे करतारलपुर चौराहा भंवरनाथ मंदिर जनपद आजमगढ़

### पति व देवर को झूठे मुकदमे में फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए महिला ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन, लगाई न्याय के गुहार

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।



**आजमगढ़।** पति और देवर को झूठे मुकदमे में फसाए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित महिला ने शुक्रवार के दिन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। शहर कोतवाली के मोहल्ला खत्री टोला सब्जी मंडी निवासिनी अंतिमा मोदनवाल पत्नी रवि गुप्ता ने एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 30 मार्च की शाम 5 बजे अमन सिंह पुत्र अवनीश सिंह निवासी हीरा पट्टी थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ का मनजीत सिंह व हर्षित मल्होत्रा से पैसे के लेनदेन को लेकर चौक स्थित ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव के कपड़े की दुकान पर बातचीत हो रही थी। बातचीत होते-होते गाली गलौज हुआ हाथापाई होने लगी जिससे मौके पर काफी लोग इकट्ठा हो गए ।और बीच बचाव किया कुछ लोग मोबाइल से वीडियो भी बना लिए वीडियो बनाने में मेरा देवर विकास भी था ।अमन सिंह द्वारा उक्त घटना का मुकदमा थाना कोतवाली में तीन व्यक्तियों को नामजद व 10 12 अज्ञात के विरुद्ध दर्ज करा दिया गया ।बाद में दौरान विवेचना वीडियो बनाने से नाराज होकर अमन सिंह द्वारा मेरे पति व देवर का नाम भी प्रकाश में लाया जा रहा है। जबकि मेरे पति घटनास्थल पर मौजूद भी नहीं थे और मेरे देवर द्वारा केवल वीडियो बनाया गया है। मारपीट गाली गलौज व जान माल की धमकी देना सरासर झूठा व बनावटी है। जिसका साक्ष्य मेरे देवर विकास गुप्ता के मोबाइल में मौजूद है। बावजूद इसके मेरे पति व देवर को परेशान करने की नीयत से अमन सिंह द्वारा पुलिस को प्रभाव में लेकर दूषित विवेचना के आधार पर प्रार्थीनी के परिवार को हत्या के प्रयास जैसे मुकदमे में झूठा फसाया जा रहा है ।पीड़िता अन्तिमा मोदनवाल ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमे में निष्पक्ष विवेचना हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली को आदेशित करने की मांग की जिससे कि पति और देवर के साथ न्याय हो सके।

### प्रधानमंत्री आवास योजना,पीएम स्वनिधि योजना एवं टाइड/अनटाइड ग्रान्ट द्वारा नगर पालिका/नगर पंचायत में कराए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार-।। की अध्यक्षता में समस्त अधिशासी अधिकारियों के आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना एवं टाइड/अनटाइड ग्रान्ट द्वारा नगर पालिका/नगर पंचायत में कराए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि टाइड/अनटाइड ग्रांट से होने वाले कार्यों का पुन: आकलन करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त अधिशासी अधिकारी कराए जाने वाले कार्यों का एक प्रमाण पत्र देंगे कि उपरोक्त कार्य को कराया जाना अत्यंत आवश्यक है एवं इसका भी प्रमाण पत्र देंगे कि उपरोक्त कार्य पिछले कार्य योजना में शामिल नहीं है अथवा कराया नहीं गया है एवं उक्त कार्य किसी अन्य योजना में प्रस्तावित नहीं है। उन्होंने कहा कि शासनादेश के अनुसार कराए जाने वाले कार्यों का टेंडर समय से करा लें। शासन द्वारा जारी वित्तीय नियमों का अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों को तत्काल निस्तारित करेंएवं शिकायत करने वाले लाभार्थियों को कार्यालय में बुलाकर उनको आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, प्रभारी अधिकारी डूडा, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत तथा नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर सिर्फ सोफिया कुरैशी का ही नहीं पूरे देश की महिलाओं का अपमान किया है।

**आजमगढ़।** सपा महिला सभा आजमगढ़ ने सोफिया कुरैशी को मध्य प्रदेश के भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर सिर्फ सोफिया कुरैशी का ही नहीं पूरे देश की महिलाओं का अपमान किया है ।भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी का नारी शक्ति वंदन अभियान की पोल उनके मंत्री खोल रहा है। भाजपा सरकार संविधान व लोकतंत्र की विरोधी आरएसएस का मुखौटा है। समाज में हिंदू- मुस्लिम, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक के नाम पर नफरत पैदा कर पूंजीवादी व्यवस्था को मजबूत कर, गरीबों, किसानों, मजदूरों का अधिक शोषण कर गरीब बना रहे हैं व पूंजी पतियों को मालामाल कर रहे हैं ।महिला सभा की जिला अध्यक्ष बबीता चौहान के नेतृत्व में महिला सभा के पदाधिकारीयों के साथ महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को जिला अधिकारी आजमगढ़ के माध्यम से ज्ञापन दिया। और मांग किया कि विजय शाह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए और मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए। माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराया जाए।

# मनरेगा में बड़ा खुलासा : करमवा ग्राम सभा में कार्यों की फोटो से हेराफेरी कर मजदूरी का फर्जी भुगतान

**डीसी मनरेगा ने मजदूरों को किया शून्य,सीडीओ के आदेशों का हो रहा उल्लंघन**

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।



**मऊ (रानीपुर)।** रानीपुर विकासखंड की करमवा ग्राम सभा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत चल रहे कार्यों में भारी धांधली का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान अशोक राजभर पर आरोप है कि उन्होंने कार्यस्थल की फोटो में हेराफेरी कर मनरेगा पोर्टल पर फर्जी तरीके से कार्य दर्शाया, ताकि मजदूरी की राशि जारी की जा सके।

**»» फर्जी उपस्थिति,मजदूरों की मेहनत पर पानी**

स्थानीय मजदूरों का कहना है कि उन्हें काम पर बुलाया ही नहीं गया, लेकिन उनके नाम से उपस्थिति दर्ज कर उनके खाते में मजदूरी दिखाई जा रही है। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि कार्यस्थल पर न मजदूर हैं और न ही कार्य की प्रगति।

डीसी मनरेगा ने किया नाम शून्य

जब इस गंभीर गड़बड़ी की जानकारी उच्च अधिकारियों को मिली, तो जिला समन्वयक (डीसी) मनरेगा ने तत्काल प्रभाव से मजदूरों की सूची को रद्द करते हुए उन्हें शून्य घोषित कर दिया। यानी जो मजदूर फर्जी तरीके से सूची में दर्ज थे, उन्हें मान्यता समाप्त कर दी गई। यह कदम इस बात का संकेत है कि योजना में व्यापक स्तर पर फर्जीवाड़ा हुआ है।

**»» मुख्य विकास अधिकारी के आदेशों का पालन नहीं**

इस प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रशांत नगर ने पारदर्शी जांच के निर्देश दिए थे।

उन्होंने यह भी कहा था कि मजदूरी की राशि केवल वास्तविक मजदूरों के बैंक खातों में ही जाए और किसी भी स्तर पर हेराफेरी न हो।

लेकिन फिलहाल जो स्थितियाँ हैं, वे दर्शाती हैं कि सीडीओ के आदेशों की अनदेखी हो रही है और जमीनी स्तर पर मनरेगा योजना का दुरुपयोग जारी है।

**»» ग्राम सचिव का असमंजस भरा रवैया**

जब ग्राम पंचायत सचिव संतोष कुमार से इस बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि भाईसही नदी के पास मनरेगा का कार्य चल रहा है। लेकिन जब उनसे पूछा गया कि कितने मजदूर कार्यरत हैं और कितने को मजदूरी मिली है, तो वे कोई ठोस उत्तर नहीं दे सके।

इससे यह स्पष्ट है कि श्रमिक उपस्थिति का कोई वास्तविक रिकॉर्ड नहीं है।

प्रशासन से जवाबदेही की माँग

करमवा ग्राम सभा में मनरेगा कार्यों को लेकर जो गंभीर आरोप सामने आए हैं, वे योजना की पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करते हैं। जरूरत इस बात की है कि जांच में पारदर्शिता बरती जाए,

दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा की जाए।

### अनाधिकृत रूप से संचालित पर्यटक बसों पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई,चार बसों का चालान,दो बसें व दो जीप





(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**मऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार जनपद में अनधिकृत रूप से संचालित पर्यटक वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) सुहेल अहमद तथा यात्रीकर अधिकारी अरविन्द कुमार जैशल के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन कर रही बसों और अन्य वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की।

अधिकारियों द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में की गई इस जांच के दौरान 04 पर्यटक बसों का चालान किया गया, जिनमें से 02 बसों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। ये बसें न केवल अनुमन्य मार्गों से इतर मार्गों पर संचालित हो रही थीं, बल्कि परमिट की शर्तों का भी खुला उल्लंघन कर रही थीं। इसी अभियान के तहत 02 प्राइवेट जीपों को भी सीज किया गया, जो बिना अनुमति और नियमों के विरुद्ध संचालन में लिप्त पाई गईं।

इसके अतिरिक्त जांच टीम ने 06 ऑटो रिक्शा व मोटर कैब वाहनों का चालान भी किया, जो या तो आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में पाए गए अथवा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आम जन की सुरक्षा तथा वैध परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है।

## भीषण गर्मी के बावजूद पुरी कटिबद्धता से राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल मिले कार्य करते मौके पर

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।



**मऊ।** जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24 के तहत पारित आदेशों का मौके पर अनुपालन की वस्तुस्थिति की जांच हेतु आज तहसील मोहम्मदाबाद गोहना के ग्राम जहानियापुर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश मिश्रा, लेखपाल शशि शेखर, चैन मैन शिवम श्रीवास्तव द्वारा पत्थर नसब का कार्य संपन्न किया जा रहा था ज्ञातव्य है कि धारा 24 के तहत आख्या द्य में देरी तथा पारित आदेशों के अनुपालन में ढिलाई के देखते हुए जिलाधिकारी ने समस्त उप जिला अधिकारियों को रबी फसल कटाई के उपरांत जांच आख्या हेतु लेखपालों को निर्देशित करने तथा धारा 24 में पारित आदेशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। जिला अधिकारी के निर्देशों एवं चेतावनी के कारण इस माह अब तक धारा 24 में लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा प्राप्त कच्ची आख्या तथा आदेशों के तत्काल अनुपालन में विशेष प्रगति देखने को मिली है। इस मौके पर जिलाधिकारी ने इतनी भीषण गर्मी में भी पारित आदेशों का अनुपालन करने पर राजस्व विभाग की टीमों को बधाई दी तथा उनके कार्यों के प्रति कटिबद्धता को लेकर सराहना की। इसके अलावा निर्विवाद वरासत एवं धारा 80 में भी पिछले 8 महीने से कोई भी प्रकरण समय सीमा के उपरांत ना पाए जाने पर जिला अधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की विभिन्न धाराओं में लंबित वादों तथा अन्य राजस्व कार्यो की गहन साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है जिसके फलस्वरुप धारा 80 में कोई भी प्रकरण पिछले 8 माह से समय सीमा के उपरांत लंबित नहीं है तथा धारा 24 में भी रबी फसल कटाई के उपरांत लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा जांच आख्या प्रेषित करने तथा पारित आदेशों का मौके पर तत्काल अनुपालन करने में विशेष प्रगति देखने को मिली है।

## पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति में भाजपा का त्रिस्तरीय अभियान

**मऊ में कार्यशाला का हुआ भव्य आयोजन**

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**मऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्र की महान नायिका पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में चलाए जा रहे त्रिशताब्दी अभियान के तहत मऊ जिले में एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन स्थानीय आर.एस. पैलेस में किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने की, जबकि संचालन महामंत्री राकेश मिश्रा ने किया।

**▸ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने किया मार्गदर्शन**

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर हमारे राष्ट्र की नायिका थीं।

उनका जीवन भारतीय संस्कृति, नारी सशक्तिकरण और जनकल्याण की अनुपम मिसाल है।

भाजपा कार्यकर्ता उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके योगदान को घर-घर पहुंचाने का कार्य करें।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को विशेष रूप से जोड़ने और सशक्त करने की दिशा में कई कार्यक्रम तय किए हैं, जो आगे विधानसभा और ब्लॉक स्तर तक आयोजित किए जाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि यह सिर्फ एक स्मृति कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक और वैचारिक जागरण अभियान है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनसंपर्क, संवाद और सेवा कार्यों के माध्यम से अहिल्याबाई होलकर के विचारों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं।

**▸ जनपद मऊ से अभियान की शुरुआत को बताया सौभाग्य**

भाजपा जिला प्रभारी रमेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रदेश अध्यक्ष स्वयं मऊ आकर इस ऐतिहासिक अभियान की शुरुआत कर रहे हैं। अहिल्याबाई होलकरं।

एक साधारण परिवार से निकलकर अपनी बुद्धिमत्ता और परोपकार से राजसत्ता तक पहुँचीं और वहां भी उन्होंने नीति, धर्म और सेवा की एक नई मिसाल कायम की।

हम सबका कर्तव्य है कि इस अभियान को पूरी निष्ठा से जन-जन तक पहुंचाएं।

# पर्यावरण सुरक्षा माह मनाने के लिए समीर प्रकृति संग्रहालय संचालित शुरुआत समिति द्वारा आजमगढ़ में विशेष पहल का आरंभ हुआ

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।




**आजमगढ़ ।** पर्यावरण सुरक्षा माह मनाने के लिए समीर प्रकृति संग्रहालय संचालित शुरुआत समिति द्वारा आजमगढ़ में विशेष पहल का आरंभ हुआ है। जिसके प्रयास स्वरूप जिले के मुबारकपुर कस्बे में स्थित सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में वेटलैण्ड ताल सलोने अजमतगढ़ को रामसर क्षेत्र घोषित करने के लिए भारत सरकार को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। ताल सलोने को रामसर क्षेत्र घोषित होने से प्रकृति पर्यटन में वृद्धि होगी।

अयाज अहमद खान, संस्थापक, सी0पी0एस ग्रुप ने आयोजन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बिना देर किये जल संरक्षण के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी बढ़ी शिद्दत से निभानी होगी। उन्होंने बताया कि अथर्ववेद में पानी का उल्लेख किया गया है कि तू ही ब्रम्हाण्ड को बनाता है, तू ही ब्रह्म है तू ही कुदरत है। उन्होंने कहा कि हमारे ग्रन्थों में ही नहीं बल्कि दुनिया के सारे धर्मों में पानी के संरक्षण की बात कही गई। उन्होंने युवाओं से अपील किया कि अपने आखों का पानी न मरने दें, क्योंकि जब तक आपके आंखों में पानी आयेगा तब तक भारत बेपानी नहीं होगा। और इसके लिए जरूरी है अपने मन के अन्दर की मानवता को मरने न दे।

सभी का स्वागत करते हुए प्राचार्य सुश्री रेखा सिंह ने कहा कि धरती पर पानी है तभी जीवन संभव है। बिना पानी के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पानी पर सिर्फ हमारा अधिकार नहीं बल्कि धरती पर रह रहे असंख्य जीव जंतुओं का अधिकार है। इसलिए हमें एक बेहतर मनुष्य का व्यवहार कर सबके हक का सम्मान करना होगा।

शुरुआत समिति की सचिव/पर्यावरण समिति आजमगढ़ की सदस्य श्रीमती रीता राय ने कहा कि इस इलाके की विरासत तालाब, वेटलैण्ड और नदियां है। इसके संरक्षण के लिए विद्यार्थियों और नागरिकों को आगे आकर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील करनी होगी। जैव विविधता तभी संरक्षित रहेगा जब घरती पर पानी रहेगा। इसलिए सभी को जल भण्डारण की सुरक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा ।शोध छात्र विकल्प रंजन ने कहा कि समीर प्रकृति संग्रहालय का उद्देश्य सभ्यताओं को जीवित रखने के लिए प्रकृति का संरक्षण जरूरी है, इस अवधारणा को साकार करना है।

धन्यवाद करते हुए डा0 आजाद अहमद खान, मैनेजर, सी0पी0एस ग्रुप ने कहा कि बदलते हुए समय के साथ यह आवश्यक है कि हम हर तकनीक एवं अनुसंधान में ऐसे विषयों को प्रोत्साहित करें जिसमें हम पानी के अपने स्त्रोतों का कम से कम दोहन करें। भारतीय कृषि के परिपेक्ष्य में भूजल प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग के कारण भूजल के जहरीले होने का खतरा हमारे सर पर मंडरा रहा है। यह आवश्यक है कि आज नयी पीढी इन समस्याओं को समझकर इसके समाधान के बारे में सोधे और इसके लिए प्रसिद्ध पर्यावरणविदों के अनुभव से सीखे और अपने जीवन में लागू करने का प्रयास करें।

संस्कृतकर्मी राजीव रंजन ने कहा कि हम अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण करें, खाली पड़ी जमीनों पर स्मृति वन बनाये। इस अभियान से न सिर्फ वन क्षेत्र में होगी वृद्धि बल्कि आस पास का वातावरण भी प्रदूषण मुक्त होगा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा पौधा रोपण कार्य किया गया।

## प्रदेश में '' एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना '' संचालित की गयी

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।




**आजमगढ़।** उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने बताया है कि प्रदेश में '' एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना '' संचालित की गयी है। इसमें आजमगढ़ जिले के चयनित उत्पाद ब्लैक पाटरी एवं वस्त्र उत्पाद (रेशमी साड़ी) हेतु उद्योग/सेवा/व्यवसाय क्षेत्र में बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त शासनादेश के अनुपालन के क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनपद का लक्ष्या 54 के सापेक्ष 162.00 लाख की मार्जिन मनी का आवंटिन किया गया है। योजनान्तर्गत रू0 25.00 लाख तक की कुल परियोजना पर अनुदान राशि 25 प्रतिशत अधिकतम 6.25 लाख रू0 25.00 लाख से 50.00 लाख तक की परियोजना पर अनुदान राशि रू0 6.25 लाख या परियोजना लागत का 20 प्रतिशत जो भी अधिक हो, 50.00 लाख से 150.00 लाख तक की परियोजना पर अनुदान राशि रू0 10.00 लाख या परियोजना लागत का 10 प्रतिशत जो भी अधिक हो तथा 150.00 लाख से अधिक की परियोजना पर अनुदान राशि परियोजना लागत का 10 प्रतिशत या अधिकतम 20.00 लाख जो भी कम हो मार्जिन मनी के रूप में सरकार द्वारा दिया जायेगा। उक्त अनुदान राशि योजना के दो वर्ष के सफल संचालन के बाद समायोजित की जायेगी। सामान्य श्रेणी के पुरूष लाभार्थी को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अंशदान स्वयं का लगाना पडेगा। इसके अतिरिक्त अन्य सभी लाभार्थी को स्वयं का अंशदान 5 प्रतिशत लगाना होगा।

आवेदक कम से कम 18 वर्ष का हो तथा शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नही हैं आवेदक किसी वित्तीय संस्था का ऋणी न हो। आवेदक या उसके परिवार के किसी अन्य सदस्य को सरकारी योजना अनुदान से लाभान्वित नहीं किया गया हो। विशेष श्रेणी के लाभार्थी हेतु सक्षम अधिकारी का प्रमाण-पत्र अनिवार्य होगा। आवेदन जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, के माध्यम से किया जाना है। तत्पश्चात् जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित टास्कफोर्स कमेटी द्वारा लाभार्थी का चयन करते हुए पत्रावली सम्बन्धित बैंक शाखाओं को वित्त पोषण हेतु प्रेषित कर दी जायेगी।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति http://diupmsme.upsdc.gov.in पर लक्ष्य पूर्ति होने तक अपना आवेदन आनलाइन कर सकते है। विशेष जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन पत्र आनलाइन ही मान्य होगा, आफ लाइन आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगें।

### ग्रीष्म कालीन मौसम के दृष्टिगत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की गठित टीम द्वारा नमूना लिया गया

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**आजमगढ़ ।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी आज़मगढ़ के आदेश के क्रम में जनपद में ग्रीष्म कालीन मौसम के दृष्टिगत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की गठित टीम द्वारा लांलगज से 01 एनर्जी ड्रिक, 01 शीतल पेय, 01 दूध व 01 मैगो सेक एवं नगर पालिका आजमगढ़ से 02 आइसक्रीम, 01 मैगो सेक, 01 नमकीन, 01 बिस्कुट व 01 कुल्फी एवं नगर पालिका मुबारकपुर से 01 मैगो सेक 02 आइसकैण्डी घोल तथा गोपालपुर पट्टी से 01 आइसक्रीम का नमूना संकलित कर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।

टीम द्वारा फल विक्रेताओं को साफ-सफाई के साथ विक्रय व भण्डारण के प्रति जागरूक किया गया तथा शरबत व शीतल पेय विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए साफ-सफाई व शुद्वता के साथ विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया।

सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। आज़मगढ़ श्री सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि ।

छापेमार कार्यवाही ग्रीष्म कालीन मौसम के दृष्टिगत अनवरत रूप से जारी रहेगी।

एवं आम जनमानस से अपील की गयी कि वे पैक्ड खाद्य सामग्री लेने से पहले उसकी बेस्ट बिफोर एवं एक्पायरी डेट जांच परख करने के पश्चात् ही क्रय करें व रंगीन खाद्य पदार्थो से परहेज करें।


उक्त छापेमार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण संजय कुमार तिवारी, कीर्ति आनन्द, लालमणि यादव, शीत कुमार सिंह, ।

बेबी सोनम, गोविन्द यादव, सुचित प्रसाद ,रजनीश कुमार सम्मिलित रहें।

## मुख्य समाचार

## नगर पंचायत छुटमलपुर में उपकरणों एवं निर्देशों के अभाव में चरमराती विद्युत आपूर्ति व्यवस्था

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**छुटमलपुर।** नगर पंचायत छुटमलपुर में गर्मियों के आरंभ होते ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जिससे कि क्षेत्र के निवासी पूरी तरह से त्रस्त हैं। छुटमलपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित फतेहपुर विद्युत उपकेंद्र जिससे कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली सप्लाई की जाती है। बिजलीघर में फोन करने पर उठाने में भी उपस्थित कर्मचारियों को कष्ट होता है। संविदा कर्मचारी तो मूड के हिसाब से फोन उठाते हैं। और किसी समस्या को बताने पर दूसरे काम में व्यस्त होने का बहाना बना देते हैं। वोल्टेज की समस्या भी इन दिनों क्षेत्रवासियों को खूब सता रही है। दोपहर होते ही तकरीबन तीन से चार घंटे की बिजली कटौती का कारण पूछने पर कोई संतुष्टि भरा जवाब प्राप्त नहीं होता है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा कानून व्यवस्था के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था को भी पुरजोर तरीके से सुव्यस्थित करने का आदेश दिया गया है। बावजूद इसके आखिरकार इस अव्यवस्था का कारण क्या हैं यह समझ से परे है। जैसे ही शाम के समय बिजली आती है घंटों लंबे शटडाउन अब आम सी बात हो गई है। एक तरफ विद्युत विभाग हाईटेक होने की बातें करता है दूसरी तरफ अव्यवस्था की गहरी खाई से विभागीय कर्मचारी निकलने को तैयार नहीं है।

## मुजफ्फरनगर में मुठभेड़ के बाद अंतरराज्यीय लुटेरा गैंग पकड़ा गया



**मुजफ्फरनगर »** मुजफ्फरनगर में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय लुटेरों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में डकैती की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था। जानसठ कोतवाली क्षेत्र में खतौली मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पलड़ी शाहपुर निवासी सरताज उर्फ भूरा गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी सलमान, निवासी नसीरपुर थाना नई मंडी, कांबिंग के दौरान पकड़ा गया। दोनों के पास से अवैध हथियार, चोरी की बाइक और करीब 10 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं। यह सामान मंडी जिले में हुई डकैती और ककरौली व भोपा क्षेत्र की चोरी की घटनाओं से जुड़ा है। जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गोवा, गुजरात और चंडीगढ़ में सक्रिय रहा है। बदमाश अपराध से पहले पेंटिंग, लकड़ी या बिजली का काम बताकर घरों की रेकी करते थे। गिरोह का सरगना फरमान पहले मंडी में एक घर में पेंट का काम कर चुका था और कुछ महीनों बाद उसी घर में लूटपाट की। पुलिस ने गिरोह के नेटवर्क को ध्वस्त करने की कार्रवाई तेज कर दी है।

## मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण ने शामली में अवैध कॉलोनियों का ध्वस्तीकरण किया

**मुजफ्फरनगर »** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा 16 मई 2025 को विकास क्षेत्र शामली में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। उपाध्यक्ष कविता मीना के आदेशों के अनुपालन में मदरलैण्ड स्कूल के पास एम.एस.के रोड स्थित लगभग 10 बीघा और सहारनपुर रोड स्थित अम्बा विहार कॉलोनी के पास लगभग 6 बीघा भूमि पर हो रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। यह प्लॉटिंग बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए की जा रही थी। संबंधित भू-स्वामियों को पहले ही नोटिस जारी कर चालानी कार्यवाही के बाद ध्वस्तीकरण आदेश दिए गए थे, लेकिन अवैध निर्माण नहीं हटाया गया। इसके चलते प्राधिकरण ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर कार्रवाई की। ध्वस्तीकरण के दौरान अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता समेत प्राधिकरण की पूरी टीम मौजूद रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिए संबंधित थाने की पुलिस भी तैनात की गई थी। यह कार्रवाई करीब 16 बीघा भूमि पर फैली अवैध कॉलोनियों को हटाने के उद्देश्य से की गई, ताकि नियमविहीन शहरी विकास पर रोक लगाई जा सके और अधिकृत योजना के तहत ही विकास सुनिश्चित हो सके।



## पत्रकार के पिता की कैंसर की बीमारी के चलते मौत, जनपद के पत्रकारों में शोक की लहर



**शामली »** शहर के मौहल्ला गुजरातियान निवासी एक व्यक्ति की कैंसर की बीमारी के चलते मौत हो गई। मृतक लंबे समय से कैंसर की बामारी से जझ रहे थे।शहर के मौहल्ला गुजरातियान निवासी पत्रकार सागर कौशिक के पिता नरेश कौशिक पिछले लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीडित थे। जिनका शामली से लेकर दिल्ली, उत्तराखंड जैसे अस्पतालों में उपचार चल रहा था, लेकिन लगातार कैंसर पेट में फैलता गया। काफी समय से नरेश कौशिक अपने घर पर ही उपचाराधीन थे। शुक्रवार सवेरे उन्होने अपने आवास पर अंतिम सांस ली और उनकी लंबी बीमारी के चलते मौत हो गई। नरेश कौशिक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।पत्रकार जगत में गम का माहौल ।वही गणमान्य लोगों ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी है।

# गन्ना भुगतान न होने से नाराज किसानों का बजाज शुगर मिल के खिलाफ प्रदर्शन

### विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

प्रशांत त्यागी, पब्लिक एशिया



**देवबंद।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने देवबंद के उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बजाज शुगर मिल गांगनौली द्वारा किसानों को गन्ने का भुगतान समय पर न किए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि बजाज शुगर मिल गांगनौली ने अभी तक केवल 12 दिसंबर तक का ही गन्ना भुगतान किया है, जबकि अन्य चीनी मिलें किसानों को 14 दिनों के भीतर भुगतान कर रही हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर यह मिल किसानों का पैसा क्यों रोक रही है और क्या यह सरकार के नियमों के अंतर्गत नहीं आती है। किसानों ने अपनी आर्थिक परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि गन्ना भुगतान में देरी के कारण उन्हें बच्चों की शिक्षा, घर के राशन और फसलों के लिए खाद-बीज खरीदने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अगले 15 दिनों के भीतर किसानों का गन्ना भुगतान नहीं किया गया, तो भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति मिल की डिस्टलरी को बंद कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी। इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में तल्हेड़ी बुजुर्ग में लगी टायर फैक्ट्री से निकलने वाली दुर्गंध का मुद्दा भी उठाया गया। यूनियन ने बताया कि इस फैक्ट्री के रास्ते से आसपास के गांवों के बच्चे स्कूल जाते हैं और टायर जलने की लगातार दुर्गंध से क्षेत्र में कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियां फैल रही हैं।

उन्होंने मांग की कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस फैक्ट्री को आबादी वाले क्षेत्र से दूर स्थापित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष राहुल खारी, युवा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नवाब अली, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा गुलशेर त्यागी, जिला अध्यक्ष व्यापार सभा सुनील सैनी, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा दुष्यन्त चैधरी, ब्लॉक अध्यक्ष नागल अम्बुज कुमार, जिला मीडिया प्रभारी ज्योत्सना भारद्वाज, दीपक कुमार, विकास कुमार, अनुज कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को लेकर जनजागरण अभियान

### » कपिल देव अग्रवाल ने किया प्रमुख स्थलों का दौरा

एजेंसी

**मुजफ्फरनगर »** नगर विधायक व उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुज़फ्फरनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख स्थलों - नुमाइश ग्राउंड स्टेडियम, कंपनी बाग और राजकीय इंटर कॉलेज मैदान - का दौरा कर आमजन से संवाद स्थापित किया। यह जनसंपर्क अभियान आगामी 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' को सफल बनाने के उद्देश्य से चलाया गया। उन्होंने नागरिकों से 17 मई को सांय 5 बजे टाउन हॉल से प्रारंभ होने वाली तिरंगा यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, शौर्य और सामाजिक एकता को मजबूती देना है। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह यात्रा केवल आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत करने का एक प्रयास है, जिसमें हर नागरिक का योगदान आवश्यक है। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें सुधीर खटीक, राधे वर्मा, नितिन गर्ग, विवेक चौहान और नवनीत कुच्छल प्रमुख रूप से शामिल थे।

कार्यकर्ताओं और नागरिकों में यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने इस राष्ट्रसेवा के प्रयास को सराहा और यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।



## देवबंद में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ एक बदमाश घायल

### 16 चोरी की बाइक बरामद



प्रशांत त्यागी, पब्लिक एशिया

**देवबंद »** उत्तर प्रदेश पुलिस अपराधियों पर काल बनकर टूट रही है। शुक्रवार की सुबह ही देवबंद में बदमाशों और पुलिस के बीच हुई आमने-सामने की फायरिंग हो गई। फायरिंग में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। मुठभेड़ में एक सिपाही को भी चोट आने की खबर है। पुलिस और बदमाशों के बीच कई राउंड फायरिंग हुई। घेराबंदी बंदी के बाद पुलिस ने मौके से दो बदमाशों को हिरासत में लिया है। गोली लगने से घायल हुआ बदमाशों की पहचान देवबंद निवासी सफान पुत्र आरिफ और शाहनवाज पुत्र हनीफ निवासी नेचलगढ के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों ही बदमाश बाइक लूट समेत कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं। शुक्रवार को भी आरोपी बदमाश किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने जैसे ही बदमाशों की घेराबंदी की तो आरोपी बदमाशों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा के लिए जवाबी फायरिंग शुरू की, जिसमें एक गोली आरोपी बदमाश सफान के दाहिने पैर में जा लगी। फायरिंग के दौरान एक बदमाश पास के ही खेत में घुस गया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी के बाद उसे भी हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक दोनों बदमाश बाइक लूट समेत कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने 315 बोर के दो देशी तमंचे, कारतूस व चोरी और लूट की चोरी और लूट की 16 बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी दोनों बदमाश शुक्रवार की सुबह स्कूटी द्वारा देवबंद क्षेत्र के बनेड़ा गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे थे। पुलिस ने आरोपी बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता लैब से टेस्ट कराएं : नगरायुक्त

### राजस्व विभाग, इंजीनियरिंग एवं स्मार्ट सिटी पर रहेगा फोकस

अर्पित मिड्ढा, पब्लिक एशिया



**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता लैब से टेस्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम का एक गेस्ट हाऊस बनवाने तथा अम्बेडकर स्टेडियम में कैफेटेरिया बनवाने का भी सुझाव दिया। नगरायुक्त निगम के शाकुंभरी सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने नगर निगम व स्मार्ट सिटी को और अधिक गति देने के लिए राजस्व विभाग, इंजीनियरिंग एवं स्मार्ट सिटी पर फोकस करने को कहा। नगरायुक्त ने टैक्स विभाग को निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र के भवनों को आवासीय व गैर आवासीय तथा मिश्रित क्षेत्रों के रुप में अलग-अलग विभाजित कर उनका विवरण तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों को टैक्स विभाग का हर रोज रिव्यू करने तथा सम्पत्तियों का मिलान करने के भी निर्देश दिए। निगम के वाहनों में डीजल बचाने के उपायों पर उन्होंने अनेक टिप्स दिए तथा इलेक्ट्रिक बस स्टेशन पर ई चार्जिंग स्टेशन की जानकारी ली। चैराहों और प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण के सम्बंध में अधिकारियों ने नगरायुक्त को बताया कि कुछ चैराहों/तिराहों का सौंदर्यीकरण पहले से प्रस्तावित है। जिस पर उन्होंने उनकी निविदा प्रक्रिया और विकास कार्य निष्पक्ष, तेज और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रीट लाइट मरम्मत, सम्पत्ति नाम परिवर्तन, सफाई कार्य, टैक्स कलेक्शन, जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए भी समयबद्धता पर जोर दिया। पर्यावरण संतुलन और वृक्षारोपण पर जानकारी लेते हुए उन्होंने पूछा कि रायवाला स्थित निगम के प्रभाकर उद्यान में मियावाकी कितने क्षेत्र में बना है, कितने क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया है, अभी तक क्या-क्या किया गया है और क्या प्रस्तावित है ? उन्होंने इस पर विस्तार से प्रेजेंटेशन देने के निर्देश दिए। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह व आलोक श्रीवास्तव, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह तथा लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे रेलपार के लोग

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**शामली »** शहर के रेलपार स्थित वार्ड-11 तेज सिंह कालोनी में पिछले कुछ दिनों से पानी की समस्या खडी है। पीने के लिए पानी न होने से लोग मौहल्ले में लगे हैंडपंपों से पानी भरकर ले जाने को मजबूर है। मौहल्लेवासियों का कहना है कि कई बार नगर पालिका को शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई।

शहर के मौहल्ला रेलपार तेज सिंह कालोनी में पिछले कुछ दिनों से पानी की समस्या खडी है। संजय गोयल उर्फ बोबी ने बताया कि जो` वार्ड में पानी की टंकी बनी है 2-2 ट्यूबवेल होने के बावजूद भी पानी शिव विहार तेज सिंह कॉलोनी में नहीं आ रहा है। इनका कहना है कि टयूवैल न लगने के बावजूद पानी न आने से भीषण गर्मी में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। पानी न होने के कारण शुक्रवार को लोग मौहल्लें में लगे हैंडपंप से पानी लाने को मजबूर दिखे। हैंडपंप पर पानी भरने के लिए लोगों की लाईने लगी रही। मौहल्लेवासियों ने बताया कि नगर पालिका को कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक समस्या का कोई समाधान नही हुआ। नगर पालिका के जेई को भी कॉलोनी में बुलवाकर जांच कराई तो मौके पर पानी नहीं आ रहा था। समाजसेवी आकाश गोयल ने कहा किअगर कॉलोनी में पानी का जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो हम नगर पालिका में धरने पर मजबूर होगे। इस मौके पर विजय कौशिक, आशीष, हरबीर, संजय गोयल बोबी, डा. राजबीर, परवीन, सुनील, राजकुमार, अनिल, नरेंद्र, अंकित, ओमप्रकाश गिरी, नीटू, रामकुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

## जनता दर्शन में समस्याएं सुनकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश.

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**मुजफ्फरनगर »** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के आदेशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दर्शन का आयोजन किया। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित करते हुए जन सामान्य की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। उन्होंने उपस्थित लोगों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनहित से जुड़ी समस्याओं का समाधान तत्काल प्रभाव से किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जन सुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन और आम जनता के बीच समन्वय स्थापित कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। इस पहल से लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। जनता दर्शन में आए सभी लोगों ने इस व्यवस्था की सराहना की और समयबद्ध कार्रवाई की उम्मीद जताई।

# जिलाधिकारी ने प्रगतिशील किसान के खेत का किया निरीक्षण


पब्लिक एशिया ब्यूरो



**नाईपुरा »** विकासखण्ड जानसठ के एक कृषक के खेत का जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर ने निरीक्षण किया। किसान लगभग 16 एकड़ में मक्का, तरबूज, खरबूज और हरी मिर्च की खेती कर रहा है। खेत में उद्यान विभाग द्वारा अनुदानित ड्रिप सिस्टम और कृषि विभाग की पीएम-कुसुम योजना के तहत 5 एचपी का सोलर पंप लगाया गया है। किसान ने बताया कि प्रति एकड़ तरबूज और खरबूज से लगभग 50 हजार रुपए का लाभ होता है, इसके बाद खरीफ में मक्का उत्पादन से 50 हजार रुपए तक बचत होती है। रबी में सब्जी उत्पादन से भी लगभग 50 हजार रुपए की बचत होती है। कुल मिलाकर एक एकड़ से सालाना 1 से 1.5 लाख रुपए तक की बचत और लाभ प्राप्त होता है। ड्रिप सिचाई के कारण उर्वरक की खपत कम हो रही है, जिससे लागत में भी कमी आई है। जिलाधिकारी ने ड्रिप प्रणाली और वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का निरीक्षण किया और किसान की सराहना की।

वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से रसायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हुई है और स्वास्थ्यकर खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। जिलाधिकारी ने किसान को अपने क्षेत्र में कम से कम 100 किसानों को इस प्रकार खेती के लिए प्रेरित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कृषि विभाग के उप निदेशक को प्रगतिशील किसान को सम्मानित करने के निर्देश भी दिए।

## पुलिस अधीक्षक ने किया किया पुलिस लाइन का निरीक्षण



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**शामली »** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण कर किया गया। खामिया मिलने पर एसपी ने सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा सर्वप्रथम पुलिस लाईन में परेड़ की सलामी ली गई। परेड में शामिल अधिकारी, कर्मचारियों के टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया गया। पुलिस लाइन में कर्मचारियों के मैस में भोजन की गुणवत्ता, आवासीय बैरक, शौचालय आदि का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। इस निरीक्षण में पुलिस लाईन की परिवहन शाखा व यूपी-112 शाखा के वाहनों की स्थिति की जानकारी भी की गयी। इसके बाद एसपी ने अर्दली रूम में रजिस्टर चौक किये गये एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप सिंह मौर्य, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह मौजूद रहे।

## मुख्य समाचार

## नाली के कूड़े को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला, महिला की सड़क हादसे में मौत.

**मुज़फ्फरनगर »** मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के नया गांव मंधेड़ा में शुक्रवार को नाली की सफाई को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। अनुसूचित जाति के बिजेंद्र सिंह और उसके बेटों पर आरोप है कि उन्होंने गांव के ही सुरेंद्र चौधरी के परिवार पर हमला किया। बताया गया कि बिजेंद्र नाली का कूड़ा और पन्नी अक्सर सुरेंद्र के घर के सामने फेंकता था, जिसको लेकर कहासुनी हुई। थोड़ी देर बाद बिजेंद्र अपने 5-7 साथियों के साथ सुरेंद्र के घर पहुंचा और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सुरेंद्र, उसकी पत्नी रामेश, बेटा दीपक और शुभम घायल हो गए। घायल परिवार रिपोर्ट दर्ज कराने शाहपुर थाने जा रहा था, तभी रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में सुरेंद्र की पत्नी रामेश (50 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी है। मृतका के देवर सिंह चौधरी ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और पूरे हमले को पूर्व नियोजित बताया है।

## सीबीएसई टॉपर सावी जैन को कांग्रेसियों ने दी बधाई



**शामली »** सीबीएसई बोर्ड में बारहवीं में भारत वर्ष में शीर्ष रैंक प्राप्त करने पर शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्र सावी जैन को कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के प्रतिनिधि के तौर पर सीबीएसई परीक्षा में बारहवीं में भारत वर्ष में शीर्ष रैंक प्राप्त करने पर शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्र सावी जैन को उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के प्रतिनिधि के तौर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सावी जैन के घर पहुंचा। इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा ने आशीर्वाद स्वरूप प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की ओर से एक स्मृति चिह्न और गुलदस्ता भेंट करते हुए सावी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वैभव गर्ग, ठाकुर लाखन सिंह, विनोद अत्री, रविन्द्र आर्य, पुनीत शर्मा एवं सोहिल धीमान ने भी बिटिया सावी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## सड़क हादसे में हुई मौत पर आर्थिक सहायता की माँग



**शामली »** शहर के मौहल्ला शांतिनगर निवासी दो दोस्तों की एक माह पूर्व हुई सडक हादसे में मौत के बाद परिजनों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान कराने की मांग की है। शुक्रवार को शहर के मौहल्ला शांतिनगर निवासी मनोज कुमार व अमित कुमार ने जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान को दिए पत्र में कहा कि पीडितों के दो बच्चे तुषार पुत्र अमित कुमार, तुषार कुमार पुत्र मनोज कुमार गत 12 अप्रैल को समय करीब 7.45 बजे शामली से मुजफ्फरनगर बाईक से जा रहे थे। इसी दौरान जाते समय लालूखेडी से आगे शेरा ढाबा के पास सामने से रॉग साईड से आ रहे टैक्टर ने जबरदस्त टक्कर मार दी जो टैक्ट्रर ड्राईवर बडी तेजी व लापरवाही से चला रहा था और उसमें लाईट भी नही थी। टक्कर लगने से दोनों बच्चों की दर्दनाक मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। दोनों लडके परिवार की रीढ थे जिनसे ही घर की आजीविका चलती थी वह भी बन्द हो गयी है। उन्होने परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की।

## आपदा में सेवा को तैयार एनसीसी कैडेट्स, थाना प्रभारी ने की सराहना



**थानाभवन »** शुक्रवार को लेफ्टिनेंट सुरेंद्र सिंह , चीफ अधिकारी अशोक कुमार व सभासद दिनेश कुमार एनसीसी छात्रों के साथ स्थानीय थाने पहुंचे और थाना प्रभारी से मुलाकात की। उन्होंने थाना प्रभारी बिजेंद्र रावत को यह विश्वास दिलाया कि यदि किसी आपदा या संकट की स्थिति में एनसीसी कैडेट्स की आवश्यकता पड़ती है, तो वे निस्वार्थ भाव से हर समय प्रशासन के साथ खड़े रहेंगे।एनसीसी अधिकारियों ने बताया कि छात्र आपदा प्रबंधन, राहत, बचाव व अनुशासन संबंधी कार्यों में प्रशिक्षित हैं और वे किसी भी प्रकार की सेवा के लिए तत्पर हैं।थाना प्रभारी ने एनसीसी कैडेट्स की इस भावना की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आपदा के समय ऐसे सेवाभाव युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने एनसीसी द्वारा समय-समय पर किए जा रहे सामाजिक योगदान को प्रेरणादायक बताया।थाना प्रभारी ने एनसीसी कैडेडस को फल वितरित भी किये।इस अवसर पर नगर पंचायत सभासद दिनेश कुमार उर्फ कुमार भी उपस्थित रहे और उन्होंने एनसीसी के प्रयासों की सराहना की।यह मुलाकात न केवल प्रशासन और एनसीसी के बीच सहयोग को मजबूती देने वाली रही, बल्कि युवाओं में सेवा भावना को भी प्रोत्साहित करने वाली साबित हुई।

# डीएम ने की बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा

### अच्छा कार्य करने वाले अध्यापकों को करें प्रोत्साहित, लापरवाही पर करें दण्डित

**» शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान समारोह आयोजित कर करें सम्मानित : डीएम**



अर्पित मिड्ढा, पब्लिक एशिया

**सहारनपुर »** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले अध्यापकों को प्रोत्साहित करें और लापरवाही करने वालों के कड़ी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी श्री बंसल आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नवाचार से अप्रैल माह में 1028 विद्यालयों के 8 हजार 500 से अधिक छात्रों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही।

श्री बंसल ने कहा कि शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि शिक्षा के नवाचार से जनपद के प्राथमिक विद्यालयो में अप्रेल माह में 1028 विद्यालयों के 08 हजार 500 से अधिक छात्रों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। जिस पर जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित करने के साथ पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले 21 अध्यापकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने वाले 12 विद्यालयों को पुरस्कार स्वरूप इन्वर्टर देने के भी निर्देश दिए। जिनमें उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर गाड़ा, दबकोला कंपोजिट, सरसोंहेड़ी कंपोजिट, प्राथमिक विद्यालय लबकारी, अनवरपुर बरौली, नाफेपुर, ओलरी, नगला वेद बेगमपुर, चकवाली, छज्जा, रामगढ़ और कंपोजिट विद्यालय टोली को इनवर्टर दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, परियोजना निदेशक पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, डीसी मनरेगा इंद्रजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुजफ्फरनगर में जी.पी.डी.पी. एवं पी.डी.आई. विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया**

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर »** मुजफ्फरनगर में मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में जीपीडीपी एवं पीडीआई समिति के सदस्यों, मॉडल ग्राम पंचायतों के प्रधानों, सचिवों, मीडियाकर्मियों तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों के लिए एक दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि सभी विभागों को LSDG की 9 थीमों के अनुरूप योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) में सम्मिलित करना होगा ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके। PAI इंडीकेटर्स की निरंतर समीक्षा और अद्यतन की आवश्यकता पर बल दिया गया। उपनिदेशक/प्राचार्य ने प्रशिक्षण के उद्देश्य को स्पष्ट किया जबकि सहारनपुर मंडल के DIPM द्वारा PAI इंडीकेटर्स को लाइव पोर्टल पर प्रदर्शित कर उनकी कार्यप्रणाली समझाई गई। मास्टर ट्रेनर ने LSDG की 9 थीमों पर विस्तृत जानकारी दी। अंत में जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण का समापन किया। कार्यक्रम में छ्क्क्ष्ट फैकल्टी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर में जिला कलेक्ट्रेट की नई डबल स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण शुरू

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मुज़फ्फरनगर »** मुजफ्फरनगर के जिला कलेक्ट्रेट की नई डबल स्टोरी बिल्डिंग के निर्माण की प्रक्रिया अब तेज़ी से आगे बढ़ रही है। जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अनिल राणा और उनकी टीम के साथ कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जमीन की नपाई-तुलाई की गई और बिल्डिंग का प्रारूप तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हुई। लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस बिल्डिंग को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कई बार सर्वेक्षण कर पुराने कर्मचारियों से भी राय ली। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत कार्यालय, सूचना विभाग, एनआईसी और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ऑफिस के पीछे जमीन की नपाई की गई। बिल्डिंग इस प्रकार से डिज़ाइन की जाएगी कि धरना-प्रदर्शन के लिए



पर्याप्त जगह उपलब्ध हो और प्रदर्शनकारियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। कलेक्ट्रेट का नया कार्यालय बेहतर सुविधाओं से लैस होगा और जिला पंचायत कार्यालय का कुछ हिस्सा भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत कार्यालय का सौंदर्यकरण भी किया जाएगा। बिल्डिंग में आने वाले लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि अधिकारी से मिलने आने वालों को सुविधा मिले।

## नगरायुक्त ने किया कन्वेंशन सेंटर और जनमंच का निरीक्षण

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**सहारनपुर »** नगरायुक्त शिपू गिरी ने आज दोपहर जनमंच एवं कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कन्वेंशन सेंटर को स्मार्ट सिटी की आय का महत्वपूर्ण जरिया बताते हुए उसे शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त शिपू गिरि ने मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह व स्मार्ट सिटी के अन्य अभियंताओं के साथ कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण करते हुए भवन निर्माण पर संतोष व्यक्त किया।




उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी को आत्म निर्भर बनाने में कन्वेंशन सेंटर एक अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने उसके संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया और विद्युत कनेक्शन कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने कन्वेंशन सेंटर के किचन स्लैब को और थोड़ा ऊपर उठवाने का सुझाव दिया तथा सेंटर के बाहर कराये जा रहे नाली निर्माण कार्य को तीन दिन में पूरा करने को कहा। नगरायुक्त ने जनमंच का निरीक्षण करते हुए उसके और अधिक सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए जनमंच परिसर के लिए एक ले आऊट बनाने के निर्देश मुख्य अभियंता को दिए। उन्होंने जनमंच परिसर और कन्वेशन सेंटर परिसर की साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य अभियंता बी के सिंह के अलावा स्मार्ट सिटी के सहायक परियोजना प्रबंधक शिवेंद्र व अन्य अवर अभियंता मौजूद रहे।

## मुस्लिम परिवार का साथ देने पर समाजसेवी मनीष चौधरी को मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस में दी शिकायत.

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मुज़फ्फरनगर »** मुजफ्फरनगर के शिव चौक क्षेत्र में करीब 35 वर्षों से फूल माला बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाले मुस्लिम व्यक्ति अफजाल और उसके बेटे समीर को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा धमकाकर वहां से हटने को मजबूर किया जा रहा है। पीड़ित परिवार की मदद के लिए राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष और समाजसेवी मनीष चौधरी आगे आए। उन्होंने न केवल पुलिस को सूचना दी, बल्कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद समीर और अफजाल को कुछ दिन राहत मिली, लेकिन अब मनीष चौधरी को भी मुस्लिम परिवार का साथ देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। 16 मई को उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल कर सख्त लहजे में



कहा गया कि वह इस मामले से पीछे हट जाएं, वरना अंजाम भुगतना पड़ेगा। मनीष चौधरी ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि वह समाजसेवा का कार्य करते हैं और किसी भी मजलूम के साथ खड़े रहना उनका कर्तव्य है। इस दौरान भारत लोक सेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केपी चौधरी भी उनके समर्थन में उपस्थित रहे।

## सीमा पर वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों एवं आतंकवादियों द्वारा मारे गए व्यक्तियों की आत्मिक शांति के लिए आहूति सामूहिक मौन रखकर की गई प्रार्थना

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बेहट »** भारत माता एवं भारत के जन धन की रक्षा हेतू प्रतिकूल परिस्थितियों में हर क्षण प्राणों को बलिदान करने वाले वीर सैनिको की रक्षा के लिए हर भारत वासी को अपने अपने आराध्य से प्रार्थना करनी चाहिए। आज देश मौन युद्ध की स्थिति में है। ऐसे में हम सब के द्वारा मन से की गई आराधना सैनिकों को संकट की स्थिति में दैवीय रुप से रक्षा करती है।

इसका प्रत्यक्ष प्रमाण स्वयं मां दुर्गा ने सोफिया कुरैशी व व्यौमिका सिंह के रूप में आक्रमण की अगुवाई करके दिया है। उपरोक्त विचार पं. संजय प्रपन्नाचार्य जी ने ग्राम जसमौर में शिव मंदिर मेन चैक में सनातन संस्कृति उत्थान समिति द्वारा आयोजित सामूहिक यज्ञ में व्यक्त किये गये। उन्होंने कहा हमारी सेना दिन रात जागती है तो हम सुरक्षित सोते हैं। सीमा पर वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों एवं आतंकवादियों द्वारा मारे गए व्यक्तियों की आत्मिक शांति हेतू भी ग्रामवासियों द्वारा आहूति प्रदान कर सामूहिक मौन



रखकर प्रार्थना की गई। इस दौरान अंशुल बंसल, संजय चैहान, ब्रिजेश शर्मा, आचार्य संदीप शर्मा, विक्कीपाल, गौरव पाल, शाश्वत शर्मा, मनीराम चैहान, सुमितपाल, धर्मपाल चैहान, फैनी सिंह चैहान, अर्पित शर्मा, अशोक कश्यप एवं महिलाए उपस्थित रही।

# डिजिटल इंडिया को कर रहे नजरअंदाज, सहारनपुर के बड़े व्यापारी नहीं ले रहे ऑनलाइन भुगतान

### व्यापार मंडल ने जताई नाराजगी, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

अर्पित मिड्ढा, पब्लिक एशिया

**सहारनपुर »** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया योजना को जहां देशभर में तेजी से अपनाया जा रहा है, वहीं सहारनपुर के कुछ बड़े व्यापारी अब भी नकद लेन-देन पर अड़े हुए हैं। अंबाला रोड स्थित फायर स्टेशन के आसपास मोटर स्पेयर पार्ट्स का बड़ा कारोबार करने वाले व्यापारी लाखों रुपये का दैनिक लेन-देन कर रहे हैं, लेकिन 500 या 1000 , 5000 रूपए तक का भी डिजिटल भुगतान लेने को तैयार नहीं हैं। ऐसे रवैये से सवाल खड़े हो रहे हैं कृ क्या ये व्यापारी जीएसटी चोरी कर रहे हैं? क्या नंबर दो का माल यहां नकद में बेचा जा रहा है? क्या ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से टैक्स निगरानी का डर इन्हें सताता है? वहीं दूसरी ओर सहारनपुर के सब्जी, पान, अंडा, आइसक्रीम विक्रेता तक डिजिटल भुगतान को सहजता से अपना चुके हैं, लेकिन बड़े व्यापारी आज भी पुराने तौर-तरीकों में ही उलझे हैं। रानी बाजार के एक समोसे वाले ने तो बाकायदा बोर्ड लगाकर लिखा है कि मैं ऑनलाइन पेमेंट नहीं लूंगा। जबकि उसकी प्रतिदिन की








बिक्री 1 लाख से अधिक बताई जाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इतनी नकदी क्यों और पारदर्शिता से डर क्यों? नगर निगम का परिवर्तन दल छोटे दुकानदारों और ठेले वालों को ऑनलाइन पेमेंट के लिए बाध्य करता है, और जो इनकार करता है उसकी रेडी नहीं लगने दी जाती। सवाल यह भी है कि क्या ये अधिकारी बड़े कारोबारियों पर भी यही सख्ती दिखा पाएंगे? इस पूरे मामले पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शीतल टंडन ने कहा कि डिजिटल भुगतान व्यापार मंडल की आचार संहिता का हिस्सा है। जो व्यापारी इससे इनकार कर रहे हैं, वे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसकी घोर निंदा करता हूं। सहारनपुर उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा ने कहा कि ऐसे व्यापारियों की सूचना हमें दें, हम उन्हें समझाकर डिजिटल भुगतान के लिए प्रेरित करेंगे। प्रधानमंत्री की योजना को सफल बनाना हर व्यापारी की जिम्मेदारी है। अब आवश्यकता है कि राज्य कर विभाग, जिला प्रशासन और नगर निगम इस विषय पर सख्ती दिखाएं और उन व्यापारियों की जांच करें जो जानबूझकर डिजिटल ट्रांजैक्शन से बच रहे हैं। अन्यथा, यह प्रवृत्ति और फैल सकती है और सरकार को राजस्व के साथ-साथ पारदर्शिता के मोर्चे पर भी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## जुमें की नमाज़ के बाद मुस्लिम समाज द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

अदिति पासी, पब्लिक एशिया

**शामली »** शुक्रवार को शहर के मौहल्ला आजाद चौक से भारतीय सेना को सलाम एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने बढचढकर हिस्सा लिया।



शुक्रवार को शहर के मौहल्ला आजाद चौक स्थित मस्जिद कुरैशियान से जुमे की नमाज के बाद मुफ़्ती जुबैर क़ासमी ने कहा कि हम हर खतरे में अपने वतन के साथ खड़े हैं। अपने बयान में भारतीय सेना की बहादुरी और मुल्क से वफ़ादारी को ख़िराज-ए-अकीदत पेश किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की तरफ़ से किए गये अटैक का जिस मज़बूती से जवाब हमारी सेना ने दिया, वह हर हिन्दुस्तानी के लिए फ़ख्र का सबब है। यह कार्रवाई मुल्क की सरहदों की हिफाज़त और भारत की अटूट ताक़त का साफ़ पैग़ाम है। हमारी फ़ौज सिर्फ़ वर्दी नहीं पहनती, वो हमारी उम्मीदें, हमारी हिफाज़त और हमारी आज़ादी की हिफाज़त का नाम है। अगर दुश्मन ने हमारी तरफ़ आँख उठाई, तो हम सब मज़हब, जात और ज़बान से ऊपर उठकर एक साथ खड़े हैं। उन्होंने इस्लाम की रोशनी में वतन से मोहब्बत को ईमान का हिस्सा बताया और ज़ोर देकर कहा कि सरहद की हिफाज़त करने वाले सिपाही हमारी दुआओं के मुस्तहिक़ हैं। इसके बाद मस्जिद से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने बढचढकर हिस्सा लिया।

## मुख्य समाचार

### एसपी डॉ ईरज राजा ने पुलिस कर्मचारियों की सुनी फरियाद, अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश।

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।



**गाज़ीपुर।** अधीक्षक गाजीपुर द्वारा पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन किया गया। सैनिक सम्मेलन में पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया ।तत्पश्चात् सभी सर्किल के क्षेत्राधिकारियों तथा समस्त थाना प्रभारियों/ थानाध्यक्षों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की गई। बैठक में थाना क्षेत्रों में होने वाले विभिन्न अपराधों की प्रकृति तथा अपराधियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। महिला संबंधी अपराधों, टॉप-10, गुंडा, माफियाओं तथा अन्य किस्म के अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही के लिए सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सुरक्षा व साक्ष्य -संकलन की दृष्टि से कैमरों को लगवाने एवं उनको लिंक करने, कन्ट्रोल रूम स्थापित करना , पुलिस बीट प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, पुलिस पेंशनरों की मीटिंग व जनसुनवाई प्रा0 पत्र, आईजीआरएस, ऑपरेशन दृष्टि / त्रिनेत्र आदि की समीक्षा कर सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ,समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारी तथा समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद थे।

### दरवाज़े पर सो रहे वृद्धि की सिर में गोली मार कर हत्या,क्षेत्र में दहशत का माहौल।

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**सादात /गाजीपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बुढ़नपुर गांव में प्रेम प्रकाश राय 60 वर्ष को रात में सोते समय सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले पीयूष राय से कुछ कहा सुनी हुई थी, जिसमें पीयूष राय ने जान से मारने की धमकी दी थी। वह गुरुवार के रात में सोते हुए प्रेम प्रकाश राय की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर सादात थाना व सीओ सैदपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे मृतक के पत्नी से मिले तो उन्होंने बताया कि मेरे पति से पीयूष राय से कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। जिसमें पीयूष राय ने जान से मारने की धमकी दी थी ।वह गोली मारकर मेरे पति का हत्या कर दिया। पुलिस पियूष राय को तुरंत हिरासत में लेकर सादात थाना भेज दिया और शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले का हर एंगल से जांच कर रही है।

### पूर्व प्रधान की मनाई गई 26वीं पुण्यतिथि

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**पिंडरा।** स्थानीय विकास खण्ड के सिंधोरा के 7 बार प्रधान रह चुके स्व0 भैयालाल मौर्य की शुक्रवार को 26 वीं पुण्यतिथि सराय शेखलार्ड स्थित उनके स्मारक स्थल पर मनाई गई। इस दौरान स्मारक स्थल को भव्य ढंग से फूलों को सजाया गया। स्मारक स्थल पर सुबह ही क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगो के साथ उनके परिजन पहुचे और पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंलि दी और उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला ।बताते चलें कि 16 मई सन 1999 को ग्राम प्रधान भईयालाल मौर्य की एक पंचायत में जाते वक्त बदमाशो ने सराय शेखलार्ड में गोली मार कर हत्या कर दी थी, जिसके बाद उसी स्थल के किसानों ने अपनी जमीन देकर उनके स्मारक का निर्माण कराया, उसी समय से उक्त स्थल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें याद करते हुए उनके पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करते हैं।

शुक्रवार को आयोजित पुण्यतिथि पर भैया राम मौर्य, सुरजीत कुमार मौर्य, संजय साहू, रामबाबू सेठ, सतनारायण जायसवाल, राजकुमार बाबा, दीनदयाल गुप्ता, गुड्डू मौर्य, निजामुद्दीन,निसार अंसारी, फिरोज, जलालुद्दीन, दीपक विश्वकर्मा, धनंजय यादव, सोनू मोदनवाल, अजय जायसवाल समेत अनेक जनप्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बिलुप्त हो रहे कठपुतली कला का हुआ प्रशिक्षण

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।



**पिंडरा।** संगीत नाटक अकादमी उत्तर प्रदेश संस्कृत विभाग द्वारा अभिनव समिति वाराणसी के सहयोग से आयोजित 15 दिवसीय पुतुल निर्माण कार्यशाला का समापन गुरुवार को चुप्पेपुर में हुआ।

पिंडराई ग्राम सभा के चुप्पेपुर में राजेंद्र श्रीवास्तव द्वारा कुशलता पूर्वक प्रतिभागियों को प्रशिक्षित कर विलुप्त हो चुके कला को जीवित किया गया। जिसमे कठपुतली बनाना व चलाना सिखाया गया। इस अवसर पर महेंद्र कुमार, कविता पटेल, अमन वर्मा, नेहा कुमारी, सपना सिंह, अनु वर्मा, संध्या कुमारी, गरिमा, नीलम वर्मा, प्रियंका, रेनू प्रीति ने प्रतिभाग किया।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सीएमओ कार्यालय सभागार में गोष्ठी हुई आयोजित ।

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**गाज़ीपुर।** खबर गाजीपुर जिले से है जहां सीएमओ कार्यालय सभागार में गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें बताया गया कि डेंगू, एडीज़ मादा मच्छर के काटने से फैलता है। ये मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपते हैं। इसलिए आवश्यक है कि घरों में मौजूद कूलर, गमले के नीचे जमा पानी, टायरों, छत और खाली पत्रों में जमा हुए पानी को हर हफ्ते खाली करें, जिससे मच्छर का लार्वा न पनप सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ सुनील पाण्डेय। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सीएमओ कार्यालय सभागार में गोष्ठी आयोजित हुई ।

सीएमओ ने कहा कि इस वर्ष डेंगू दिवस की थीम' 'देखें, साफ करें, ढके - डेंगू को हराने के उपाय करें'' रखी गई है। इसके लिए डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव एवं रोकथाम के लिए अधिक से अधिक लोगों में जागरूकता लायी जाए। आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा रोकथाम के लिए क्या करें और क्या न करें के बारे में बताया जाए। घर व आसपास कहीं भी जल जमाव न होने दें। डेंगू की रोकथाम के लिए विभाग ने अभी तैयारियां शुरू कर दी हैं। एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ जे एन सिंह ने कहा कि तालाब और नालियों की नियमित सफाई के लिए, फॉगिंग-छिड़काव की व्यवस्था कराने के लिए, संक्रमण और प्रदूषण की उत्तरदायी खुली नालियों को ढक कर रखें। नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में पेयजल स्त्रोतों एवं संसाधनों से शौचालयों के सीवर को उचित दूरी पर स्थापित करें। इस कार्य को पूरा करने के लिए जिला मलेरिया अधिकारी, नगर विकास और पंचायती राज विभाग का सहयोग लें।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि डेंगू, वायरल और मच्छर जनित रोग है। इससे ग्रसित मरीजों का बदन टूटता है और अधिक दर्द होता है। डेंगू बुख़ार के कुछ लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते तथा मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द शामिल होता है। इसके साथ ही जनपद मुख्यालय पर सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के एल टी एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को दिनांक 19 से 24 मई 2025 तक मनाए जाने वाले नाइट ब्लड सर्वे अभियान हेतु कार्यक्रम संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।इस मौके अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह समेत अन्य चिकित्सा अधिकारी, सीएचओ एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# दर्दनाक घटना को अन्जाम दिया पति हीं पत्नी का निकला हत्यारा

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

»»» वरुणा जोन एडीसीपी नीतू कात्यान और एसीपी सारनाथ विजय प्रताप सिंह मौके पर पहुंच कर घटना का लिया जायजा

»»»चौबेपुर थाना क्षेत्र में बढ़ता जा रहा अपराध, अपराध पर अंकुश लगाने में नाकाम चौबेपुर थाना प्रभारी जगदीश कुशवाहा




**विश्वनाथ प्रताप सिंह वाराणसी।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के छितौनी गांव में शुक्रवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 26 वर्षीय नवविवाहिता आरती पाल की हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, आरती की शादी मात्र सात दिन पूर्व, 9 मई को मंदिर में राजू पाल से हुई थी। वह रतनूपुर, चंदवक (जौनपुर) की रहने वाली थी ।जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार बीती रात लगभग 1 बजे की है, जब आरती मड़ई में सो रही थी। उसी दौरान उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पं. दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल की मर्चरी भेज दिया ।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरती के पति राजू पाल ने ही लाठी-डंडे से पीट-पीट कर उसकी हत्या की है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने इसकी पुष्टि की है ।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, राजू पाल की यह तीसरी शादी थी।

उसकी पहली पत्नी संध्या पाल (गाजीपुर) थी, जो मारपीट से परेशान होकर उसे छोड़कर मायके चली गई थी। इसके बाद उसने पुष्पा पाल (अदलहाट निवासी) से विवाह किया, लेकिन शराब और घरेलू हिंसा के कारण वह भी उसे छोड़ गई। राजू ने तीसरी शादी नीतू से की थी, जिसकी शादी के मात्र आठ दिन बाद हत्या कर दी गई थी ।इतना ही नहीं, ग्रामीणों ने बताया कि राजू अपनी बहन के प्रेमी गोलू की हत्या के मामले में सात साल जेल में भी रह चुका है और हाल ही में नवंबर माह में छूटकर आया था ।घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर एडीसीपी वरुणा एडिशनल नीतू कात्यान और एसीपी सारनाथ विजय प्रताप सिंह सहित पुलिस बल पहुंचा । पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रहीं है ।

### लंका पुलिस ने एस्कोवार कैफे में मारपीट करने वाले 14 आरोपियों को किया गिरफ्तार

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।



>> घटना मे प्रयुक्त 06 मोटरसाइकिल सीज

**प्रहलाद पाण्डेय वाराणसी।** संकटमोचन क्षेत्र में स्थित एस्कोवार कैफे में बीते दिन एक हिंसक घटना सामने आई, जहां कुछ युवकों ने कैफे में घुसकर जमकर मारपीट की। इस घटना में कैफे मालिक के पुत्र निखिल कुमार को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही लंका थाना पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 आरोपियों और 2 बाल अपचारियों सहित कुल 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस घटना में इस्तेमाल की गई 6 मोटरसाइकिलों को भी सीज कर लिया है लंका थाना क्षेत्र के अंतर्गत संकटमोचन मंदिर के पास स्थित एस्कोवार कैफे में यह घटना उस समय घटी, जब कुछ युवक कैफे में घुस आए और वहां मौजूद निखिल कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपियों ने निखिल को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना तत्काल लंका थाना पुलिस को दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने तहरीर दर्ज की और विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीकृत किया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और आरोपियों की तलाश में कई टीमें गठित कीं लंका थाना पुलिस ने कोटवां और अयोध्यापुर (थाना क्षेत्र लोहता) में दबिश देकर 14 आरोपियों को चिन्हित किया, जिनमें 12 वयस्क और 2 बाल अपचारी शामिल हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 6 मोटरसाइकिलों को भी जब्त कर लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है लंका थाना पुलिस ने कोटवां और अयोध्यापुर (थाना क्षेत्र लोहता) में दबिश देकर 14 आरोपियों को चिन्हित किया, जिनमें 12 वयस्क और 2 बाल अपचारी शामिल हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 6 मोटरसाइकिलों को भी जब्त कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### अपहरण के 12 घण्टे के अंदर युवक गिरफ्तार ,अपहृता बरामद



(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**पिंडरा।** सिंधोरा पुलिस ने 12 घंटे के भीतर अपहरण के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से नाबालिक अपहृता को बरामद किया ।थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्रिपाठी बताया कि सिंधोरा थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने युवक के मंगारी ओवरब्रिज के पास नाबालिक के साथ खड़े होने की सूचना मिली।

जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के 12 घंटे के भीतर अपहरण के संबंध में दर्ज धारा 87/137(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त मंजीत पटेल निवासी खपड़हवा, थाना बड़ागांव को गिरफ्तार कर अपहृता को भी उसके पास से बरामद किया ।

गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह लड़की (पीड़िता) से प्रेम करता था और 14 मई को वह लड़की के गाँव में बारात में आया था

वहाँ से उसने लड़की से शादी करने की बात कहकर उसे अपने साथ ले आया था, और बंबई जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन बाबतपुर के पास स्थित मंगारी ओवरब्रिज के नीचे खड़े थे, तभी पुलिस ने पकड़ लिया।

### संत अतुलानंद के छात्र सुमित सिंह एवं प्रणय सिंह ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्तर प्रदेश को दिलायी शानदार जीत

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।





**वाराणसी ।** संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल, कोइराजपुर के छात्र सुमित सिंह एवं प्रणय सिंह ने बास्केटबॉल में अपना दम- खम दिखाते हुए उत्तर प्रदेश की टीम को शानदार जीत दिलाई है। भारत में खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हुए खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के ध्येय से भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया कार्यक्रम विगत कुछ वर्षों से युवा एथलीटों एवं प्रतिभाशालियों को आगे बढ़ने में लगातार मदद कर रहा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि ये दोनों छात्र खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत बास्केटबॉल में उत्तर प्रदेश की टीम का अहम हिस्सा हैं, जिन्होंने अलग - अलग राउंड में विभिन्न राज्यों की टीम को पराजित कर उत्तर प्रदेश की बास्केटबॉल टीम को राजस्थान के विरुद्ध फाइनल में विजयी बनाया है। इस जीत पर हर्ष प्रकट करते हुए संस्था सचिव राहुल सिंह एवं निदेशिका डॉश वंदना सिंह ने कहा कि यह मात्र विद्यालय के लिए नहीं अपितु पूरी काशी सहित प्रदेश के लिए गर्व की बात है। काशी की युवा प्रतिभाओं को वैश्विक स्तर पर ले जाने में ऐसे आयोजनों का महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉश नीलम सिंह ने छात्रों सहित उनके कोच मुकेश पाण्डेय को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों की इस जीत ने काशी का मान बढ़ाया है। विद्यालय निरंतर विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने की दिशा में प्रयासरत रहता है, जिससे उन्हें आगे बढ़ने के भरपूर अवसर मिल सकें।

### दानगंज पुलिस चौकी पहुंचे वृद्ध की मौत पड़ोसियों से विवाद के बाद पहुँचा था चौकी

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**चोलापुर।** चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज पुलिस चौकी पर गुरुवार की देर रात एक वृद्ध की मौत हो गई। पड़ोसियों से विवाद की शिकायत लेकर पुलिस चौकी पहुंचे वृद्ध को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। चौकी के बाहर अचानक दर्द के बीच बेसुध होकर गिर पड़े। वृद्ध के साथ गए लोग अचेतावस्था उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर गांव से परिजन और चोलापुर पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों की तहरीर के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राकेश कुमार ने बताया कि जरियारी गांव निवासी मोती राजभर (62 वर्ष) का पड़ोसियों से नाली का पानी निकालने को लेकर विवाद हो गया था। इस विवाद में दोनों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।

मोती का आरोप था कि पड़ोसियों ने उसे पीटा है। मामले में देर शाम मोती राजभर स्थानीय एक नेता रमेश राजभर के साथ पुलिस चौकी पहुंचे और वहां से थाने आ रहे थे। इसी दौरान मोती राजभर को सीने में दर्द होने लगा और हार्टअटैक का गया। दर्द के बीच उनकी तबियत बिगड़ गई और सड़क पर गिर पड़े।

आनन फानन में चोलापुर स्थित अस्पताल लाया गया जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और पुलिस-परिजनों को मौत की सूचना दी। हालांकि परिजनों ने अभी तक पुलिस पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

उनका कहना है कि चौकी परिसर में मौत नहीं हुई है, शिकायत के बाद चोलापुर थाने आते समय हार्ट अटैक से मौत हुई है।

शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है, इसके बाद पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### बगीचे में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।



**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियाव में एक बगीचे में शुक्रवार को दिन में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने पर पुलिस और अग्निशमन विभाग द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ।बताते है कि करखियाव निवासी एडवोकेट जगदम्बा मिश्रा के फलदार बगीचे में सुबह साढ़े 10 बजे अचानक तेज लपट के साथ धुंआ उठने लगा। जबकि इसकी जानकारी बाग मालिक व ग्रामीणों को हुई तो बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन सफलता नही मिली। जिसपर इसकी सूचना करखियाव चौकी इंचार्ज के साथ अग्निशमन विभाग को दी गई। मौके पर पहुचे अग्निशमन के कर्मियों ने आग पर किसी तरफ काबू पाया। वही आगजनी से दर्जनों बड़े व छोटे पेड़ जल गए। बाग मालिक ने आगजनी की घटना को लेकर किसी की करतूत बताई और पुलिस से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की।

### यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को अपर पुलिस आयुक्त ने किया पैदल निरीक्षण

**विश्वनाथ प्रताप सिंह वाराणसी।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) डॉ. एस. चन्नप्पा ने शुक्रवार को पैदल गश्त करते हुए ताड़ीखाना, चौकाघाट, तेलियाबाग, मरीमाई, आंध्रापुल होते हुए रोडवेज बस स्टैंड तक का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मार्गों पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों, अतिक्रमण और यातायात नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित सर्किल टीआई और थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

### कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग की जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई




(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार-।। की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग की जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत में स्थित गौ आश्रय स्थलों पर गोवंश संरक्षण की क्षमता में वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दो महीने के अंदर कम से कम 100 गोवंश को संरक्षित करते हुए खाली स्थान को पूर्ण रूप से प्रयोग करें। गौ आश्रय स्थलों पर भूसा संग्रहण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को गेहूं उत्पादकों से संपर्क स्थापित करते हुए लक्ष्य का कम से कम एक तिहाई भाग भूसा संग्रहण करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आजमगढ़, नगर पंचायत मार्टिनगंज, लालगंज, मेहनगर तथा खंड विकास अधिकारी फूलपुर को दान में प्राप्त होने वाला भूसा लक्ष्य के सापेक्ष अत्यधिक कम संग्रहण करने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का सर्वे समय से सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि आवेदन करने वालों का सत्यापन करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की सर्वे सूची में शामिल किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, खंड विकास अधिकारी आपस में समन्वय में स्थापित करते हुए नगर पालिका/नगर पंचायत, ग्राम पंचायत की जमीनों से अवैध अतिक्रमण को हटाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस की शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। उन्होने कहा कि आईजीआरएस पर डिमांड बेस कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता से कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत तालाबों में पानी एवं हैण्डपम्पों की मरम्मत एवं रिबोर कराना सुनिश्चित करायें।

उन्होने कहा कि शिकायती वाले ग्रामों में उक्त कार्य प्राथमिकता से कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जीरो पावर्टी अभियान के अन्तर्गत चयनित पात्र व्यक्तियों का सत्यापना कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 आजाद भगत सिंह, उप जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# म.सु.दे.विवि ने नवागत छात्रों को दिया अनमोल तोहफा

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।




▶▶ विश्वविद्यालय परिसर में इसी सत्र से स्नातक की कक्षाएं होगी गतिमान- प्रो0 संजीव कुमार

▶▶ औचक निरीक्षण में शि.ने.का. की परीक्षा सुचिता से संतुष्ट दिखे कुलपति,

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के कुलपति ने शिब्ली नेशनल कॉलेज में एक प्रेस वार्ता के दौरान आजमगढ़ और मऊ जनपद के छात्र-छात्राओं को एक अनमोल तोहफा देते हुए यह अवगत कराया कि विश्वविद्यालय परिसर में अब स्नातक-कला, स्नातक- विज्ञान वर्ग, स्नातक वाणिज्य-विभाग एव बी.बी.ए. सहित अन्य कई टेक्निकल विभागों को नए सत्र से संचालित कर दिया जाएगा ।

प्रेस वार्ता के उपरांत साथ ही महाविद्यालय चल रही परीक्षा कि सुचिता को भी परखा ।

कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार ने यह भी अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रक्रिया पंजीकरण के उपरांत यदि कोई अभ्यर्थी महाराजा सुहेलदेव यूनिवर्सिटी आजमगढ़ परिसर में प्रवेश लेना चाहता है।

तो उसे पंजीकरण के उपरांत ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म भरना होगा, सर्वप्रथम ऑप्शन वन में यूनिवर्सिटी केंपस को क्लिक करना होगा और उसके उपरांत अगली प्रक्रिया क्रमवार पूर्ण करना होगा, ध्यान रखिए कि महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ की प्रवेश संबंधित आधिकारिक वेबसाइट पर इसका सारा डिटेल उपलब्ध है, पंजीकरण ईमेल आईडी के माध्यम से किया जाएगा और एक ईमेल आईडी एवं फोन नंबर से केवल एक ही पंजीकरण किया जा सकता है जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा।

इसलिए सही और सक्रिय ईमेल आईडी एवं फोन नंबर का ही उपयोग करें क्योंकि ओटीपी आपके द्वारा दिए गए ईमेल एवं फोन नंबर पर भेजा जाएगा।

इस दौरान प्रेस वार्ता कुलसचिव की गरिमामई उपस्थिति रही।

कुलपति जी की अगवानी महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर खालिद सर महाविद्यालय के मुख्य अनुशासन अधिकारी, डॉ जुबेर डॉ जिमी आदि ने किया , एडमिशन कोऑर्डिनेटर डॉश सियाराम शुक्ला नोडल अधिकारी डॉश दिलीप कुमार वर्मा कुलपति के सहायक विपिन शर्मा ,धर्मेंद्र ,मुलायम यादव के साथ-साथ मीडिया प्रभारी डॉ. प्रवेश कुमार सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही, कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक मोहम्मद खालिद ने किया ।

## मुख्य समाचार

### एएमयू की छात्रा ने दिल्ली विवि में 'बेस्ट पेपर प्राइज' जीता



**अलीगढ़ (संदीप शर्मा) »** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्टडी की प्रथम वर्ष की एमए इतिहास की छात्रा आमना आसिम ने दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मेरी कॉलेज में आयोजित माजीनामा वॉल्यूम चार के विमोचन कार्यक्रम में 'बेस्ट पेपर प्राइज' जीता। उनके शोध पत्र का शीर्षक था 'स्मृति और प्रतिरोधः जलियांवाला बाग के माध्यम से भारत की काउंटर-मॉन्युमेंटल धरोहर की पहचान,' जो माजीनामा वॉल्यूम चार में प्रकाशित हुआ है, जो जीसस एंड मेरी कॉलेज के इतिहास विभाग की वार्षिक शैक्षिक पत्रिका है। यह पेपर काउंटर-मॉन्युमेंट्स के रूप में सामूहिक स्मृति और प्रतिरोध के शक्तिशाली प्रतीकों की अवधारणा की जांच करता है, जिसमें जलियांवाला बाग की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। जज डॉ. देविका मित्तल और डॉ. बिपाशा रोसी लाकड़ा ने उनके शोध और इस्तेमाल की गई पद्धति की सराहना की। प्रोफेसर हसन इमाम, चेयरपर्सन और सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्टडी, इतिहास विभाग ने आमना आसिम को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और इस शैक्षिक सम्मान को प्राप्त करने पर उनकी सराहना की।

### प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्राप्त करने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**अलीगढ़ »** संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में एक जनपद-एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत लॉक्स एण्ड हार्डवेयर एवं मैटल हैण्डीक्राफ्ट से संबंधित कुशल, अकुशल, उद्यमियों एवं कारीगरों को आजीविका के साधनों को सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किए जाने के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने जिले के ऐसे कुशल, अकुशल, उद्यमियों एवं कारीगर जिनकी न्यूनतम आयु 10 वर्ष एवं जो लॉक्स एण्ड हार्डवेयर एवं मैटल हैण्डीक्राफ्ट के जानकार या कार्य कर रहे हों, वह कौशल विकास प्रशिक्षण एवं टूल किट प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश कानपुर की वेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन किए जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग केंद्र में संपर्क किया जा सकता है।

### आज आगरा व अलीगढ़ की मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी

**अलीगढ़ (संदीप शर्मा) »** प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में आज प्रातः 10:30 बजे से कल्याण सिंह हेबीटेट सेन्टर में आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल की मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2025 संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी। संयुक्त कृषि निदेशक ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठी में आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल के कृषि से जुड़े विभागों के जिले व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। गोष्ठी में कृषकों को वैज्ञानिकों द्वारा कृषि की नवीनतम जानकारियां दी जायेंगी।

### जिलाधिकारी आज जन समस्याओं का कराएंगे निस्तारण


**अलीगढ़ »** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा आज कृष्णांजलि में आयोजित होने वाले तहसील कोल के सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार अन्य तहसीलों में भी संबंधित एसडीएम एवं नोडल अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।

### पुलिस मुठभेड़ में युवती को भगाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**अलीगढ़ (संदीप शर्मा) »** थाना गभाना क्षेत्र में एक हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी हुई है, आरोपी सुभान उर्फ सलमान ने हिंदू नाम से अपनी पहचान छिपाकर एक घर में किराए पर कमरा लिया था। डेढ़ महीने में उसने वहॉ रह रही युवती को प्रेमजाल में फंसाया और भगा ले गया। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी सुभान युवती के साथ क्षेत्र में ही छिपा है। रात में पुलिस ने घेराबंदी की, आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, इस दौरान सुभान के पैर में गोली लगी। गोली लगते ही सुभान घायल हो गया और उसे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव तोमर के अनुसार आरोपी के पास से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### सफाई कर्मचारियों ने वेतन न मिलने से नाराज होकर किया प्रदर्शन

**अलीगढ़ »** नगर निगम सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप टुंडा ने कहा कि सुखमा कंपनी कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रही है। दो-दो महीने की सैलरी ना देकर कर्मचारियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। नगर निगम सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष महामंत्री और प्रदेश महामंत्री बिल्लू



चौहान के नेतृत्व में सुखमा संस के सफाई कर्मचारियों और निगम के कर्मियों ने आगरा रोड केपी इंटर कॉलेज के सामने बीच सड़क पर बैठ गए। नगर निगम और सुखमा कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वेतन की मांग करने लगे। जिलाध्यक्ष प्रदीप टुंडा ने कहा कि सुखमा कंपनी कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रही है। दो-दो महीने की सैलरी ना देकर कर्मचारियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। महामंत्री ने कहा कि खुद कंपनी तीन करोड रुपए से अधिक रुपए सफाई के नाम पर नगर निगम से वसूल रही है मगर कर्मचारियों को सैलरी नहीं दे रही है। प्रदेश महामंत्री बिल्लू चौहान ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के लिए जो भी करना पड़े संगठन करेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में डेंगू बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही के लिए अंतर्विभागीय बैठक संपन्न हुई

संदीप शर्मा, पब्लिक एशिया

**अलीगढ़ »** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में डेंगू बुखार की रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं अपने-अपने विभाग की तैयारियों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। डीएम ने कहा कि इस वर्ष ''देखें, साफ करें, ढ़केंरू डेंगू को हराने के उपाय करें'' थीम पर आयोजित होने वाले 10 वें राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं संवेदनशीलता से निर्वहन करें।



जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू जैसी मौसमी बीमारी पर नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों को सामूहिक एवं समन्वित रूप से कार्य करना होगा। प्रत्येक विभाग को अपनी भूमिका के प्रति सजग रहना होगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि शहर में नियमित सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नालियों की सफाई, जलभराव की समस्या का समाधान एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। फॉगिंग मशीनों की संख्या बढ़ाकर सघन फॉगिंग कराई जा रही है। डीएम ने जिला मलेरिया अधिकारी के साथ ज्वाइंट माइक्रो प्लान तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी ने बताया कि सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू की जांच व उपचार की व्यवस्था की गई है। बुखार के मरीजों की स्क्रीनिंग कर उन्हें आवश्यकतानुसार एलाइजा टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है।

इसके अलावा ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। पाथ सलाहकार सीताराम ने ध्यानाकर्षण किया कि विगत तीन माह से मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में डेंगू की जांच नहीं हो रही है, इस पर जिलाधिकारी ने सभी सीएमएस को निर्देशित किया कि चिकित्सालयों में डेंगू की जांच कराना सुनिश्चित करें। सीएमओ ने बताया कि सामूहिक रूप से स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जन जागरूकता अभियान चलाने की भी योजना बनाई गई है। नुक्कड़ नाटक, पंपलेट, होर्डिंग्स एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन को डेंगू से बचाव की जानकारी दी जा रही है।

विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी जलभराव की समस्या न होने दें। ग्राम प्रधानों व आशा कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर डेंगू के लार्वा नष्ट करने के लिए अभियान चलाएं। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी शिक्षण संस्थानों में प्रत्येक सप्ताह ''ड्राई डे'' मनाया जाए, जिसमें सभी जल स्त्रोतों की सफाई की जाए एवं लार्वा न पनपने दिया जाए। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। कूलर, बाल्टी, फ्लावर पॉट, फ्रिज बकेट एवं अन्य जगहों पर पानी एकत्रित न होने दें। डेंगू के मच्छर दिन में काटते हैं, ऐसे में बच्चों को फुल बांह की कमीज पहनाएं। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक के अंत में डेंगू को भगाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि डेंगू के विरुद्ध जारी इस अभियान को गंभीरता से लें एवं जनता को इससे सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करें। सभी विभाग अपने स्तर पर सतर्कता बनाए रखें एवं आपसी समन्वय से कार्य करें।

# एएमयू के शोध प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अलीगढ़ »** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के इंटरडिसिप्लिनरी नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर की अंतिम सेमेस्टर एम.टेक. छात्रा बुशरा फातिमा ने मुंबई स्थित विमल लाइफसाइंसेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित स्टूडेंट एक्सीलेंस अवार्ड के तहत पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

यह पुरस्कार, जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है और भारत की अग्रणी लाइफ साइंसेस कंपनियों में से एक द्वारा प्रायोजित किया जाता है, शैक्षिक उत्कृष्टता और नवोन्मेषी शोध को मान्यता देता है। जूरी में उद्योग के प्रमुख विशेषज्ञों ने शिरकत की, जिनमें आर. बी. मोहिले, प्रमोटर और मैनेजिंग डायरेक्टर, क्लेम्स प्राइवेट लिमिटेड, रवि कृष्णन, रंगीन कॉस्मेटिक्स और स्किन केयर के सलाहकार, पुनिता कालरा, सीईओ रिसर्च और इनोवेशन स्ट्रैटेजी और कॉर्पोरेट क्वालिटी, एम्मामी लिमिटेडय और डॉ. करण मित्तल, डायरेक्टर रिसर्च और इनोवेशन, मिनिमलिस्ट शामिल थे। बुशरा फातिमा को प्रथम पुरस्कार डॉ. अंजन रे, सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, देहरादून के पूर्व निदेशक द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अजीत कुमार शसानी, निदेशक, सीएसआईआर-नेशनल बोटेनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, लखनऊ ने प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित उच्च वैज्ञानिक मानकों की सराहना की और फातिमा को उनकी उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने फातिमा को सीएसआईआर-एनबीआरआई में उन्नत प्रशिक्षण के लिए पूरी तरह से




प्रायोजित निमंत्रण प्रदान किया, जो वनस्पति और नैनो टेक्नोलॉजी शोध में उनकी विशेषज्ञता को गहरा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। अपनी सफलता का श्रेय अपने साथियों को देते हुए, फातिमा ने विशेष रूप से डॉ. नजरूल इस्लाम का धन्यवाद किया, जिन्होंने उनके शोध कार्य उन्हें समृद्ध मार्गदर्शन प्रदान किया।

## राष्ट्रद्रोह की धाराओं में विजय शाह पर मुकदमा चलाया जाए : विवेक बंसल

संदीप शर्मा, पब्लिक एशिया

**अलीगढ़ »** गत माह सीमा पार से आये आतंकवादियों ने पहलहाम मे 26 पर्यटकों की हत्या करदी थी इस नरसिंघार से पूरे देश मे आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग उठ रही थी। इसी क्रम मे भारतीय सेनाओं ने इस माह के प्रारम्भ में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर अभियान चलाया जिसमे आतंकवादियों के नौ प्रमुख ठिकाने ध्वस्त कर दिये गये। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान एक जांबाज योद्धा के रूप मे




उभरी महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार के जनजातीय कल्याण मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति काफी निम्नस्तर की भाषा का प्रयोग करते हुए ब्यान दिया था।

विजय शाह द्वारा दिये गये ब्यान के विरोध में पूरे देश मे गुस्से की लहर है अपने रोष को व्यक्त करने के उद्देश से पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में ज़िलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष के साथ कांग्रेसजनों ने एक भारी विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी रेलवे रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय से हाथों मे तिरंगे झंडे लेकर जुलुस के रूप मे मालगोदाम होते हुए कलेक्ट्रेट की और चले प्रदर्शनकारी भाजपा सरकार व भाजपा विरोधी नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। ये जुलुस जब पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय समक्ष पहुंचा तो वहॉ पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया वहां विवेक बंसल ने पुलिस अधीक्षक नगर व एसीएम द्वितीय से वार्ता की जिसके फलस्वरूप विवेक बंसल ने कार्यक्रम वहीं समाप्त कर दिया। इसके बाद वहॉ राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन एसीएम द्वितीय अनिल कटियार को दिया। ज्ञापन के द्वारा मांग की गई कि मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त किया जाए और उसके खिलाफ राष्ट्रद्रोह की धाराओं में मुकदमा चलाया जाए। इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि सेना हमारी सुरक्षा का कवच्छ है कोई भी अपमान और कोई भी निंदनीय ब्यान जो भी इस देश और सेना से प्यार करता है वो इसको कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीमती रूही जुबैरी, इं विश्वंभर सिंह, पूर्व अध्यक्ष हाजी नौशाद कुरैशी, पूरनचंद देशमुख, गया प्रसाद गिर्राज, अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष तल्हा अबरार, सलाउद्दीन वसी, मोहम्मद ज़ियाउद्दीन राही, सय्यद शहज़ाद हुसैन, राजू सोल्जर, कफील अहमद खा, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, उज़ैर दिलशाद, लक्ष्मी नारायण, अमजद हुसैन, बाबुद्दीन अब्बासी, गोपाल निश्रा, ओम प्रकाश जी, शाहिद खान, एम जमाल खान, शाहिद कुरेशी, सरदार अजीत सिंह, अयाज़ कुरैशी, आमिर मुंतज़िर, इरशाद फरीदी, आनंद बघेल, जितेंद्र कुमार तोशी आदि के साथ भारी संख्या मे कांग्रेसजन मौजूद थे।

## ऊर्जा क्षेत्र में आगामी सुधारों के दृष्टिगत डीएम ने की समीक्षा बैठक

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़ »** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में प्रस्तावित आगामी सुधारों को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सुचारू विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ताओं की संतुष्टि एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने कहा कि ऊर्जा सुधारों के दौरान आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए एक प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और किसी भी संभावित विरोध या जनाक्रोश की स्थिति में तत्काल नियंत्रण के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित विरोध के उपरांत भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, इसके लिए सभी प्रकार के वैकल्पिक उपाय ससमय कर लिए जाएं। एसई पी0ए0 मोगा ने बताया कि तीन एजेंसियों के माध्यम से मैनपावर उपलब्ध कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं को किसी भी आपात स्थिति में सुविधा नहीं होने दी जाएगी। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत विभाग के कार्यों में सहयोग प्रदान करें एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी रखें। इसके अलावा उन्होंने आम जनता को ऊर्जा सुधारों के विषय में स्पष्ट व सटीक जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। मुख्य महाप्रबंधक हरदुआगंज विद्युत तापीय परियोजना अतुल कुमार ने बताया कि विद्युत उत्पादन में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट, पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश उत्तम, अधीक्षण अभियंता शहरी एवं ग्रामीण सहित अधिशासी अभियंता (विद्युत) अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वामा सारथी व ऑपरेशन जागृति के अंतर्गत महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अलीगढ़ »** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती ममता कुरील की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में जनपद के विभिन्न थानों एवं पुलिस कार्यालय में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों के लिए एक महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन ऑपरेशन जागृति एवं वामा सारथी के अंतर्गत आयोजित किया गया।



सम्मेलन का उद्देश्य महिला पुलिस कर्मियों की व्यक्तिगत, प्रोफेशनल एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को जानना तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाना था। सम्मेलन में जिला हॉस्पिटल से गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. सना खान तथा सीएचसी पुलिस लाइन डॉक्टर गजेन्द्र कुमार व फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। दोनों विशेषज्ञों ने महिला पुलिस कर्मियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनीं एवं उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श प्रदान किया। साथ ही, उनके स्वास्थ्य सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, जिससे वे स्वस्थ रहते हुए अपनी पुलिस सेवा को सुगमता एवं दक्षता से निभा सकें। सम्मेलन में महिला कर्मियों को अपनी समस्याएं खुलकर रखने का अवसर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा उनकी बातों को गंभीरतापूर्वक सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर समान अवसर, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी जागरूकता प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक सरिता सिंह द्वारा किया गया।

# 'महिला हाइजीन एवं सर्वाइकल कैंसर' आयोजित किया गया विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

संदीप शर्मा, पब्लिक एशिया

**अलीगढ़ »** । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार के आदेशानुसार श्री उदयसिंह जैन कन्या इण्टर कॉलेज में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला जज नितिन श्रीवास्तव द्वारा ''महिला हाइजीन एवं सर्वाइकल कैंसर'' नामक विषय पर एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। साक्षरता शिविर में श्री उदयसिंह जैन कन्या इण्टर कॉलेज की प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रियंका जैन, सहायक अध्यापिका श्रीमती पल्लवी एवं लेक्चरर श्रीमती अंजू भी उपस्थित रहीं।



सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर में उपस्थित बालिकाओं को शिक्षा का अधिकार, वृद्धजन के अधिकार, विधिक सेवा के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने सर्वाइकल केंसर के बारे में बताया कि यह पहला ऐसा कैंसर है जिसकी वैक्सीन उपलब्ध है, इस कैंसर को पूरी तरह विकसित होने में 20 वर्ष तक का समय लगता है। इस कैंसर के बचाव के लिए 13 वर्ष तक की बालिकाओं को दो वैक्सीन दी जाती है। 13 वर्ष से लेकर 19 वर्ष की बालिकाओं को तीन बैक्सीन लगायी जाती है। इस कैंसर के प्रसार को रोकने के लिए महिलाओं में स्क्रीनिंग भी की जाती है, एक बार स्क्रीनिंग होने से तीन वर्ष महिला इस कैंसर से सुरक्षित हो जाती है। महिलाओं में स्क्रीनिंग 60 वर्ष की उम्र तक की जाती है। उन्होंने कहा कि आप लोगो को जो भी जानकारी यहां पर प्रदान की गयी है उसका आप लोग प्रचार-प्रसार करें और अधिक से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रेरित करें कि वह स्क्रीनिंग व वैक्सीनेशन अवश्य करायें। इस कैंसर को वैक्सीनेशन व स्क्रीनिंग के माध्यम से ही बढने से रोका जा सकता है।

उन्होंने बताया कि आस्ट्रेलिया विश्व का पहला देश है जिसने स्वंय को इस केंसर से मुक्त किया है। वर्तमान समय में सर्वाइकल कैंसर रोग से पीडित महिलाओं की संख्या भारत में सर्वाधिक है।शिविर में मोहन लाल गौतम जिला महिला चिकित्सालय की चिकित्सक डा0 अंशू सक्सेना ने सर्वाइकल कैंसर कैसे फैलता है एवं इसके प्राथमिक लक्षण क्या है के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण एवं बारीक जानकारियॉ प्रदान कीं। उन्होंने शिविर में उपस्थित बालिकाओं के प्रश्नों का बेबाकी के जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने बालिकाओं से अपील करते हुए कहा कि सर्वाइकल कैंसर एवं उसके उपचार के सम्बन्ध में जो जानकारियां प्रदान की गई हैं इनको आप अपने परिवार व रिश्तेदारों की महिला सदस्यों एवं अन्य बालिकाओं व महिलाओ को अवगत कराएं ताकि सर्वाइकल कैंसर को प्रसारित होने से रोका जा सके। विधिक साक्षरता शिविर में श्री उदयसिंह जैन कन्या इण्टर कॉलेज में लगभग 200 छात्राएं उपस्थित रहीं। साक्षरता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वंय सेविकाऐं श्रीमती आभा वार्ष्णेय, श्रीमती सईदा खातून एवं श्रीमती सोनम भी उपस्थित रहीं।

## ऑपरेशन जागृति अभियान अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अलीगढ़ »** शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ महोदया अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति अंतर्गत महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है।

प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने दृ अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

# रीलोकेट करने के कारण श्वान में बढ़ रहे रेबीज के मामले, नसबंदी प्रोग्राम हो रहा फेल

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**आगरा।** समाज में पहली रोटी गाय की और आखिरी रोटी श्वान की परम्परा टूटने व रेजीडेन्शियल वेलफेयर सोसायटियों (आरडब्ल्यूएस) द्वारा देसी श्वानों को रीलोकेट करना रेवीज के मामलों में इजाफे का मुख्य कारण है। श्वानों में नसबंदी प्रोग्राम भी फेल हो रहा है। परन्तु शहर की आरडब्ल्यूएस समस्या को समझकर उसे हर करने के बजाय सिर्फ छुटकारा चाहती हैं। हर कोई बस यही चाहते हैं कि श्वानों को उनके क्षेत्र से हटा दो, भरकर कहीं फेंक दो। सुप्रीम कोर्ट के आर्डर के बाद भी एबीसी का प्रोग्राम ठीक से नहीं चल पा रहा। श्वानों की विदेशी ब्रीड के प्रति मोह के कारण अवैध रूप से चल रहे ब्रीडिंग सेन्टर और देशी श्वानों के प्रति लोगों में हीन भावना व नकारात्मकता को दूर करने के उद्देश्य खंदारी स्थित कैस्पर्स होम पर आज एनीमल लवर्स द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। एचएडब्ल्यूआर की प्रतिनिधि कैस्पर्स होम की निदेशक विनीता अरोड़ा ने कहा कि देसी श्वानों के भी कई फायदे हैं। आरडब्ल्यूएस द्वारा नगर निगम व संस्थाओं को रोकने के बजाय नका सहयोग करना चाहिए। जो स्ट्रीट डॉग एग्रेसिव होते हैं, उसके पीछे की बजह हो सकती है। जिसका जो नेटिव प्लेस है उसे वहीं रहने दें। किसी के साथ बर्बरता न करें। उन्होंने संस्था के पास पहुंचे कई मामलों का उदाहरण देते हुए कहा कि लोग बोरों में भरकर श्वानों को नालों तक में फेंक आते हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट के सख्त आर्डर हैं कि आरडब्ल्यूएस को अपने आस-पास के एनीमल की रहने व खाने पीने की व्यवस्था करनी होगी। सहयोग न मिल पाने के कारण शहर की सभी आरडब्ल्यूएस में एनीमल वेलफेयर कमेटी का गठन करने में भी दिक्कत आ रही हैं। जानवरों के प्रति कानून की जानकारी न होने से क्षेत्रीय पुलिस भी सहयोग नहीं करती। बैठक में शहर की रेजीडेंशियल वेलफेयर सोसायटी को नगर निगम व संस्थाओं का सहयोग करने की पील की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से यश रहेजा, गुंजन, सनी, डॉ. तूलिका अग्रवाल, शांतनु बंसल, अंकित शर्मा, प्रतिभा गोस्वामी, कुर गोस्वामी, गरिमा शर्मा, गुंजन आदि उपस्थित थे।

# बदमाश का एनकाउंटर: 28 मुकदमों वाला बदमाश मांगेलाल पुलिस की गोली से घायल

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** थाना ताजगंज क्षेत्र के देवरी-रोहता मार्ग पर गुरुवार-शुक्रवार की रात पुलिस और वांछित अपराधी के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसे घायल अवस्था में एस.एन. मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक वांछित अपराधी देवरी और रोहता के बीच क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना मिलते ही ताजगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें बदमाश मांगेलाल पुत्र ऐदल सिंह, निवासी कोलक्खा, घायल हो गया।घटनास्थल से एक .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक छीना गया मोबाइल फोन और कुछ नकदी बरामद की गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मांगेलाल पर लूट, छिनैती और अवैध हथियार जैसे गंभीर आरोपों से जुड़े कुल 28 मुकदमे दर्ज हैं। पिछले कई दिन से आगरा के किसी न किसी थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो रही है, जिसमें बदमाश न केवल पकड़े जा रहे हैं अपितु पुलिस की गोली से घायल भी हो रहे हैं।

## मुख्य समाचार

### मेधावी छात्रा को किया सैनिक संगठन ने सम्मानित



**फिरोजाबाद/ शिकोहाबाद (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** सैनिक समाज सेवा संगठन ने इंटरमीडिएट की जनपद में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा प्रिया यादव का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। छात्रा प्रिया यादव के पिता संजीव कुमार यादव निवासी लाछपुर नसीरपुर हाल निवासी स्टेशन रोड मेहराबाद शिकोहाबाद पूर्व सैनिक हैं। वह 2020 में हवलदार के पद से रिटायर्ड हो चुके हैं। प्रिया ने सीबीएसई बोर्ड से इंटर की परीक्षा में 99 फीसदी अंक प्राप्त कर जनपद फिरोजाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । प्रिया यादव के साथ ही उसके माता पिता को भी सम्मानित किया। इस दौरान छात्रा के बाबा जयप्रकाश यादव, भाई अतीत कुमार, ताऊ महेश बाबू, चाचा राजीव कुमार, संगठन के आगरा मण्डल संरक्षक दिनेश कुमार, संरक्षक इंजीनियर रामब्रेस यादव, अध्यक्ष विशेष कुमार, प्रमुख महासचिव प्रयाग चन्द्र, कोषाध्यक्ष ध्रुवजीत सिंह, के. के. शर्मा, विरेंद्र सिंह, पवन किशोर, ज्ञानीराम, जय कुमार, जितेन्द्र कुमार, समर सिह, वीर नारी कल्पना यादव मौजूद रही।

### एक तमंचा, कारतूस के साथ एक युवक पुलिस ने लिया हिरासत में

**फिरोजाबाद (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** नसीरपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को आरोपी के पास से 315 बोर का एक तमंचा, एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम रोहित उर्फ छोटे पुत्र मैदान सिंह निवासी हरगनपुर बताया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### सट्टे के कारोबार पर पुलिस ने करवाई 4 लोग गिरफ्तार

**फिरोजाबाद/ शिकोहाबाद (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** नगर क्षेत्र में सट्टे का कारोबार काफी लंबे समय से तेजी के साथ चल रहा है शहर के गली-गली में सट्टे का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। जगह जगह सट्टे के केंद्रों पर सुबह से ही भीड़ जमा हो जाती है यह सिलसिला रात तक चलता रहता है। सट्टे की लत के चलते कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। कई बार प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की जाती है परंतु मैच कुछ ही दिन बाद फिर कारोबार तेजी के साथ चलता दिखाई देता है सट्टे का व्यापार करने वाले इतने दबंग माने जाते हैं कि उनका कारोबार कुछ दिन के लिए बंद होता है लेकिन कुछ समय के बाद ही चलने लगता है अब इसके पीछे कोई भी वजह रहती हो पुलिस ने सट्टे खेलने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। मोहल्ला रुकनपुर से पुलिस ने 4 सटोरियों को दबोच लिया। पुलिस को आरोपियो की तलाशी में 7890 रुपए के साथ सट्टे में प्रयोग होने वाला सामान बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े सटोरियों के नाम बाबूराम पुत्र महेश चन्द निवासी ग्राम नौशहरा, जीतू उर्फ जितेन्द्र पुत्र हरिनन्दन निवासी प्रतापपुर चौराहे का पास नगला किला, कमलेश कुमार पुत्र विश्राम सिह निवासी हीरा नगर एटा चौराहा, अशफाक पुत्र हबीब निवासी जिला अस्पताल के पीछे मथुरा बताए। पुलिस ने सभी सट्टेबाजों का चालान कर दिया।

### लैब टेक्नीशियन ने संदिग्ध परिस्थितियों में की आत्महत्या



**फिरोजाबाद /शिकोहाबाद (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** सीएचसी धनपुरा केंद्र पर तैनात प्रयोगशाला सहायक ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना घर पर मौजूद उनके बच्चों ने अपनी मां को दी जिस समय घटना हुई थी उसे समय लैब टेक्नीशियन की पत्नी अपने मायके गई हुई थी घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। नेशनल हाईवे बालाजी मंदिर स्थित देव नगर निवासी ऋषि राज चौहान नसीरपुर के सीएचसी धनपुरा केंद्र पर प्रयोगशाला सहायक पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार सुबह ऋषि राज चौहान की पत्नी अपने मायके गई हुई थी। घर में उनके दो बच्चे मौजूद थे इसी दौरान ऋषि राज ने अपने कमरे में जाकर साड़ी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। जब बच्चों ने अपने पिता को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उन्होंने अपनी मां को फोन किया घटना के बाद से परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के लोगों ने शव को नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया परिजनों की तरफ से किसी भी मामले की कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आती है तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### क्षेत्रीय जनता द्वारा पुलिस का किया गया सम्मान

**आगरा (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत थाना खेरागढ़ क्षेत्रांतर्गत रहने वाले श्री प्रदीप बंसल जी (सरार्फा व्यवसायी) द्वारा क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से थाना खेरागढ़ क्षेत्रांतर्गत घटित लाखों की चोरी एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित दो घटनाओं के त्वरित और सफल अनावरण में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके इस सहयोग हेतु सहायक पुलिस आयुक्त, खेरागढ़ व थाना प्रभारी खेरागढ़ एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों द्वारा प्रदीप बंसल को सम्मानित किया गया।

# मगरमच्छ से भिड़ा चंबल का सपूत, नहाते समय हुआ हमला, ग्रामीणों ने बचाई जान

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** आगरा के बाह ब्लॉक स्थित चम्बल नदी के केंजरा घाट पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक चंबल नदी में दोस्तों के साथ नहा रहा था और अचानक मगरमच्छ ने उस पर हमला बोल दिया। मगरमच्छ ने युवक को अपने जबड़े में जकड़ लिया और पानी में खींचने की कोशिश करने लगा। ग्रामीणों ने बमुश्किल युवक की जान बचाई। जिस युवक पर मगरमच्छ ने हमला बोला वह घोंसली गांव का करन है। मौत को सामने देखकर भी करन ने हिम्मत नहीं हारी। उसने पूरी ताकत लगाकर मगरमच्छ से खुद को छुड़ाने की कोशिश की। कुछ देर तक पानी में संघर्ष चलता रहा। बाद में युवक की चीखें सुनकर साथ नहा रहे उसके दोस्त और नदी के किनारे पर मौजूद ग्रामीण सतर्क हो गए। करन की जान बचाने के लिए ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़े और मगरमच्छ पर हमला कर दिया। कई मिनटों की मशक्कत के बाद मगरमच्छ ने युवक को छोड़ा और नदी में वापस चला गया। घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मगरमच्छ के जकड़ने से युवक की बांह में गंभीर चोट आई है। युवक के शरीर पर मगरमच्छ के जबड़े के गहरे निशान हैं। उसे परिजनों द्वारा नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल युवक की हालत स्थिर है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन दिनों चंबल नदी में मगरमच्छ और घड़ियाल का नेस्टिंग सीजन चल रहा है, जिससे वे अधिक आक्रामक हो जाते हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि इस दौरान नदी के किनारे न जाएं और सतर्क रहें। बाह ब्लॉक स्थित चम्बल नदी के केंजरा घाट पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक चंबल नदी में दोस्तों के साथ नहा रहा था और अचानक मगरमच्छ ने उस पर हमला बोल दिया। मगरमच्छ ने युवक को अपने जबड़े में जकड़ लिया और पानी में खींचने की कोशिश करने लगा। ग्रामीणों ने बमुश्किल युवक की जान बचाई।

# जनपद के समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों में प्रवेश सत्र प्रारंभ

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, श्री मान सिंह भारती ने अवगत कराया है कि जनपद के समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आगरा /फतेहाबाद/बाह/महिला, आगरा / एत्मादपुर /खेरागढ़ में संचालित व्यवसायों एवं टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से संचालित हो रहे व्यवसायों में प्रवेश सत्र अगस्त 2025 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 12.05.2025, से प्रारम्भ है एवं ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 05.06.2025 रात्रि 12.00 बजे तक है। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करने के लिये परिषद की बेवसाइट पर क्लिक कर आवेदन फॉर्म भरना होगा।

उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण शुल्क की देय धनराशि डेविड कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिग / यू०पी०आई० के माध्यम से कर सकते है, शुल्क का भुगतान कर अभ्यर्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगें। अतः जनपद के समस्त छात्र/छात्राएं जो राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेना चाहते है, वह अंतिम तिथि 05.06.2025 के रात्रि 12:00 बजे से पूर्व अपना ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर लें।

# समाजवादियों ने निकाला शर्म करो मार्च राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

पब्लिक एशिया ब्यूरो


**आगरा।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के निर्देश अनुसार महानगर अध्यक्ष प्रियंका चौहान एवं प्रदेश सचिव ममता टपलू के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारत की बहादुर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश मे भाजपा के मंत्री विजय शाह द्वारा अपमानजनक बयान देने के विरोध मे जिला मुख्यालय (कलेक्ट्रेट) आगरा में शर्म करो मार्च निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम से ज्ञापन दिया।

महानगर अध्यक्ष प्रियंका चौहान ने कहा विजय शाह के इस बयान से सपा महिलाओं में काफी रोष है मंत्री के इस विवाद ने मध्य प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सियासत को गरमा दिया है। समाजवादी पार्टी ने विजय शाह के इस्तीफे की मांग की है। महिला विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताते हुए शाह को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। एवं देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है प्रदेश सचिव ममता टपलू ने इसे सेना और राष्ट्रीय एकता का अपमान बताया।

# बिजली कटौती से नाराज किसानों का धरना

- **विद्युत सब स्टेशन का घेराव, स्मार्ट मीटर का विरोध, धिमिश्री में हुई किसानों की पंचायत**

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** थाना शमशाबाद क्षेत्र में किसानों ने धिमिश्री विद्युत सब स्टेशन पर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर के नेतृत्व में किसान पंचायत का आयोजन हुआ।किसानों ने बिजली की लगातार कटौती और स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया। उन्होंने विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी धिमिश्री को अपनी समस्याओं से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों और स्थानीय लोगों ने मांग की है कि विद्युत सब स्टेशन पर जर्जर पड़ी मशीनों को बदलवाया जाए, जिससे अंधाधुंध कटौती से निजात मिल सके। साथ ही ग्रामीणों ने विद्युत स्टेशन पर तैनात संविदा कर्मियों पर गैर जिम्मेदाराना व्यवहार और रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके अलावा स्मार्ट मीटर लगाने के काम को तत्काल रोके जाने की मांग की है। उपखंड अधिकारी ने किसानों से ज्ञापन प्राप्त कर सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष गोविन्द सेंथिया, ग्राम प्रधान धनवान सिंह, जेंटल सिंह, रंजीत कुशवाह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। पंचायत की अध्यक्षता पुनाराम कुशवाहा ने की, जबकि संचालन रामनिवास रघुवंशी ने किया।

# भाड़री गांव के पास मिला नहर में डूबे युवक का शव

पब्लिक एशिया ब्यूरो



फिरोजाबाद/ शिकोहाबाद। गुरुवार की दोपहर में दोस्तों के साथ नहर छीछामई गांव के पास नहर में नहाते समय जसराना क्षेत्र का एक युवक नहर में डूब गया था। जिसकी आगरा के पीएसी के जवान स्टीमर की सहायता से लगातार तलाश कर रहे थे। उसका शव भाड़री गांव के पास नहर से बरामद हो गया। युवक का शव मिलते ही परिवार में कौहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मोहित पुत्र गंगा सिह निवासी कलहारी थाना जसराना अपनी बहन रेनू के घर नगला जवाहर थाना मक्खनपुर में अहमदाबाद से लौटकर आया था। वह दोपहर में अपने दोस्त अतुल व रूपे के साथ छीछामई गांव के पास नहाने गया था। सभी लोग नहर में नहा रहे थे कि इसी दौरान नहर मोहित नहर में बह गया। इस दौरान उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सूचना पर युवक के परिजनो के साथ ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को खोजना शुरू कराया लेकिन उसका सुराग नहीं लगा तो पुलिस ने आगरा से पीएसी के खोताखोर की टीम को मौके पर बुला लिया। शुक्रवार को टीम ने स्टीमर की सहायता से शव को खोजना शुरू किया।

कई घंटे के अथक प्रयास के बाद युवक का शव भाड़री गांव के पास नहर से बरामद हो गया। शव बरामद होते ही युवक के परिवार में कौहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

# यह संगठन की शक्ति है, संघे शक्ति सर्वदा, शिक्षक एकता जिंदाबाद: डॉ. भोज कुमार शर्मा

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुट के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. भोज कुमार शर्मा की सूचना अनुसार प्रदेश के पदाधिकारीयों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा निदेशक लखनऊ कंचन वर्मा (आई ए एस) से वार्ता कर ग्रीष्मवकाश में समर कैंप आयोजन को स्थगित करने की मांग की। दिनांक 14 मई 2025 को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रादेशिक कार्य समिति के पदाधिकारियों ने महानिदेशक स्कूल एवं माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश श्रीमती कंचन वर्मा (आईएएस) से भेंट करके ज्ञापन देकर समर कैंप को स्थगित करने की मांग की। महानिदेशक ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि समर कैंप के पत्र का संशोधित कर के पुनः जारी का किया जाएगा।

अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए समर कैंप ऐच्छिक रहेगा। इसके अतिरिक्त 28 मार्च 2005 के पूर्व विज्ञापन के आधार पर चयनित सैकड़ों शिक्षकों पुरानी पेंशन एवं जीपीएफ कटौती से आच्छादन आदेश में हो रहे अनावश्यक विलम्ब की शिकायत की गई। इस पर महानिदेशक ने शीघ्र कार्यवाही कराने के लिए आश्वस्त किया।

# ब्रेन हेमरेज के मामलों में जीवनरक्षक बन रहा है एंडोवैस्कुलर ट्रीटमेंट

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** ब्रेन हेमरेज एक प्रकार का स्ट्रोक होता है, जो मस्तिष्क के अंदर या उसके आसपास रक्तस्राव होने के कारण होता है। यह अचानक हो सकता है और अक्सर जानलेवा होता है। ब्रेन हेमरेज के कुछ विशेष मामलों में एक आधुनिक और उन्नत उपचार पद्धति है – एंडोवैस्कुलर ट्रीटमेंट, जो कि न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया होती है।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के इंटरवेंशनल न्यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि ह्लएंडोवैस्कुलर ट्रीटमेंट के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रक्रियाएं की जाती हैं, जैसे कॉइलिंग, जिसमें एक पतली धातु की कॉइल ब्रेन एन्यूरिज्म में डाली जाती है ताकि रक्त प्रवाह रोका जा सके; एम्बोलाइजेशन, जिसमें एक विशेष पदार्थ का उपयोग करके असामान्य रक्त वाहिकाओं को बंद किया जाता है; और स्टेंट प्लेसमेंट, जिसमें कमजोर रक्त वाहिका को मजबूत करने के लिए एक जालीनुमा ट्यूब डाली जाती है। इन तकनीकों से मस्तिष्क पर दबाव कम होता है और भविष्य में रक्तस्राव की संभावना घटती है। यह उपचार विधि कम इनवेसिव होती है, जिससे मरीज को बड़े चीरे या खोपड़ी खोलने की जरूरत नहीं पड़ती, रिकवरी तेजी से होती है।

उन्होंने बताया कि ह्लयदि डॉक्टर को ब्रेन हेमरेज का संदेह होता है, तो उळ स्कैन या टफक्र जैसे इमेजिंग टेस्ट से इसका पता लगाया जाता है। अगर एंडोवैस्कुलर ट्रीटमेंट उपयुक्त हो, तो इसे विशेष कक्ष (एंजियोग्राफी सूट) में किया जाता है। मरीज को एनेस्थीसिया दिया जाता है और प्रक्रिया कुछ घंटों तक चल सकती है। इसके बाद मरीज को अस्पताल में सावधानी से मॉनिटर किया जाता है। ब्रेन हेमरेज एक गंभीर स्थिति है और तुरंत उपचार की आवश्यकता होती है। एंडोवैस्कुलर ट्रीटमेंट एक कम इनवेसिव और अपेक्षाकृत सुरक्षित तरीका है जिससे रक्तस्राव रोका जा सकता है और भविष्य में स्ट्रोक की संभावना कम हो सकती है।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के की टक्कर से युवक की मौत

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**फिरोजाबाद/ शिकोहाबाद।** गांव डाहिनी पुलिया के पास बंबा की पटरी के निकट एक तेज रफ्तार वाहन के रौदने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नही हो सकी। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

शुक्रवार को राहगीर धर्मेंद्र कुमार पुत्र नानक चंद निवासी नगला चंदा थाना नसीरपुर ने पुलिस को सूचना दी कि एक अज्ञात वाहन एक 25 वर्षीय युवक को रौंद कर भाग गया है। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसके शव की शिनाख्त नही हो सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन मृतक के शव की शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हुई है। अभी तक शव की शिनाख्त नही हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

## मुख्य समाचार

### स्काउट गाइड शिविर में बिना बर्तन भोजन बनाना सिखाया

**दिवसीय का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में**
**(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।**



**डी के शर्मा बांदा।** दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बांदा में किया गया। शिविर में प्रशिक्षक अरुण अग्रहरी ने स्काउट गाइड को प्राथमिक उपचार, लेसिंग और नॉट, कंपास पढ़ना, बिना बरतन के भोजन बनाना, टेंट लगाना सीटी के संकेत, हाथ मिलाना प्राथमिक चिकित्सा गांठ बांधना एवं स्काउट गाइड के बारे में जानकारी एवं अन्य का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर आराधना गौतम स्मिता द्विवेदी सरोज मिश्रा शिवप्रताप सिंह पाल डायट प्राचार्य ए एन सिंह अनिल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बड़ोखर ब्लाक में आंगनबाड़ियों का प्रशिक्षण

**21 मई से 20 जून तक समर कैंप आयोजित**
**(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।**



**डी के शर्मा बांदा।** गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप में मस्ती की पाठशालाएं संचालित होंगी। कक्षा 4 से 6 तक के बच्चों को खेल के माध्यम से पढ़ाई कराई जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करना है। कैंप में खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए बच्चों का समग्र विकास होगा। यह बातें आंगनबाड़ियों के प्रशिक्षण में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला समन्वयक रंजीत वर्मा ने कहीं।

बड़ोखर ब्लाक सभागार में शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री वर्मा ने कहा कि समर कैंप 21 मई से 20 जून 2025 तक चलेंगे। बच्चों को नई खोज और खेल के माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में उनकी संस्था बाल विकास परियोजना के साथ जुड़कर काम कर रही है। प्रशिक्षक प्रदीप कनौजिया ने पुस्तिका के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों में तार्किक शक्ति बढ़ाने के गुर बताए।

सीडीपीओ राम प्रकाश ने कहा कि समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करना, टीम वर्क, आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करना, सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करना, ग्रीष्मावकाश में खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनका समग्र विकास करना है।

प्रशिक्षण में यूनिसेफ के मंडल कोआर्डिनेटर संतोष राय, मुख्यसेविका प्रतिभा त्रिपाठी, गीता तिवारी, इंविजिबल स्कार्स फाउंडेशन के फील्ड एक्जीकिटिव इमरान अली, पुष्पेंद्र कुमार सहित डेढ़ सैकड़ा से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहीं।

### मकान में सिलेंडर के विस्फोट से लगी आग

**17 मई को आनी थी बारात, दहेज सहित गृहस्थी हुआ खाक**
**(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।**



**डी के शर्मा बांदा।** बबेरू कस्बे के अंबेडकर नगर मे शादी वाले मकान में लगी आग, सिलेंडर के विस्फोट से चार मकान चपेट में आ गए। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों मोहल्ले वासी, समाजसेवी व पत्रकारों के द्वारा शादी के लिए आर्थिक सहयोग कर रहे है।बबेरू कस्बे के अंबेडकर नगर मोहल्ले की रहने वाली बेवा महिला कमला देवी पत्नी स्वर्गीय रामलाल वर्मा के पुत्री सुनीता देवी की बारात 17 मई को मध्य प्रदेश के चंदला बलकौर से आनी थी। जिसमें शादी का कार्यक्रम 15 मई व 16 मई की मध्य रात्रि चल रहा था। जिसमें अचानक गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में आग लग गई, जिससे दो सिलेंडरों का विस्फोट हो गया, जिससे शादी वाले घर में आग धू धू कर जलने लगी , और एक सिलेंडर धमाके की धमक से 100 मी दूर जंगलिया वर्मा के मकान पर गिरा, जिससे उसका भी मकान आग की चपेट पर आ गया। किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुल्हन की मां बेवा कमला देवी, कमल किशोर, जंगलिया वर्मा एवं अनूप वर्मा के मकान आग के चपेट पर आ गए, सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के जवानों के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आज पर काबू पाया गया। वहीं घटना के समय बबेरू कोतवाली पुलिस नायब तहसीलदार भी पहुंचकर मौका मुआयना किया। जिसमें आग से शादी वाले घर में रखा दहेज का सामान, 6 मोबाइल फोन, एक लाख रुपए नगद जेवर, राशन सामग्री सहित गृहस्थी का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। जिससे दुल्हन की मां बेवा कमला देवी भाई हरेंद्र वर्मा, ललित वर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है, कि अब बेटी की शादी कैसे होगी। जैसे ही मोहल्ले के लोगों ने सहयोग करना शुरू किया तो स्थानीय और नगर के जनप्रतिनिधियों समाजसेवी ,पत्रकारों को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचकर आर्थिक सहायता किया है। जिसमें बबेरू क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव 10 हजार रुपए, नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता 5 हजार रुपए, पूर्व मंत्री शिव शंकर सिंह पटेल 5100 रुपए, जयकरन श्रीवास 2500 रुपए, वही मां मढ़ी दाई मंदिर दुर्गोत्तसव समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मुन्ना सिंह तराया गुलाब चंद्र उपाध्याय के द्वारा एक टीन रिफाइंड, 50 किलोग्राम चीनी, और एक कुंटल आटा सभासद रामकृपाल मौर्य शादी में जो सब्जी लगेगी वह देने के लिए कहा है। वेद मित्र के द्वारा दुल्हन के लिए साड़ी और अन्य कपड़े देने के लिए कहा है। वहीं हीरा पैलेस मैरिज हाल के मालिक सोनू कुमार व मैनेजर चंद्र बहादुर धुरिया ने लड़की की शादी के लिए अपना मैरिज हाल को निःशुल्क दे दिया है। इसी तरह लड़की की शादी में सहयोग के लिए मोहल्ले वासियों सहित कस्बा वासियों का भी सहयोग मिल रहा है। जिसमें नगर पंचायत के सभासद शिव प्रकाश मालिक,रामकृपाल मौर्य,कुलदीप सिंह,संतोष कुमार, आकाश चौरसिया रोहित गुप्ता , चंद्रबाहदुर धुरिया ,चच्चू वर्मा, पंकज वर्मा, रमेश वर्मा, सहित सभी सभासदों के द्वारा आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक 17 मई दिन शनिवार को मध्य प्रदेश के बलकौरा थाना चंदला से बारात आनी थी, जिसको देखते हुए मोहल्ले वासी कस्बा वासी जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों के द्वारा आर्थिक सहायता किया, और खाद्य सामग्री के लिए खुलकर सहयोग करने पर जुट गए हैं। और लोगों ने कहा है की लड़की की शादी अच्छी से अच्छी की जाएगी।

# स्वास्थ्य मंत्री जी बेसमेंट में अस्पताल. इलाज के नाम पर मौत का इंतजाम.

**(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।**




**गोण्डा।** शहर के कई बेसमेंट में अस्पताल संचालित हो रहे हैं।दस फीसदी से अधिक अस्पतालों की ओपीडी, डायग्नोस्टिक सेंटर,फिजियोथेरेपी सेंटर,मेडि कल स्टोर आदि बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं।यहां इलाज के दावों के बीच मरीजों के सिर पर मौत का खतरा मंडरा रहा है।इनमें कई अस्पताल व न र्सिंग होम शहर के रसूखदारों के हैं।यही नहीं सर कारी अफसरों का गठजोड़ कहें या फिर कुछ और शापिग माल हो या कांपलेक्स,बेसमेंट में पार्किंग के बजाए अस्पताल व पैथोलाजी सेंटर चल रहे हैं। ऐसे में मरीजों को लेकर आने वाले वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए जाते हैं नतीजतन राहगीरों को आवागमन बाधित हो जाता है।गोंडा लखनऊ रोड सिविल लाइंस इलाके में मंडेनाला के पास दो मंजिला कांपलेक्स है।इसमें ऊपर पिज्जा हाउस है,बेसमेंट में अस्पताल चल रहा है।

ऐसे में यहां पर मरीजों को लेकर आने वाले वाहन लोगोंके लिए मुसीबत बन जाते हैं।इसी तरह इसके दूसरी तरफ पर भी बेसमेंट में नर्सिंग होम चल रहा है और ऊप र महिंद्रा फाइनेंस की ऑफिस बनी हुई है और दु कान संचालित हो रही इसी तरह जिला अ स्पताल के समीप स्थित कांपलेक्स में हास्पिटल संचालित है।

यहां के बेसमेंट में मेडिकल स्टोर चल रहा है।यहां पर प्रतिदिन करीब सैकड़ो से अधिक मरीज व तीमारदार आते हैं।ऐसे में इनके वाहन स ड़क पर ही खड़े होते हैं।इससे थोड़ा सा आगे बढ़ने पर टावर के नाम से एक कांपलेक्स है।इसमें पैथो लाजी सेंटर चल रहा है।

बेसमेंट में यहां पर मरीजों की जांच की जा रही है।इस जांच सेंटर पर सुबह से लेकर शाम तक भीड़ लगी रहती है।इसके अति रिक्त जिला अस्पताल के सामने शापिग माल के बेसमेंट में सर्जन की ओपीडी है।ऐसे में हर दिन य हां पर सैकड़ो से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।

वही बेसमेंट में संचालित हो रहे नर्सिंग होम,क्लीनिक, मेडिकल स्टोर, संचालित होने की जानकारी सिटी मजिस्ट्रेट

से दूरभाष पर लेने की कोशिश की गई तो उनका फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर बताया और पूरी जान कारी नहीं मिल पाई है।

### डीजीपी साहब गोण्डा में तेजी से बढ़ रहे अपराध के ग्राफ,पुलिस रोकने में नाकाम...




**(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।**

**गोण्डा।** जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा हैं, लेकिन पुलिस उस पर लगाम लगाने की बजाय शांत बैठी है।पुलिस के इसी रवैये को देखकर अप राधी कही छात्र की हत्या कर दे रहे हैं।तो कही पर दिनदहाड़े राइफल के बल पर बीसी संचालक का अपहरण कर लिया जाता है,किसी को लूट रहे है। यही नहीं सामूहिक दुष्कर्म की वारदातों को अंजाम देने में आरोपित कामयाब हो जा रहे है।कही पर् मं दबुद्धि के युवक को पीठ पीठ कर मार डाला जाता है।कहीं पर युवक को कर समझ कर रस्सी में बांध कर पीटा जाता है।चोर तो आए दिन किसी न कि सी मोहल्ले के मकान का ताला चटका रहे है।तो कही पर पुलिस चौकी के सामने दुकान में चोरी हो जाती है।हालत बहुत ही खराब हो गए है।गोण्डा जिले में अब तो कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे है। मारपीट की घटना तो आम बात है।जनपद में पह ले ही अपराध बढ़े थे,अब तो हद हो गई है।पिछले एक महीने पर गौर करें तो अपराधी खुलेआम अप राधों को अंजाम देने लगे है।इससे जिलेभर में दश हत फैल गई है।हर किसी के मन में यह डर बन ग या है कि कही सड़क पर निकलें तो कोई उनको लूट न ले।कही दिन दहाड़े उनकी हत्या न हो जाए। यह सोचकर हर कोई सहमा हुआ है।जिले की पु लिस केवल सेटिंग....गेटिंग में मस्त है।अपराध रो कने पर उसका कोई ध्यान नहीं है।

## नगर निगम मुख्यालय में जोन 4 और जोन 5 के पार्षदों संग बैठक

**वार्डो की समस्याओं पर हुई विस्तार से चर्चा**





**(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।**

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय के समिति कक्ष में गुरुवार को नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार की अध्यक्षता में जोन 4 और जोन 5 के माननीय पार्षदगणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव और श्री अरुण कुमार गुप्त भी उपस्थित रहे। इसके अलावा दोनों जोनों के जोनल अधिकारी, ‛स्ह्व, श्वङ्गश्वह्व, जलकल विभाग के अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य जोन 4 और जोन 5 के अंतर्गत आने वाले वार्डों की समस्याओं पर चर्चा करना और उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना था।जोन-4 की ओर से बैठक में चार पार्षद शामिल हुए। इनमें राजीव गांधी प्रथम वार्ड से श्री संजय सिंह राठौड़, भरवारा मल्हौर वार्ड से श्रीमती ममता रावत, चिनहट प्रथम वार्ड से श्री अरुण राय और खरगापुर सरास्वां वार्ड से श्री राजेश कुमार ने भाग लिया।जोन-5 से कुल आठ पार्षद या उनके प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे। सरोजनी नगर प्रथम वार्ड से श्रीमती गीता देवी के प्रतिनिधि, सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड से श्री राम नरेश रावत, गुरूनानक नगर वार्ड से श्री पियूष दिवान, बाबू कुंज बिहारी ओम नगर वार्ड से श्रीमती सरिता मिश्रा के प्रतिनिधि, रामजी लाल-सरदार पटेल नगर वार्ड से श्रीमती संध्या मिश्रा के प्रतिनिधि, गुरू गोविन्द सिंह वार्ड से श्रीमती नूतन नायक के प्रतिनिधि, चित्रगुप्त नगर वार्ड से श्री नरेन्द्र कुमार और केसरी खेड़ा वार्ड से श्री देवेन्द्र सिंह यादव जीतू उपस्थित रहे।बैठक के दौरान पार्षदगणों ने अपने-अपने वार्डों में व्याप्त प्रमुख समस्याओं को नगर आयुक्त के समक्ष रखा। इनमें प्रमुख रूप से स्ट्रीट लाइट की खराबी, जर्जर सड़कों की मरम्मत, नाले-नालियों की नियमित सफाई, पेयजल की कमी, अतिक्रमण, संपत्ति कर संबंधी समस्याएं और सड़कों की सफाई को लेकर चिंता जाहिर की गई।पार्षदों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने आश्वासन दिया कि सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त सफाईकर्मी जल्द ही तैनात किए जाएंगे। साथ ही, जलभराव की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों को दिए जा चुके हैं।नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं देने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है और पार्षदों के सुझावों को नीति निर्धारण में शामिल किया जाएगा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और पार्षदों ने नगर निगम के प्रयासों की सराहना भी की।

## सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की बड़ी कार्रवाई,5 करोड़ की संपत्ति बचाई गई

**(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।**



**लखनऊ।** मण्डलायुक्त लखनऊ एवं नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ श्री गौरव कुमार के निर्देश पर ग्राम बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।

इस विशेष अभियान का नेतृत्व अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित टीम ने किया। ग्राम बिजनौर स्थित गाटा संख्या 1919 (0.2530 हेक्टेयर) और गाटा संख्या 1367 (0.052 हेक्टेयर) की भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में ऊसर और तालाब के रूप में दर्ज है और नगर निगम की संपत्ति है, पर स्थानीय प्रॉपर्टी डीलरों व कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध प्लाटिंग, पिलर निर्माण, नींव भराई और सीमेन्टेड बाउंड्रीवाल खड़ी कर अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा था।

नगर निगम की संपत्ति प्रभारी अधिकारी श्री संजय यादव के निर्देशन में तहसील प्रशासन की टीम, जिसमें तहसीलदार श्री अरविन्द पाण्डेय, नायब तहसीलदार श्री रत्नेश कुमार, नगर निगम के राजस्व निरीक्षक श्री अविनाश चन्द्र तिवारी, लेखपाल श्री मृदुल मिश्रा एवं श्री सन्दीप यादव, तथा तहसील सरोजनी नगर के लेखपाल श्री आदेश शुक्ला शामिल थे, ने जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और भूमि को कब्जे से मुक्त कराया। मौके पर थानाध्यक्ष बिजनौर द्वारा उपलब्ध कराई गई पुलिस बल, पीएसी फोर्स और नगर निगम की ईटीएफ टीम भी मौजूद रही जिससे कार्रवाई शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो सकी।

उल्लेखनीय है कि गाटा संख्या 1256मि0 व 1351मि0 पर पहले से ही तहसील द्वारा बेदखली का आदेश जारी किया गया था। लेकिन जब टीम मौके पर पहुंची तो अवैध कब्जाधारियों ने विरोध किया। स्थिति को संभालते हुए प्रशासन ने कार्रवाई को आगामी तिथि के लिए स्थगित कर दिया और शांति व्यवस्था बनाए रखी।

इस अभियान के अंतर्गत कुल 0.305 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, इस भूमि की वर्तमान बाजार कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह कार्यवाही सरकारी संपत्ति की सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई लगातार जारी रहेंगी।

प्रशासन द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण या कब्जा करने से बचें अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस बैटमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन

**अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन संग पुरस्कृत किया**

**(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।**




**डी के शर्मा बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में 13 मई से पुलिस लाइन बांदा में चल रही चार दिवसीय प्रयागराज जोन की पुरुष/महिला वर्ग के बैंटमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आज समापन हो गया । प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन की सभी आठ टीमों- बांदा, महोबा, चित्रकूट, कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा पूरे मनोयोग एवं खेलभावना का प्रदर्शन करते हुए अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया गया । आज समापन समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन डॉ0 संजीव गुप्ता द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस0 मौजूद रहे । पुरुष वर्ग के बैटमिन्टन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रयागराज टीम तथा महिला टेबल टेनिस में प्रयागराज एवं महिला बैडमिन्टन प्रतियोगिता में फतेहपुर टीम विजेता रही । सर्वश्रेष्ठ बैटमिन्टन महिला खिलाड़ी ममता शर्मा फतेहपुर, सर्वश्रेष्ठ बैटमिन्टन पुरुष खिलाड़ी आलोक मिश्रा प्रयागराज, सर्वश्रेष्ठ टेबल टेनिस महिला खिलाड़ी रानी सिंह कौशाम्बी तथा सर्वश्रेष्ठ टेबल टेनिस पुरुष खिलाड़ी अनुराग प्रयागराज रहे । समापन समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ने पूरे उत्साह एवं खेलभावना के साथ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते पर खिलाड़ियों तथा कोच स्टाफ को धन्यवाद दिया ।

खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल में पुरस्कार जीतना महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि पूरे मनोयोग से खेलों में प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण है । समापन के अन्त में पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा को स्मृति चिन्ह भेट किया गया।

## एडीजी प्रयागराज जोन की राजपत्रित अधिकारियों संग अपराध समीक्षा बैठक

**(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।**

**>> शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश**

**>> इनामिया व हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश**




**डी के शर्मा बांदा।** आज अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन डा. संजीव गुप्ता द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस0 व अधीक्षक बांदा पलाश बंसल सहित जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ नवीन सभागार पुलिस लाइन बांदा में अपराध समीक्षा बैठक की गई । समीक्षा बैठक में जनपद में अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । साथ ही किया गया कि मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शस्त्रो के निर्माण, संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियो पर त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये । गुण्डो, माफियाओं, हिस्ट्रीशीटरों, टॉप टेन व इनामियां अपराधियों, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी आदि के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया । चोरी, लूट, नकबजनी, टप्पेबाजी जैसी घटनाओं की रोकथाम में पैदल गश्त की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होने निर्देशित किया किया सभी भीड़-भाड़ वाले तथा संवेदनशील स्थानों पर नियमित पैदल गस्त करें साथ ही रात्रि गस्त पार्टी को भी प्रभावी तरीके से क्रियाशील करें और महिला सम्बन्धी अपराधों को संवेदनशीलता के साथ जल्द से जल्द निस्तारण करें । समीक्षा बैठक के उपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस लाइन बांदा में चल रहे लघु/वृहद निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा जनपद में प्रशिक्षण हेतु आ रहे आ रहे रिक्रूट आरक्षियों के लिए आरटीसी बैरक, क्लासरुम, शौचालय, स्नानागार मेस ग्राउण्ड आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कार्यों को समय से पूरा करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## डी एम की अध्यक्षता बैंकर्स समीक्षा बैठक सम्पन्न

**लाभार्थियों को प्राथमिकता पर ऋण वितरण के निर्देश**

**(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।**



**डी के शर्मा बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा की अध्यक्षता में महर्षि बामदेव सभागार, कार्यालय में बैंकर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन बैंकों का सीडी रेशियो कम है, वे इसे प्राथमिकता से सुधारें। साथ ही, सभी बैंक पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ऋण सुविधा समयबद्ध रूप से प्रदान करें। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, उद्यम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं के तहत प्रेषित आवेदनों की शीघ्र जाँच कर स्वीकृति की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने महिला स्वयं सहायता समूह, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के हितग्राहियों तथा मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि योजना इत्यादि के अंतर्गत लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

साथ ही, बैंकों को नई संभावनाओं की पहचान कर ऋण वितरण शिविरों के आयोजन हेतु भी प्रेरित किया गया। बैठक में लीड बैंक मैनेजर, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), सामान्य प्रबंधक (जिला उद्योग केंद्र) सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

Page 12:Page 10.qxd 5/16/2025 9:13 PM Page 1





## अनुपम खेर की तन्वी द ग्रेट में मेजर श्रीनिवासन का किरदार निभाएंगे अरविंद स्वामी

अभिनेता से निर्देशक बने अनुपम खेर इन दिनों अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म में लगातार नए-नए एक्टर्स की एंट्री हो रही है। जिनका अनुपम खेर स्वागत कर रहे हैं। इयान ग्लेन, बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ के बाद अब अनुपम खेर की फिल्म में एक और एक्टर की एंट्री हुई है। जिसकी जानकारी अनुपम खेर ने खुद दी है।

### अनुपम खेर ने अरविंद स्वामी को बताया भरोसेमंद दोस्त

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के माध्यम से ये जानकारी दी है कि एक्टर अरविंद स्वामी की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' में एंट्री हुई है। अरविंद स्वामी फिल्म में मेजर श्रीनिवासन की भूमिका निभाएंगे। अनुपम ने अरविंद स्वामी का पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, पहली बार मैंने अरविंद स्वामी को रोजा में देखा था। मैं इस नए अभिनेता के अभिनय से दंग रह गया। फिर मैंने उन्हें फिल्म बॉम्बे में देखा। मेरे लिए, वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक शानदार अभिनेता का आगमन था। बहुत सालों बाद में हमने एक फिल्म की 'सात रंग के सपने'। इस फिल्म के दौरान मुझे जीवन भर के लिए सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय दोस्त मिला।

### कई सालों तक याद किया जाएगा मेजर श्रीनि का किरदार

निर्देशक अनुपम खेर ने आगे अरविंद स्वामी की भूमिका के बारे में बात करते हुए लिखा, जब मैं 'तन्वी द ग्रेट' के लिए मेजर श्रीनिवासन की भूमिका के लिए किसी अभिनेता को चुनना चाहता था, तो मेरे दिमाग में कोई और नहीं आया। फिल्म में उन्हें मेजर श्रीनि कहा गया है, जो ताकत, साहस और बहादुरी का पावरहाउस है। अरविंद के प्रदर्शन ने मुझे गौरवान्वित महसूस कराया। ठीक वैसे ही जैसे भारतीय सेना हम सभी को सुरक्षित, संरक्षित और प्रतिष्ठित महसूस कराती है। स्वामी आपकी दोस्ती, मुझ पर विश्वास और आपकी प्रतिभा के लिए धन्यवाद। आप न केवल एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन दोस्त भी हैं। मेजर श्रीनि का आपका किरदार आने वाले कई सालों तक याद रखा जाएगा। जय हिंद।

### बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ भी निभाएंगे अहम भूमिकाएं

अनुपम खेर द्वारा निर्देशित 'तन्वी द ग्रेट' में शुभांगी दत्त प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। जबकि फिल्म में बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और गेम ऑफ थ्रोन्स के एक्टर इयान ग्लेन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट का एलान अभी नहीं किया गया है।



## राजकुमार राव की पत्नी कहलाना पत्रलेखा को नहीं पसंद

**अपनी हालिया रिलीज 'फुले' को लेकर चर्चाओं में रहीं अभिनेत्री पत्रलेखा को अभिनेता राजकुमार राव की पत्नी के नाते ज्यादा पहचाना जाता है। जो कि पत्रलेखा को बिल्कुल भी पसंद नहीं है। खुद पत्रलेखा ने इस बात को स्वीकार किया कि उन्हें राजकुमार राव की पत्नी के नाम से पहचाना जाना बिल्कुल भी पसंद नहीं है।**

### मेरा एक नाम है अस्तित्व है

बातचीत में अभिनेत्री पत्रलेखा ने इस बारे में बात की। जिसमें उन्होंने शादी के बाद राजकुमार राव की पत्नी के तौर पर अधिक पहचान मिलने से नाराजगी जताई है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे इससे वाकई नफरत है और मैं खुद को बहुत छोटा महसूस करती हूं। क्योंकि मेरा एक नाम है। मेरा एक अस्तित्व है। मेरी एक पहचान है। लेकिन एक मशहूर पति की आड़ में ये सबकुछ छुप जाता है।

### मेरा संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ

अपने करियर को लेकर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मेरे करियर में संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। कई लोगों को लगता है कि मेरा सफर आसान रहा होगा क्योंकि मैं किसी जाने-माने अभिनेता को डेट कर रही थी या अब उससे शादी हो चुकी है। लेकिन ऐसा नहीं है। यदि आप खुद को एक व्यक्ति के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं तो यह कभी भी आसान नहीं होता। अपना खुद का करियर ग्राफ बनाना, यह बहुत कठिन है।

### मेकर्स राजकुमार राव को कास्ट करने के इरादे से मेरे पास स्क्रिप्ट लाते हैं

पत्रलेखा ने आगे बताया कि कैसे लोग उनके पास स्क्रिप्ट इसलिए लाते हैं क्योंकि वो राजकुमार राव को फिल्म में लाने में मदद करेंगी। अभिनेत्री ने कहा, लोग अक्सर मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट लेकर आते हैं, इसलिए नहीं कि वे वाकई मुझे प्रोजेक्ट में चाहते हैं। बल्कि इसलिए कि उन्हें उम्मीद है कि मैं राजकुमार राव के लिए एक पुल का काम करूंगी। मेकर्स अक्सर मेरी प्रतिभा में दिलचस्पी दिखाने के बजाय मेरे पति को कास्ट करने के छिपे हुए इरादे से मेरे पास आते हैं। इस तरह का व्यवहार बेहद अपमानजनक लगता है। यह मेरी गरिमा के खिलाफ है। मैंने हमेशा अपने करियर और राजकुमार के बीच एक लाइन बना रखी है।

### मीडिया और इंडस्ट्री से की अपील

पत्रलेखा ने मीडिया और इंडस्ट्री से भी एक अपील की कि उन्हें केवल एक लेबल तक सीमित न रखा जाए। वह कभी भी इस तरह से देखे जाने में सहज महसूस नहीं करेंगी और जब तक संभव हो, इसका विरोध करती रहेंगी।

### 'फुले' में नजर आई थीं पत्रलेखा

पत्रलेखा हाल ही में 'फुले' फिल्म में नजर आई थीं। यह फिल्म समाज सुधारक ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। इससे पहले वो अनुभव सिन्हा की वेब सीरीज 'आईसी 814 कंधार हाईजैक' में एयरहोस्टेस के किरदार में दिखाई दी थीं। पत्रलेखा ने अपने करियर में कई चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं।




## फर्जी 2 के लिए शाहिद कपूर ने ली 45 करोड़ रुपए फीस

हिद कपूर पिछली बार पूजा शा हेगड़े कर साथ फिल्म देवा में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। आने वाले समय में शाहिद एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास वेब सीरीज फर्जी का सीक्वल भी है। अब शाहिद की फीस का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... फर्जी 2 के लिए निर्माताओं की तरफ से शाहिद को 45 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। खास बात यह है कि यह राशि अब तक किसी भी प्रोजेक्टर के लिए मिली शाहिद के करियर की सबसे बड़ी रकम है। फर्जी 2 की कहानी लिखी जा चुकी है। इस साल के अंत तक शाहिद इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। यह सीरीज अगले साल के मध्य तक ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। राज और डीके ने फर्जी 2 के निर्देशन की कमान संभाली है। इसमें शाहिद का सामना विजय सेतुपति और केके मेनन से होगा। बता दें कि फर्जी का पहला भाग साल 2023 में रिलीज हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। ये एक ग्राफिक आर्टिस्ट सनी की कहानी है, जो अपने दादा की प्रिंटिंग प्रेस को बचाने के लिए नकली नोट छापने की दुनिया में कदम रखता है।

## सामंथा ने निर्देशक राज निदिमोरु संग किया रिश्ता कन्फर्म!

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका नाम निर्देशक राज निदिमोरू के साथ जोड़ा जा रहा है। इस बीच सामंथा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें राज निदिमोरु भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही यूजर्स का दावा है कि दोनों ने अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। दरअसल, यह तस्वीरें सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में राज मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं और एक डॉगी उनके साथ खेल रहा है। जबकि दूसरी तस्वीर में सामंथा और राज एक साथ सेल्फी के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, 'सफर लंबा था, लेकिन आखिरकार हम यहां तक पहुंच ही गए । एक नई शुरुआत।' सामंथा और राज निदिमोरु साथ में द फैमिली मैन और सिटाडेल- हनी बनी जैसे प्रोजेक्ट्स में काम कर चुके हैं। दोनों को पिकलबॉल टीम चेन्नई सुपर चैंप्स के साथ भी देखा गया था। इसके बाद से ही उनके रिश्ते को लेकर खबरें आने लगी थीं। हालांकि, अब तक दोनों ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्म शुभम का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं। यह बतौर प्रोड्यूसर उनकी पहली फिल्म होगी।



## ओप्पम के रीमेक के लिए सैफ सीखेंगे कलारीपयट्ट

सैफ अली खान मलयालम की सुपरहिट थ्रिलर फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक प्रियदर्शन करेंगे और इसकी शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होने की संभावना है। फिल्म में सैफ एक नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाएंगे और इस भूमिका को प्रामाणिकता देने के लिए वह पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट कलारीपयडू भी सीखेंगे।

सैफ की यह ट्रेनिंग इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के प्रति उनकी कमिटमेंट को दर्शाता है, जिसमें फिजिकल स्किल और इमोशनल इंटेंसिटी दोनों की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार सैफ, राहुल ढोलकिया की फिल्म पूरी करने के बाद दो महीने का ब्रेक लेंगे। इस इस दौरान वह नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाने की तैयारी के लिए वर्कशॉप में भाग लेंगे। इसके बाद, वह कलारीपयडू सीखने के लिए केरल जाएंगे, क्योंकि उनका किरदार एक कुशल मार्शल आर्टिस्ट का है। मूल फिल्म ओप्पम में मोहनलाल का किरदार अपनी तेज सूंघने, सुनने और छूने की क्षमता के जरिए रहस्य को सुलझाता है और सैफ भी हिंदी रीमेक में उसी परफेक्शन को लाने के लिए कमिटेड हैं। वह इसमें इंटेंस एक्शन सीक्वेंस करते दिखेंगे।

ओप्पम जयरामन नाम के शख्स की कहानी बताती है, जो नेत्रहीन है और एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की बेटी की रक्षा करता है, जिसकी हत्या उस व्यक्ति ने की है जिसे न्यायाधीश ने एक जुर्म के लिए सजा सुनाई थी। हिंदी रीमेक का निर्देशन करने के साथ ही प्रियदर्शन इसकी राइटिंग भी कर रहे हैं।





## वीरता की गाथा के साथ बड़ा मैसेज भी देगी केसरी वीर, इतिहास के सबसे अहम अध्याय को समर्पित

**जल्द ही प्रिंस धीमान निर्देशित फिल्म 'केसरी वीर' में सुनील शेट्टी एक योद्धा का किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म सोमनाथ मंदिर पर हुए हमले की एक ऐतिहासिक कहानी कहेगी। कैसे कुछ योद्धाओं ने सोमनाथ मंदिर की रक्षा की थी, यही फिल्म की कहानी है। यह पहली बार नहीं है कि सुनील शेट्टी किसी एक्शन फिल्म कर हिस्सा बन रहे हों, वह अपने करियर में कई एक्शन फिल्म कर चुके हैं।**

**आपका किरदार इतिहास से है। इसके लुक पर क्या सावधानियां रखीं?**

वेगड़ा जी शिव भक्त योद्धा हैं, जिनके रुद्राक्ष, माला, केश, दाढ़ी और खास वेशभूषा उनकी पहचान हैं। पूरी फिल्म में एक ही कपड़े पहने यह किरदार आम शिवभक्त या भील राजा जैसा दिखता है। पिता के रूप में नियंत्रित, पर मुगलों के खिलाफ आक्रामक योद्धा के रूप में नजर आता है।

**कहीं से कोई किरदार था, जिससे इत्पायर होकर इसे आपने निभाया?**

हमने महाभारत के शूरवीरों से प्रेरित होकर भी वेगड़ा जी का किरदार डिजाइन किया है। क्लाइमैक्स में वह कालजयी रूप लेता है। वरना पूरी फिल्म में नियंत्रित दिखने वाला यह किरदार, अंत में अपने गुस्से के विस्फोट से सुनील शेट्टी नहीं, सिर्फ वेगड़ा जी के रूप में ही पहचाना जाएगा।

**क्या यह भी जेहन में था कि इसका स्केल बहुत बड़ा रखा जाए?**

बजट की कमी के बावजूद, हमने प्रामाणिक कैमरा वर्क, कॉस्ट्यूम, बैकग्राउंड स्कोर और शूटिंग से स्केल बनाए रखा। फिल्मसिटी के जंगलों को वॉर जोन जैसा बनाकर, कंकड़-पत्थरों और पेड़ों के बीच असली एक्शन सीक्वेंस शूट किए गए हैं। इसका मकसद वेगड़ा जी और हमीरजी गोहिल के वास्तविक गोरिल्ला युद्ध शैली को दिखाना है, जैसे उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों का सामना किया था। हमने जंगलों को जस का तस रखा।

**शांत रोल्स के विपरीत, वेगड़ा के ललकार वाले सीन में आपने क्या सोचा था?**

करो या मरो वाली स्थिति में गुस्सा स्वाभाविक है, जैसा बॉर्डर में भी था। मौत के तांडव में इंसान का आक्रामक रूप दिखता ही है। वेगड़ा जी की जगह खुद को रखकर, दुश्मन को मारने के सिवा कोई और विकल्प नहीं सूझा। एक्शन के साथ आंखों में गुस्सा लाना जरूरी था। डबिंग में आंसू थे, क्योंकि पिता अपनी बेटी को कुछ न दे पाने की हालत में जान तक देने को तैयार था।

**क्या फिल्म में कोई मैसेज भी है?**

हमारी फिल्म का यही संदेश है कि हमें बंटना नहीं है, एकजुट रहना है क्योंकि उस दौर में वेगड़ा जी जैसे वफादार योद्धा तो थे लेकिन कई राजा दुश्मनों से मिल गए और उनके मुखबिर बन गए, जिसका नतीजा सबको पता है।

**नैरटिव की ऐतिहासिक सटीकता कितनी है?**

हमारे डायरेक्टर प्रिंस धीमान बहुत सच्चे रहे हैं, हर पहलू को लेकर। सोमनाथ मंदिर पर दर्जन भर से ज्यादा बार हमले हुए। उसमें से जो चौथी बार का हमला था, हमारी कहानी उस बारे में है। युद्ध के स्केल को बड़ा दिखाने के लिए जरूर क्रिएटिव कोशिशें हुई हैं, मगर जो वेगड़ा जी का अपनी बेटी के प्रति एक बेपनाह प्यार था, वह बिल्कुल सच्चा रखा गया है।